# हरिभूमि

जबलपुर


शनिवार,13 सितंबर 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





## राधाकृष्णन ने ली उपराष्ट्रपति पद की शपथ

# छात्र नेता से उपराष्ट्रपति तक का विलक्षण सफर रहा राधाकृष्णन का

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में दिलाई 15 वें उपराष्ट्रपति को शपथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में समारोह में 67 वर्षीय राधाकृष्णन को शपथ दिलाई। राजग उम्मीदवार राधाकृष्णन ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार पूर्व जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के अंतर से हराकर उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीत था। 21 जुलाई को जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद 9 सितंबर को नए उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव हुआ था।

**9 सितंबर को हुआ था। नए उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव**

सरकार के कई मंत्री और माननीय कार्यक्रम में रहे शामिल



**धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद हुए चुनाव**

संसद के हालिया मानसून सत्र के दौरान जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि उनका कार्यकाल दो साल बचा हुआ था। उनके इस्तीफे से मध्यावधि चुनाव हुआ।

#### महाराष्ट्र राज्यपाल पद से दिया इस्तीफा

इससे पहले उपराष्ट्रपति चुने जाने के बाद राधाकृष्णन ने महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया था। गुरुवार को राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई थी। राष्ट्रपति मुर्मू ने राधाकृष्णन के इस्तीफे के बाद गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। देवव्रत अब दोनों राज्यों के राज्यपाल की जिम्मेदारी संभालेंगे।

**ओबीसी समुदाय से ताल्लुकात**

ओबीसी समुदाय कोंगु वेल्लार (गाउंडर) से आने वाले राधाकृष्णन की शादी सुमति से हुई है और उनके एक बेटा व एक बेटी हैं। इसके पहले वे महाराष्ट्र के राज्यपाल थे।

#### स्वयंसेवक के रूप में किया पदार्पण

सार्वजनिक जीवन में उनका प्रवेश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में हुआ था। वे 1974 में भारतीय जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी समिति के सदस्य बने। 1996 में उन्हें तमिलनाडु में भाजपा का सचिव नियुक्त किया गया। कोयंबटूर से 1998 और 1999 में दो बार लोकसभा के लिए चुने गए। 2004, 2014 और 2019 में हार का सामना करना पड़ा था। सांसद रहते हुए वह संसदीय स्थायी समिति (कपड़ा मंत्रालय) के अध्यक्ष रहे। इसके अलावा, वह स्टॉक एक्सचेंज घोटाले की जांच के लिए बनी विशेष संसदीय समिति के सदस्य थे।

**संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया**

2004 में संसदीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में राधाकृष्णन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया था। वह ताइवान जाने वाले पहले संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भी थे। 2016 में उन्हें कोच्चि स्थित कॉयर बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया, जहां उन्होंने चार साल तक काम किया। उनके नेतृत्व में भारत से नारियल रेशे के निर्यात रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई थी।

#### असाधारण रही इस पद की तक यात्रा

राधाकृष्णन की उपराष्ट्रपति पद की तक यात्रा असाधारण रही है। इस सफर की शुरुआत छात्र आंदोलन से हुई और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ाव के बाद इसका विस्तार राष्ट्रीय फलक तक हुआ। भाजपा में संगठन में लंबे समय तक काम किया। 2004 से 2007 तक वे तमिलनाडु प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रहे। इस दौरान 2007 में उन्होंने 93 दिन में 19,000 किलोमीटर लंबी रथ यात्रा की। इसका मकसद देश की नदियों को जोड़ना, आतंकवाद का उन्मूलन, समान नागरिक संहिता लागू करना, अस्पृश्यता निवारण और मादक पदार्थों के खतरों से निपटना था। वे केरल भाजपा के प्रभारी भी रहे।

---

## खबर संक्षेप

### कई केंद्रों पर रद्द हुई एसएससी सीजेएल




**नई दिल्ली।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित एसएससी सीजेएल 2025 परीक्षा के पहले दिन कई राज्यों के परीक्षा केंद्रों पर तकनीकी और प्रशासनिक बाधाओं के कारण उम्मीदवारों को असुविधा हुई। दिल्ली, गुरुग्राम, कोलकाता, बोकारो और जम्मू में परीक्षा रद्द होने के पीछे कई कारण थे।

### आप विधायक लालपुरा को 4 साल की सजा



**तरनतारन।** विवाह समारोह में भाग लेने आई अनुसूचित जाति से संबंधित परिवार की लड़की हरबिंदर कौर उसमां के साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने का मामला 12 वर्ष से अदालत में सुनवाई के अधीन था।अब एडिशनल सेशन जज तरनतारन प्रेम कुमार की अदालत ने विधायक लालपुरा को 4 साल की सजा सुनाई है।

### एक्टर नारायण, परिवार के खिलाफ एफआईआर



**नई दिल्ली।** फिल्म निर्देशक और अभिनेता एस नारायण और उनके परिवार के खिलाफ उनकी बहू ने दहेज उत्पीड़न के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। ज्ञानभारती पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है। बहू ने कहा मुझसे फिर पैसे मांगे और मैंने 10 लाख का प्रोफेशनल लोन ले लिया। उन्होंने कुछ ही पैसे चुकाए और काम बंद कर दिया।

### नाबालिग और युवती से दुष्कर्म, 3 को भेजा जेल



**सिरसा।** जिला के एक गांव की नाबालिगा के पिता की शिकायत पर दुष्कर्म के आरोप में सदर थाना पुलिस ने गत 21 अगस्त को मामला दर्ज किया था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान खैरेकां गांव निवासी रमनदीप के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपित ने अपराध स्वीकार किया है।

---

## पीएम मोदी की मां पर बिहार कांग्रेस के एआई वीडियो पर भाजपा भड़की

# महिला और मातृशक्ति का अपमान अब कांग्रेस की पहचान बनी, गांधीवादी से गालीवादी बनी

### प्रधानमंत्री की दिवंगत मां पर टिप्पणी करना विपक्ष का गिरता स्तर बता रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां हीराबेन पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल में ही बिहार कांग्रेस द्वारा उनकी मांग पर जारी किए गए एक एआई वीडियो पर राजनीतिक बवाल मच गया है। भाजपा ने कांग्रेस पर पीएम मोदी की मां का अपमान करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह महिला और मातृशक्ति का अपमान, अब कांग्रेस की पहचान बन गई है। कांग्रेस अब गांधीवादी की जगह गालीवादी बन गई है। बिहार में विपक्ष के वोट अधिकार यात्रा के दौरान इंडिया गठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां को गाली देने के विवादों के बीच कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक एआई जेनरेटेड वीडियो पोस्ट किया है, जिस पर भाजपा आगबबूला हो उठी है। भाजपा ने प्रधानमंत्री और उनकी दिवंगत माँ को निशाना बनाने के कांग्रेस के नए प्रयास की न सिर्फ आलोचना की है बल्कि उस पर सारी हदें पार कर जाने के आरोप लगाए हैं। भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस राजनीतिक बहस का स्तर गिरा रही है।

बिहार में वोट यात्रा के दौरान भरे मंच से ऐसा अपमान किया गया



#### कैप्शन में लिखा- 'साहब के सपनों में आई मां...'

बिहार कांग्रेस ने 10 सितंबर को एक एआई वीडियो जारी किया है, जिसमें पीएम मोदी की दिवंगत मां हीराबेन का किरदार दिखाया गया है। इसमें पीएम मोदी की मां उनसे बात करती दिखाई दे रही हैं। इस एआई वीडियो में नोटबंदी, बिहार में राजनीति समेत कई मुद्दों पर बात की गई है। जिस पर भाजपा ने आपत्ति दर्ज की है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए इस वीडियो के कैप्शन में लिखा गया, 'साहब के सपनों में आई मां...'।

**पूनावाला बोले- सारी हदें पार की**

#### कांग्रेस झूठ बोलकर कर रही बचाव



बिहार कांग्रेस द्वारा पीएम मोदी और उनकी मां पर जारी किए गए एआई वीडियो पर भाजपा नेता शहनाज पूनावाला ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पीएम की मां को गाली देने का कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने न सिर्फ झूठ बोलकर आरोपी का बचाव किया, बल्कि तारिक अनवर का भी बचाव किया है। अब बिहार कांग्रेस ने एक घिनौने वीडियो के साथ सारी हदें पार कर दीं है। यह पार्टी गांधीवादी की बजाए गालीवादी हो गई है। पूनावाला ने कहा कि महिला और मातृ शक्ति का अपमान करना कांग्रेस की पहचान बन गई है।

#### पछतावे के बजाए बयान को सही ठहराने में जुटी कांग्रेस

इस वीडियो पर भाजपा भड़क गई है और इसे किसी ऐसे व्यक्ति को निशाना बनाने की घृणित और कुत्सित कोशिश करार दिया है जो अब जीवित नहीं है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस पछतावे की बजाय प्रधानमंत्री की मां के खिलाफ अपनी पिछली कथित टिप्पणियों को सही ठहराने की कोशिश कर रही है। पूनावाला ने कहा कि प्रधानमंत्री की मां को गाली देने के लिए पश्चाताप से कोसों दूर, कांग्रेस ने न केवल उसे सही ठहराया, बल्कि झूठ के साथ आरोपी का बचाव भी किया। कांग्रेस ने एक घृणित वीडियो के साथ सारी हदें पार कर दीं हैं। मातृ शक्ति का अपमान कांग्रेस की पहचान बन गई है।

#### हार के डर से मानसिक संतुलन खोयाः राजीव रंजन

इस तरह के वीडियो पर जेडीयू नेता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि जब हार पक्की हो तो राजनीतिक दलों के लिए अपना मानसिक संतुलन बरकरार रखना मुश्किल हो जाता है। इस बार का ट्वीट इनकी हताशा और बौखलाहट को जाहिर करता है। प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत माताजी को पहले इनके मंच से गालियां दी गई और फिर इनकी इस वीडियो के माध्यम से उनका घोर अपमान किया गया है। कांग्रेस के लिए आने वाला समय बहुत मुश्किल होने वाला है।



#### पीएम मोदी ने बताया था महिलाओं का अपमान, पीड़ादायी

दरभंगा के मंच से एक शख्स ने पीएम मोदी की मां के खिलाफ अपमानजनक शब्द कहे थे, तब से यह एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। पीएम मोदी भी जापान-चीन की यात्रा से लौटने के बाद अपनी मां को गाली देने के मुद्दे को महिलाओं का मुद्दा बनाते हुए कहा था कि मां हमारा संसार होती हैं। मां आत्म सम्मान होती हैं। उन्होंने कहा था कि मेरी मां ने मेरी परवरिश बहुत कठिनाई से की। आज अपनी बात कहते हुए यहां बैठी माताओं की आंखों में आंसू देख कर मुझे बहुत पीड़ा हो रही है।

---

## सुप्रीम कोर्ट ने ईसीआई से मांगा जवाब

# पार्टियों के रजिस्ट्रेशन नियम बना काले धन पर रोक लगाएं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका पर नोटिस जारी किया है, जिसमें चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों के पंजीकरण और विनियमन के लिए नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है, ताकि राजनीति में भ्रष्टाचार और काले धन के इस्तेमाल पर रोक लगाई जा सके। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय को सुनने के बाद आदेश दिया कि चुनाव आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त सभी राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को भी पक्षकार बनाया जाए। याचिका में केंद्र सरकार से भी आग्रह किया गया है कि वह न्यायमूर्ति एमएन वेंकटचलैया समिति द्वारा तैयार किए गए बिल की समीक्षा करे और राजनीति में भ्रष्टाचार, जातिवाद, साम्प्रदायिकता, अपराधीकरण, भाषावाद और क्षेत्रवाद को कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाए। विधि आयोग विकसित देशों की सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन कर राजनीतिक दलों के पंजीकरण और विनियमन पर एक रिपोर्ट तैयार करे।

#### 90 फीसदी दल ले रहे सियासी चंदा

याचिकाकर्ता का दावा है कि 90 फीसदी राजनीतिक दल इसी उद्देश्य से बनाए जाते हैं और वे नकद चंदा लेते हैं, जिसे कमीशन काटकर सफेद धन के रूप में वापस कर देते हैं। इससे जनता को भारी नुकसान होता है। ऐसे दल कभी चुनाव नहीं लड़ते, बल्कि अपराधियों को पदाधिकारी बना देते हैं और कुछ को पुलिस सुरक्षा भी मिल जाती है।याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि लगभग हर संगठन या गतिविधि किसी न किसी कानून से नियंत्रित है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई नियंत्रण नहीं है। जबकि दलों के पास संवैधानिक और वैधानिक दर्जा है।

#### चुनावी फंडिंग पर पारदर्शिता हो

याचिका में मुख्य रूप से दो मुद्दों पर जोर दिया गया है। पहला,आंतरिक लोकतंत्र और दूसरा, राजनीतिक दलों और चुनावों में फंडिंग की पारदर्शिता व जवाबदेही। आयकर विभाग द्वारा कुछ राजनीतिक दलोंइंडियन सोशल पार्टी, युवा भारत आत्मनिर्भर दल और नेशनल सर्व समाज पार्टी के कार्यालयों पर छापे के बाद यह मामला उठा, जहां हवाला लेन-देन के जरिए काले धन को कमीशन लेकर सफेद धन में बदलने का खुलासा हुआ। याचिकाकर्ता ने यह भी रेखांकित किया कि राजनीतिक दलों को परोक्ष रूप से केंद्र और राज्य सरकारों से सहायता मिलती है।

---

## उत्तराखंड में पर्यटन के लिए पहल

# केंद्र-एडीबी ने 126 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर किए साइन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सतत पर्यटन और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक ने 10 सितंबर को 126.42 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण समझौता किया। यह निधि उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले में 'सस्टेनेबल, इन्क्लूसिव एंड क्लाइमेट-रेज़िलिएंट टूरिज्म डेवलपमेंट एट टिहरी लेक एरिया प्रोजेक्ट' को सहयोग प्रदान करेगी। सरकार के आर्थिक मामलों के विभाग में संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी ने साइन किए।



#### टिहरी गढ़वाल पर फोकस

टिहरी गढ़वाल जिले का टिहरी झील क्षेत्र, जहा आर्थिक अविकास और जलवायु जोखिम अधिक है को प्राथमिकता वाले विकास क्षेत्र के रूप में चुना गया है। इसका उद्देश्य टिहरी को एक सालभर पर्यटन योग्य स्थल बनाना है, आर्थिक समावेशन, पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु अनुकूलता सुनिश्चित करना है।

---

## कोठारी ने पूरी की नॉर्थ पोल मैराथन

# वे पहले भारतीय बने, दिल्ली की सीएम रेखा ने किया सम्मानित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोलकाता में जन्मे उद्यमी और अन्वेषक राम गोपाल कोठारी को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित किया। कोठारी ने हाल ही में भौगोलिक नॉर्थ पोल (90 डिग्री नार्थ) पर फुल मैराथन पूरा कर इतिहास रचा है। वे ऐसा करने वाले पहले भारतीय हैं। यह उनका पहला फुल मैराथन भी था। कोठारी ने कहा कि मैं सिर्फ बर्फ़ पर नहीं दौड़ रहा था, मैं विश्वास और वादे पर दौड़ रहा था और पूरा भी किया।



#### 13 जुलाई को नॉर्थ पोल मैराथन जीती

यह दौड़ बहते बर्फीले समुद्र (आर्कटिक ओशन) की परतों पर आयोजित होती है। तापमान माइनस 8 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, तेज हवाएं चलीं। जूते बर्फीले पानी से भर गए। 9 बार मांसपेशियों में खिंचाव आया, पैर की अंगुली चोटिल हुई। 13 जुलाई को दौड़ पूरी की।

---

## उत्तर प्रदेश के खुर्जा में बना 'अनोखी दुनिया पार्क'

# 80 टन सिरेमिक कचरे से किया गया तैयार वर्षों पुरानी सिरामिक विरासत को पहचान मिली

एजेंसी ▶▶ खुर्जा

स्वच्छता, कला और पर्यटन जब ये तीनों एक साथ जुड़ जाएं तो नतीजा बेहद खास होता है। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर ज़िले के खुर्जा में ऐसा ही एक अनोखा प्रयोग हुआ है। यहां दुनिया का पहला सिरेमिक वेस्ट से बना पार्क तैयार किया गया है, जिसका नाम है, अनोखी दुनिया। ये पार्क न सिर्फ मनोरंजन का केंद्र होगा, बल्कि खुर्जा की सदियों पुरानी सिरामिक विरासत को भी नई पहचान देगा। योगी सरकार द्वारा लगातार प्रदेश के ट्रेडिशनल उद्योगों को दुनियाभर में पहचान दिलाने के साथ आधुनिकता से जोड़ा जाने का लगातार काम किया जा रहा है।

**स्वच्छता, कला और पर्यटन का संगम**



#### 100 छोटी बड़ी अनोखी कलाकृतियां बनाई गईं

बुलंदशहर खुर्जा विकास प्राधिकरण की पहल से बना ये 'अनोखी दुनिया' पार्क खुर्जा के सिरेमिक उत्पाद को दुनिया भर में एक अलग पहचान देगा। इस पार्क में सिरेमिक वेस्ट से 6 कलाकारों और 120 कारीगरों की टीम ने करीबन 100 छोटी बड़ी अनोखी कलाकृतियां तैयार की हैं। टूटी हुई सुराहियों, कप, केतली और दूसरे बर्तनों के टुकड़ों से बनाई गईं 28 बड़ी कलाकृतियां, पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने का काम कर रही हैं। करीबन 2 एकड़ में फैला हुआ है।

---

## कर्नाटक में 22 सितंबर से नई जाति गणना का ऐलान

# सरकार ने पुराना सर्वे अस्वीकार किया, अब सामाजिक-आर्थिक व शैक्षिक सर्वेक्षण होगा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने घोषणा की कि कर्नाटक 22 सितंबर से 7 अक्टूबर के बीच एक नया सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सर्वेक्षण कराएगा। 2015 में हुई जाति जनगणना को सरकार ने स्वीकार नहीं किया है। पिछली जनगणना के एक दशक बीत जाने के बाद समाज की वर्तमान वास्तविकताओं को समझने के लिए एक नया सर्वेक्षण आवश्यक हो गया है। मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में कई धर्म और जातियां हैं। विविधता और असमानता भी है। संविधान कहता है कि सभी समान होने चाहिए और सामाजिक न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए। यह सर्वेक्षण असमानताओं को दूर करने और लोकतंत्र की मजबूत नींव रखने की दिशा में अहम कदम है।

**22 सितंबर से 7 अक्टूबर तक किया जाएगा**



#### सात करोड़ परिवारों की आबादी को शामिल करेंगे

कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की ओर से किए जाने वाले इस सर्वेक्षण में राज्य के लगभग सात करोड़ परिवारों की पूरी आबादी को शामिल किए जाने की उम्मीद है। प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट घरेलू पहचान पत्र (यूआईडी) स्टिकर दिया जाएगा, जिसमें अब तक 1.55 करोड़ स्टिकर लगाए जा चुके हैं। परिवारों की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक स्थिति का विवरण एकत्र करने के लिए 60 प्रश्नों वाली एक प्रश्नावली आयोजित की जाएगी।

---

## पीएम मोदी की मणिपुर यात्रा पर राहुल का तंज

# लंबे समये से हो रही हिंसा और वे अब जा रहे

एजेंसी ▶▶ जूनागढ़

पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर के दौरे पर जा रहे हैं। राज्य के मुख्य सचिव ने इस बात की पुष्टि कर दी है। ऐसे में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी की मणिपुर यात्रा पर तंज कसा है। उन्होंने पीएम मोदी के मणिपुर दौरे का स्वागत करते हुए कहा कि मणिपुर की समस्या काफी समय से चल रही है। अच्छी बात है कि वे अब वहां जा रहे हैं। गुजरात के जूनागढ़ में एक कार्यक्रम के दौरान राहुल ने पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मणिपुर में लंबे समय से हिंसा चल रही है। इसमें कोई बड़ी बात नहीं कि पीएम मोदी अब वहां जा रहे है। राहुलने 'वोट चोरी' के आरोपों को दोहराते हुए कहा कि अभी देश में सबसे बड़ी समस्या वोट चोरी की है।

पीएम शनिवार को मणिपुर के दौरे पर जा रहे हैं। राज्य के मुख्य सचिव ने पुष्टि कर दी है। ऐसे में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी की मणिपुर यात्रा पर तंज कसा है।

**गुजरात के जूनागढ़ में एक कार्यक्रम में यह बात कही**

#### फिर दोहराया वोट चोरी का आरोप

पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता ने एक बार फिर अपने 'वोट चोरी' वाले आरोप को दोहराया। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी समस्या वोट चोरी की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र में लोगों का जनादेश चुरा लिया गया। हर जगह लोग कह रहे हैं 'वोट चोर'।



#### औपचारिक यात्रा बताया

कांग्रेस नेता ने कहा कि ये मणिपुर के लोगों का अपमान है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी 29 महीनों से मणिपुर नहीं आए हैं और अब जब आ रहे हैं, तो वह दौरा सिर्फ औपचारिकता लग रहा है। उन्होंने इसे नॉन-विजिट यानी औपचारिक और खोखली यात्रा बताया।

#### जयराम रमेश बोले मणिपुर में सिर्फ 3 घंटे बिताएंगे मोदी

प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को मणिपुर और मिजोरम के दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वे मिजोरम में बैराबी-सैरांग रेलवे प्रोजेक्ट का उद्घाटन भी करेंगे। इससे पहले बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पीएम मोदी की मणिपुर यात्रा को लेकर नाराजगी जताई थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री मणिपुर में सिर्फ तीन घंटे बिताएंगे। इतने लंबे समय से लोग उनका इंतजार कर रहे थे और अब सिर्फ तीन घंटे की यात्रा कर रहे हैं।

# हरिभूमि

जबलपुर

शनिवार,13 सितंबर 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




**बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों और लोडिंग ऑटो के बेतरतीब प्रवेश से हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है**

# पुराना भोपाल-तहजीब और विरासत का स्थल आज बदहाल.. चौतरफा अव्यवस्थाओं का अंबार

*बाजारों में अतिक्रमण, सड़कों पर गड्ढे, खुले सीवेज के ढक्कन, गंदगी और बिजली के खतरनाक तारों का जाल और पुलिस बल की कमी के कारण आम जनता व व्यापारी परेशान*

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल की पहचान उसकी तहजीब, गंगा-जमुनी संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों से रही है, लेकिन अफसोस की बात है कि भोपाल का सबसे प्राचीन और ऐतिहासिक स्थल पुराना भोपाल आज बदहाली और अव्यवस्था का शिकार है। यहां की गलियों और बाजारों में अतिक्रमण, सड़कों पर गड्ढे, खुले सीवेज के ढक्कन, गंदगी, आवारा पशुओं की भरमार, बिजली के खतरनाक तारों का जाल और पुलिस बल की कमी के कारण आम जनता ओर व्यापारी हर दिन परेशानियों से जूझ रहे हैं।

इमरजेंसी के समय फायर ब्रिगेड या एंबुलेंस घटना स्थल तक पहुंचने मुश्किल होती है। कई इमारतें जर्जर अवस्था में खड़ी हैं, जो किसी भी समय बड़ी अनहोनी को न्यौता दे सकती हैं। यह कहना है पुराने भोपाल के रहवासियों, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों और भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का। क्षेत्रीय रहवासियों और व्यापरिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहाकि बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों और लोडिंग ऑटो के बेतरतीब प्रवेश से हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे पैदल निकलना तक मुश्किल हो गया है। साथ ही, महिलाओं को असामाजिक तत्वों द्वारा छेड़छाड़ और अभद्र टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे मामलों पर कड़ी कार्यवाही और सख्त सजा का प्रावधान आवश्यक है।





### बदहाली और अव्यवस्थाओं के चलते लोग यहां से पलायन को मजबूर

क्षेत्रीय लोग और व्यापारी नवनीत अग्रवाल ने कहाकि पुराने शहर की आज स्थिति यह है कि यहां व्याप्त बदहाली और अव्यवस्थाओं की बदौलत लोग यहां से पलायन तक करने पर मजबूर हो रहे हैं। व्यापारियों और क्षेत्रीय प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, महापौर, कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर और नगर निगम के अधिकारियों के मांग की है कि यहां की विरासत स्थल को बचाने और यहां व्याप्त समस्याओं को प्रमुखता से दृष्टिगत रखते हुए सकारात्मक पहल के लिए ठोस कदम उठाएं जाएं।

### यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कोई ठोस योजना नहीं

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कहाकि पुराने शहर और यहां के बाजारों में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए ठोस योजना नहीं बनाई गई, जो आज के समय के सबसे बड़ी मांग और आवश्यकता है। मोती मस्जिद से भोपाल टॉकीज, हमीदिया रोड, सैफिया कॉलेज रोड, कल्पना टॉकीज, रेलवे स्टेशन, भारत टॉकीज, सेंट्रल लाइब्रेरी, काली मंदिर से बुधवार और मोती मस्जिद तक के क्षेत्र में अंडरग्राउंड पथवे, ओवरब्रिज तथा कॉरिडोर बनाकर सुव्यवस्थित यातायात की व्यवस्था की जा सकती है। इससे न केवल भीड़ नियंत्रित होगी, बल्कि व्यापार और पर्यटन दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

### चांदनी चौक की तरह चौक को दिया जा सकता है हेरिटेज रूप

*चौक बाजार के कपड़ा सुमित गर्ग ने कहाकि भोपाल की ऐतिहासिक चौक एरिया को दिल्ली के चांदनी चौक की तरह हेरिटेज रूप दिया जा सकता है, लेकिन इसके लिए शासन और प्रशासन की गंभीरता आवश्यक है। जनता चाहती है कि यहां नर्मदा जल सप्लाई, अंडरग्राउंड बिजली तार, यातायात सुधार, क्रेन की तैनाती, सफाई व्यवस्था और सांस्कृतिक धरोहरों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।*

### उचित देखभाल के अभाव में खोती जा रही चमक

*यूनानी आयुर्वेद सफाखाना, जहांगीर स्कूल, मोती मस्जिद, सदर मंजिल, सारंग के सामने एवं सोमवारा रोड से मोती मस्जिद के बीच की सरकारी जगह, इतवारा, मछली मार्केट, आजाद मार्केट-ये सब इलाके अपनी ऐतिहासिक पहचान रखते हैं, परंतु उचित देखभाल के अभाव में इनकी चमक खोती जा रही है।*



# अटल कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**अशोकनगर।** श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित अटल कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम के अंतर्गत अशोकनगर में जनसंघ काल से लेकर भाजपा तक संगठन व समाज के लिए निरंतर सक्रिय रहकर योगदान देने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गुना जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष जैन एडवोकेट का प्रभारी धीरज पटैरिया ने उनके निवास पर जाकर सम्मान कियाा। इस अवसर पर श्री जैन को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।सम्मान समारोह में पूर्व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा नीरज सोनी, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा दुर्गेश कटारे, पं. घनश्याम शर्मा, गणेश कुशवाह, भूपेंद्र सिंह राजावत, अजय तोमर, संजीव मिश्रा, गोपाल राजावत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारतीय लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों के नए बिजनेस में 6.01 फीसदी की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल ने अगस्त 2025 के लिए इंडस्ट्री के ताजा बिजनेस आंकड़े जारी किए हैं। आंकड़ों के अनुसार, भारतीय लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा अंडरराइट किए गए नए बिज़नेस प्रीमियम में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 6.01 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है।

नए बिजनेस प्रीमियम वित्त वर्ष की अब तक की अवधि में आधार पर 1,54,193.76 करोड़ रूपए से बढ़कर 1,63,461.52 करोड़ रूपए तक पहुंच गया। काउंसिल के अनुसार, व्यक्तिगत सिंगल प्रीमियम में साल की शुरुआत से अब तक 9.71फीसदी वृद्धि और व्यक्तिगत नॉन-सिंगल प्रीमियम में 4.51फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। इस मज़बूत प्रदर्शन का मुख्य कारण यह है कि बीमा कंपनियां नए जीवन बीमा खरीदारों को आवश्यक पॉलिसी लेने के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रही हैं। इसके चलते इस वर्ष व्यक्तिगत प्रीमियम में 6.20फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

### 4,37,125 से अधिक नए व्यक्तिगत एजेंट जोड़े

*भारत में जीवन बीमा उद्योग ने बीमा सेवाओं की पहुंच बढ़ाकर उन क्षेत्रों और जनसमूहों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो पहले बीमा से वंचित थे। इस प्रयास के तहत बीमा कंपनियों ने 4,37,125 से अधिक नए व्यक्तिगत एजेंट जोड़े हैं।*

### एजेंटों की यह निरंतर बढ़ोतरी

*हालांकि, रिटायरमेंट और छंटनी के कारण कुल एजेंट संख्या में केवल 2.75 फीसदी की शुद्ध वृद्धि दर्ज हुई। एजेंटों की यह निरंतर बढ़ोतरी और कंपनियों द्वारा तेजी से डिजिटल तकनीक अपनाना दोनों मिलकर बीमा पहुंच और नए बिज़नेस प्रीमियम में और सुधार का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। यह प्रवृति वित्त वर्ष 2025 और उसके बाद उद्योग को महत्वपूर्ण बढ़ावा देने की उम्मीद जगाती है।*

## एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स ने टॉप2 प्राइवेट से किया करार

नई दिल्ली। एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने सिंगापुर आधारित टॉप2 प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग का उद्देश्य ताइवान से एक सेमीकंडक्टर पार्टनर की पहचान और अंतिम चयन करना है। इस समझौते के तहत "एमआईसी" कंपनी "टॉप2" के साथ मिलकर ताइवान में सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन पार्टनर खोजने और सुनिश्चित करने की दिशा में काम करेगी। इसका लक्ष्य मासिक 25,000 से 30,000 वेफर्स के उत्पादन की शुरुआत करना है, जो व्यवहार्यता, वार्ता और नियामकीय मंजूरी पर आधारित होगा। कंपनी के निदेशक मंडल ने सिंगापुर स्थित उच्च-विकास और नवाचार-आधारित कंपनी नियो सेमी एसजी प्राइवेट लिमिटेड (एनएसपीएल) में इक्विटी हिस्सेदारी अधिग्रहण की खोज हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की थी। यह रणनीतिक कदम कंपनी के लिए नेक्स्ट-जेनरेशन तकनीकों और संबंधित क्षेत्रों में प्रवेश को दर्शाता है।

**3 , 13 और 23 तारीख में अनिवार्य रूप से नियमित भुगतान**

# भोपाल के बाद इंदौर और बुंदेलखंड दुग्ध संघ ने की दूध क्रय दर में वृद्धि

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य हुए सहकारिता अनुबंध होने के बाद एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) भोपाल से संबद्ध भोपाल दुग्ध संघ के बाद अब इंदौर सहकारी दुग्ध संघ और बुंदेलखण्ड दुग्ध संघ ने भी दुग्ध समितियों के दुग्ध उत्पादकों से क्रय किए जाने वाले दूध क्रय दर में तीसरी बार सर्वाधिक वृद्धि की गई है। दुग्ध उत्पादकों से अब 840 प्रति रुपए किग्रा फैट से दूध क्रय करने का निर्णय लिया गया है, जो प्रभावशील हो गया है। इंदौर दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बलबीर शर्मा ने बताया कि इस कदम से 14000 पशुपालकों को दुग्ध संघ से जोड़ा जा रहा है, जो इस दूध क्रय दर वृद्धि का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त करेंगे। जबकि बुंदेलखण्ड दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय कुमार यादव ने कहा कि इस कदम से 5000 पशुपालकों को दुग्ध संघ से जोड़ा जा रहा है, जो इस दूध क्रय दर वृद्धि का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त करेंगे।



### दुग्ध उत्पादक पशुपालकों को आर्थिक लाभ

गौरतबल है कि संघ द्वारा दूध क्रय दर में वृद्धि करने एवं निर्धारित तिथियों में भुगतान होने पर दुग्ध उत्पादकों में जहां खुशी का माहौल है और दुग्ध उत्पादक पशुपालकों को आर्थिक लाभ होने के पशुपालन व्यवसाय में लोगों को रूचि दिन प्रति दिन बढ़ने लगी है। ज्ञात हो कि दुग्ध संघ द्वारा दुग्ध उत्पादकों को नियत तिथियों 03 तारीख, 13 तारीख और 23 तारीख में अनिवार्य रूप से नियमित भुगतान किया जा रहा है। एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. संजय गोवाणी ने कहा कि राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य हुए सहकारिता अनुबंध के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार इंदौर दुग्ध संघ के कार्यक्षेत्र में 550 नवीन दुग्ध समितियों का गठन किया जा रहा हैतो बुंदेलखण्ड दुग्ध संघ के कार्यक्षेत्र में इस वर्ष 130 नवीन दुग्ध समितियों का अब तक गठन किया जा चुका है।

## आईआईएफएल फाइनेंस बना लाखों भारतीयों का भरोसेमंद ग्रोथ पार्टनर

**नई दिल्ली।** आईआईएफएल फाइनेंस लाखों भारतीयों का भरोसेमंद ग्रोथ पार्टनर है। नए भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली एमएसएमई की महत्वाकांक्षाओं और लोगों के सपनों को पूरा करने के उद्देश्य से आईआईएफएल फाईनेंस उन्हें सुलभ वित्तीय समाधान प्रदान करके विकास की यात्रा में तेजी लाने के लिए प्रतिबद्ध है। मनीष मयंक, बिज़नेस हेड आईआईएफएल फाईनेंस गोल्ड लोन ने कहा कि आईआईएफएल फाईनेंस का मार्गदर्शक सिद्धांत सीधी बात है। यह अपने हर लेन-देन में पूरी पारदर्शिता रखता है। इसकी पूरी प्रक्रिया को ग्राहकों की सुविधा के अनुरूप बनाया गया है आईआईएफएल फाईनेंस गोल्ड लोन एक सरल व पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा तुरंत वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ग्राहकों को कम से कम दस्तावेजों द्वारा उसी दिन फंड प्राप्त हो जाता है। यह लोन बहुत आकर्षक और किफायती मूल्य पर दिया जाता है। लोन की वापसी भी लोगों की व्यक्तिगत वित्तीय जरूरतों के अनुरूप बहुत सुविधाजनक तरीके से की जा सकती है।

## मर्क्यूरी को मिली मुशक ईवी के निर्माण की मंजूरी

**नई दिल्ली।** मर्क्यूरी ईवी टेक लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसे मुशक ईवी (बैटरी संचालित 4-व्हीलर गुड्स कैरियर एवं एन1) के निर्माण हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है। मुशक ईवी की विशेषता इसका अनब्रेकेबल बॉडी है, जो मजबूती और सुरक्षा सुनिश्चित करता है। यह पूर्णतः 'मेक इन इंडिया' उत्पाद है और पूरी तरह भारत में निर्मित है, जिससे देश के स्थानीय उद्योगों को समर्थन मिलेगा। साथ ही, यह आगामी सरकारी सब्सिडी के लिए भी पात्र है। यह स्वीकृति कंपनी के लिए एक बड़ा कदम है, जो राजस्व और विस्तार के नए अवसर खोलेगा। कंपनी ने हाल ही में भावनगर में अपना नया इलेक्ट्रिक वाहन शोरूम भी शुरू किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक जितू भाई वघानी, भावनगर पूर्व की विधायक सेजल बेन पंड्या और नगर के महापौर भरत भाई बारड उपस्थित रहे।

## एसरी और ध्रुवास्पेस ने किया गठबंधन

**हैदराबाद।** एसरी इंडिया ने एडवांस जीआईएस इंटीग्रेशन के जरिए भारत में सैटेलाइट इमेजरी की उपलब्धता एवं पहुंच बढ़ाने के लिए हैदराबाद स्थित ध्रुवास्पेस के साथ सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। ध्रुवास्पेस एक फुल-स्टैक स्पेस टेक कंपनी है। ध्रुवास्पेस ऑप्टिकल, एसएआर, आरएफ व हाइपरस्पेक्ट्रल सेंसर्स में फैले हुए 200 से अधिक सैटेलाइट्स के एक तारामंडल नेटवर्क से डेटा एकत्रित कर टेक्नोलॉजी का उपयोग करेगी।

**रिजर्व बैंक नए नियमों में बदलाव पर विचार कर रहा**

# डिफॉल्ट किया बैंक लोन तो लॉक हो जाएगा मोबाइल फोन!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बैंक लोन डिफॉल्ट करने वालों की मुसीबत और बढ़ने वाली है। रिजर्व बैंक इसके लिए नियमों में बदलाव करने पर विचार कर रहा है।

- **यह नियम स्मॉल टिकट वाले लोन पर लागू किया जाएगा**

आरबीआई का प्लान है कि जिन ग्राहकों ने बैंक लोन डिफॉल्ट किया है, तो संबंधित बैंक उस ग्राहक के मोबाइल नंबर को भी लॉक कर सकेंगे। यह नियम स्मॉल टिकट वाले लोन पर लागू किया जाएगा। इसका मकसद बैड लोन को कम करने के साथ ही रिकवरी को बढ़ाना है। हालांकि, इस नए नियम को लागू किए जाने से पहले ही उपभोक्ताओं के अधिकार, डाटा सुरक्षा और डिजिटल एक्सेस को लेकर बहस भी तेज हो गई है।

### क्यों करेंगे फोन लॉक

भारत में मोबाइल सहित करीब 33 फीसदी इलेक्ट्रॉनिक सामान फाइनेंस के जरिए खरीदे गए हैं। 1.16 अरब मोबाइल कनेक्शन के साथ ही इस सेग्मेंट में लोन डिफॉल्ट की चिंता भी बढ़ती जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 1 लाख रुपए से कम कीमत वाले लोन पर डिफॉल्ट सबसे ज्यादा बढ़ रहा है। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों जैसे बजाज फाइनेंस, डीएफआई फाइनेंस और चोलामंडलम फाइनेंस का कंज्यूमर ड्यूरेबल लोन में 85 फीसदी हिस्सा है। आरबीआई के इस फैसले से इन सभी को फायदा होगा।




**क्या है आरबीआई के प्रस्ताव में :** बैंक और अन्य कर्जदाताओं को लोन डिफॉल्ट होने पर ग्राहक का मोबाइल नंबर लॉक करने का अधिकार मिलेगा। इस लॉक हुए फोन को दोबारा एक्टिवेट कराने के लिए पहले बैंक से अनुमति लेनी होगी। लॉक हुए डिवाइस के डाटा का इस्तेमाल बैंक या अन्य कर्जधारक नहीं कर सकेंगे। इससे पहले आरबीआई ने साल 2024 में बैंकों को फोन लॉक करने की इस सुविधा को रोकने का आदेश दिया था। हालांकि, बाद में बड़ी फाइनेंस कंपनियों और बैंकों से बात करने के बाद दोबारा इसे शुरू करने की बात कही है।

### फेयर प्रैक्टिस कोड अपडेट करेगा आरबीआई

आरबीआई ने अपने प्रस्तावित गाइडलाइन में कहा है कि अगले कुछ महीने में फेयर प्रैक्टिस कोड को अपडेट करने वाला है। इसके तहत रिजर्व बैंक ने लोन डिफॉल्टर को लेकर नया कानून बनाने की बात कही है। आरबीआई का मानना है कि लोन डिफॉल्टर के मोबाइल नंबर को लॉक किए जाने से उन पर लोन को चुकाने का दबाव बढ़ेगा और बैड लोन की बढ़ती संख्या पर रोक लगाई जा सकेगी।

## आरसीएम की देशव्यापी रूपांतरण यात्रा शुरू

**भोपाल।** डायरेक्ट सेलिंग कंपनी आरसीएम ने अपनी 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर 100 दिवसीय राष्ट्रव्यापी "रूपांतरण यात्रा" की शुभारंभ करने जा रही है। यह 17,000 किलोमीटर लंबी यात्रा देशभर के गाँवों और शहरों से होकर गुजरेगी और 25 भव्य आयोजनों के माध्यम से स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार का संदेश फैलाएगी। आज आसीएम 400 से अधिक उत्पादों के साथ 2,400 करोड़ रुपए के उद्यम में विकसित हो चुकी है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9229187457 (रायपुर /19/सितंबर/25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** – पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** – मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

## शब्द पहेली - 5987



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

**शब्द पहेली- 5986 का हल**



## सूडोकू नवताल- 5997

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल- 5996 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

जबलपुर
शनिवार, 13 सितंबर 2025
आश्विन मास कृष्ण पक्ष - 6
वर्ष : 20, अंक : 137
पृष्ठ : 2+2+4+6=14, मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 29
न्यून. 22

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



8 अस्थिरता के दौर से गुजरता नेपाल


मैट्रो
4 जॉली एलएलबी 3 : अभिनेता अक्षय ..


## पहली पंक्ति में ही बैठे धनखड़ बेहद सहज और अपनी स्वाभाविक मुस्कान के साथ दिखे

# ‘इस्तीफे के 53 दिन बाद’ धनखड़ दिखे सार्वजनिक स्थान पर, उपराष्ट्रपति की शपथ में सबसे खुलकर मिले



शपथ से पहले सीएम डॉ. मोहन यादव ने दी बधाई

### धनखड़ के समारोह में पहुंचने पर गृहमंत्री अमित शाह से उनकी भेंट हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपने पद से इस्तीफा (21 जुलाई) देने के 53 दिन बाद शुक्रवार को पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में दिखाई दिए। पहली पंक्ति में ही बैठे धनखड़ बेहद सहज और अपनी स्वाभाविक मुस्कान के साथ दिखे। धनखड़ के समारोह में पहुंचने पर गृहमंत्री अमित शाह से उनकी भेंट हुई और शाह ने उनका अभिवादन किया। पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी इस

### एक तरफ पीएम बैठे दिखे, वहीं दूसरी तरफ स्पीकर बिरला

दौरान हाथों में छड़ी लिए दिखे। वह 2007 से 2017 तक उपराष्ट्रपति रहे थे। शपथ समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह समेत कई सीनियर नेता मौजूद थे। एक तरफ केंद्रीय मंत्री और पीएम बैठे दिखे तो वहीं पहली पंक्ति में ही दूसरी तरफ लोकसभा स्पीकर, पूर्व उपराष्ट्रपतियों को जगह मिली। इसके अलावा चंद्रबाबू नायडू भी परिवार के साथ नजर आए। सीपी राधाकृष्णन के शपथ समारोह में कई राज्यों के राज्यपाल भी पहुंचे थे। लेकिन जगदीप धनखड़ की उपस्थिति चर्चा का केंद्र रही।



### विपक्ष लगातार पूछ रहा था-धनखड़ कहां हैं?


सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को देश के उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। सीपी राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति बने हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस्तीफे के बाद धनखड़ कहीं भी देखे नहीं गए, इसके बाद विपक्ष की ओर से कई सवाल खड़े किए गए। विपक्ष ने लगातार सवाल किया कि धनखड़ कहां हैं और वह किस स्थिति में हैं। धनखड़ के सामने आने के बाद कयासों पर ब्रेक लग गया है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 3 लाख पेंशनर्स का घर-घर पहुंचकर होगा वेरिफिकेशन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में 3 लाख से ज्यादा बुजुर्ग, दिव्यांगों को पेंशन के लिए अभी और इंतजार करना होगा। ऐसे सभी पेंशनर्स का वेरिफिकेशन करने के लिए सरकारी कर्मचारी अब घर-घर जाएंगे।



दरअसल तमाम कोशिश के बाद भी प्रदेश के 3 लाख से ज्यादा बुजुर्ग और दिव्यांगों का ई केवाईसी नहीं किया जा सका है। इस वजह से इन बुजुर्ग और दिव्यांगों को पेंशन नहीं मिल पा रही है। केवाईसी न होने की वजह से इनकी पेंशन को होल्ड पर रखा गया है। अब ऐसे सभी बुजुर्ग और दिव्यांगों का वेरिफिकेशन करने के लिए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन विभाग ने घर-घर जाकर वेरिफिकेशन करने के आदेश दिए हैं।

### खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 2.07% हुई

**नई दिल्ली।** अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 2.07 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 1.61 प्रतिशत थी। इसका मुख्य कारण सब्जियों, मांस और मछली की कीमतों में वृद्धि है।



शुक्रवार की ओर से जारी सरकारी आंकड़ों में यह बात कही गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति अगस्त 2024 में 3.65 प्रतिशत थी। लगातार नौ महीने तक घटने के बाद खुदरा महंगाई में एक बार फिर से इजाफा दिखा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2025 के दौरान वार्षिक मुद्रास्फीति अगस्त 2024 की तुलना में (-) 0.69 प्रतिशत थी।

## सीएम ने पेटलावद से 1.26 करोड़ लाड़ली बहनों को 28वीं किस्त के 1541 करोड़ रु. अंतरित करते हुए कहा

# कांग्रेसी कहते हैं कि बहनें दारू पी जाती हैं, ऐसे लोगों को ‘घर में घुसने’ मत देना



*मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 सितंबर को धार जिले की बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में प्रधानमंत्री मोदी प्रदेश को पीएम मित्रा पार्क की सौगात देने आ रहे हैं। पीएम मित्रा पार्क से मालवांचल सहित पूरे प्रदेश की तस्वीर बदलेगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को प्रदेश की 1.26 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 28 वीं किस्त की 1541 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने 53.48 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को भी 320.89 करोड़ राशि और 31 लाख से अधिक बहनों को एलपीजी सिलेंडर रीफिलिंग के 48 करोड़ रुपए अंतरित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संवेदनशील सरकार है।हमारी नीति और नीयत दोनों साफ है। प्रदेश की बहनों को हर महीने प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, बहनों की खुशी में ही हमारी खुशी है। बहनों के जीवन में विकास से ही पूरे समाज का विकास संभव है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को झाबुआ जिले के पेटलावद में आयोजित राज्य स्तरीय लाड़ली बहना सम्मेलन में बोल रहे थे।

◀ मुख्यमंत्री ने किया 345.34 करोड़ लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**विपक्षी दल के शासन में स्कूलों में टाट पट्टी तक नहीं मिलती थी**



53.48 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 320.89 करोड़ और 31 लाख बहनों को एलपीजी सिलेंडर के 48 करोड़ भेजे

### 17 से होगी सेवा पखवाड़े की शुरुआत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 17 सितम्बर को कपास उत्पादक किसानों को पीएम मित्र पार्क की सौगात देने जा रहे हैं। इसके साथ सेवा पखवाड़े की शुरुआत भी की जाएगी। स्वस्थ नारी, सशक्त समाज अभियान के अंतर्गत बहनों की सभी प्रकार की जांचें निःशुल्क की जाएंगी। धार-झाबुआ को उद्योग एवं रोजगार से जोड़कर इसके विकास की नई आधारशिला रखी जा रही है।

### 2 लाख बहनों को स्व-सहायता समूहों के जरिए विभिन्न योजनाओं का लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में हर स्तर पर बिजली, पानी और सिंचाई सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। किसान भाइयों को किसान सम्मान निधि मिल रही है। प्रदेश में 5 लाख समूहों के माध्यम से 65 लाख बहनें जुड़ी हैं। झाबुआ में 2 लाख बहनें स्व-सहायतासमूहों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ ले रही हैं।

### अब किसी को काम के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं

*मुख्यमंत्री ने कहा कि अब लोगों को काम के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है। यहीं झाबुआ में रोजगार के अवसर मिलेंगे। पांच लाख तक का बीमा सरकार की तरफ से निःशुल्क होगा। इसकी शुरुआत झाबुआ जिले से होगी। मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देशित किया कि किसानों को कोई परेशानी नहीं आना चाहिए। सीमा पर जवान और खेत में किसान, दोनों बराबर होते हैं। मुख्यमंत्री ने 17 सितंबर को पीएम मोदी के कार्यक्रम में आने का आमंत्रण भी लोगों को दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विपक्षी दल के शासनकाल में स्कूलों में बैठने के लिए टाट पट्टी तक नहीं मिलती थी। अब झाबुआ जिले को मेघनगर और पेटलावद में दो सांदीपनि विद्यालय की सौगात मिल रही है।*

## वैष्णो देवी के भक्तों के लिए अच्छी खबर

# यात्रा 14 सितंबर से होगी बहाल मौसम देगा साथ तो मिलेंगे दर्शन



**खराब मौसम और ट्रैक की मरम्मत से रोकी थी यात्रा**

एजेंसी ▶▶ जम्मू

माता वैष्णो देवी यात्रा 14 सितंबर से दोबारा शुरू होगी, यदि मौसम अनुकूल रहा। यात्रा को खराब मौसम और ट्रैक की मरम्मत के चलते अस्थायी रूप से स्थगित किया गया था।श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि भारी बारिश और ट्रैक की सुरक्षा के लिहाज से यात्रा को कुछ समय के लिए स्थगित किया गया था। मरम्मत कार्य अब लगभग पूरा हो चुका है ।

## बांके बिहारी मंदिर को लेकर बड़ा फैसला

# वीआईपी पास बंद, आईआईटी रुड़की की टीम करेगी ऑडिट



**गर्मियों में 3 घंटे और सर्दियों में 2.5 घंटे अतिरिक्त दर्शन का समय**

एजेंसी ▶▶ मथुरा

बांके बिहारी मंदिर को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एक अहम बैठक हुई, जिसमें कई बड़े फैसले लिए गए। अब मंदिर में वीआईपी दर्शन की व्यवस्था समाप्त की जा रही है और आम श्रद्धालुओं को अधिक समय तक दर्शन की सुविधा मिलेगी। गर्मियों में 3 घंटे और सर्दियों में 2.5 घंटे अतिरिक्त दर्शन का समय मिलेगा। साथ ही मंदिर दर्शन की लाइव स्ट्रीमिंग की भी शुरुआत होगी, जिससे दूर बैठे लोग भी ठाकुरजी के दर्शन कर सकेंगे।

## मेरठ के विक्टोरिया पार्क में कथा के दौरान विवादित बयान

# श्रीरामभद्राचार्य बोले-अपने ही देश में नहीं मिल रहा न्याय, हर हिंदू के हों तीन बालक

एजेंसी ▶▶ मेरठ

मेरठ के विक्टोरिया पार्क में कथा के दौरान जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्य ने विवादित बयान देते हुए उत्तर प्रदेश को मिनी पा कि स्ता ा न बताया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया और कहा कि हिंदुओं को सजग होकर धर्म की शिक्षा बच्चों तक पहुंचानी होगी। कथा से पूर्व

■ प्रत्येक घर में हिंदू धर्म की पाठशाला बनानी पड़ेगी



चरण पादुका पूजन हुआ। इसके बाद जगद्गुरु ने कहा कि आज हिंदुओं पर संकट है। अपने ही देश में हम हिंदू धर्म को उतना न्याय नहीं दे पा रहे हैं। उत्तर प्रदेश मिनी पाकिस्तान लगता है।

### अब मैं ओम क्रांति क्रांति ही कहूंगा

उन्होंने कहा कि हिंदू या सनातन धर्म यह एक ही है। हम वसुदैव कुटुंबकम में जीते हैं। हमारा किसी से बैर नहीं। अब हम किसी को भूल से भी नहीं छेड़ेंगे, अगर कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे भी नहीं। ऑपरेशन सिंदूर सदा याद रखा जाएगा। बिना किसी अपराध के हिंदुओं को मारा जा रहा है। ऐसे लोगों को समाप्त कर देना चाहिए। उन्होंने संदेश दिया कि हिंदुओं के तीन बालक अवश्य होने चाहिए। जगद्गुरु ने कहा कि जम्मू कश्मीर में सैलानियों को धर्म पूछकर हत्या की गई तो हमने भी उन्हें प्रसाद दे दिया।

# 45 मिनट तक राम मंदिर में रहे मॉरीशस के पीएम पत्नी संग किया दर्शन-पूजन, सीएम भी रहे मौजूद



इस दौरान परिवार के सदस्य, मॉरीशस प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और कैबिनेट के मंत्री भी मौजूद रहे

### डॉ. नवीन चंद्र दूसरे विदेशी पीएम जिन्होंने रामलला का पूजन किया

*लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी के बाद मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र राम गुलाम अयोध्या पहुंचे। जहां महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उनका स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया। उनके साथ परिवार के सदस्य, प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और कैबिनेट के मंत्री भी मौजूद रहे।*

## रेस्क्यू टीम मौके पर जुटी, एक घायल व्यक्ति रेस्क्यू

# भवन गिरा: विजय नगर में बड़ा हादसा

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर के विजय नगर क्षेत्र में शुक्रवार शाम को उस समय अफरातफरी मच गई, जब पीएनटी कॉलोनी स्थित एक पुरानी इमारत अचानक धराशाई हो गई। इस दर्दनाक हादसे में मलबे में लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और रेस्क्यू टीमों को मौके पर भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इमारत काफी पुरानी थी और अचानक तेज आवाज के साथ भरभराकर गिर पड़ी। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस और



प्रशासन को इसकी सूचना दी। विजय नगर थाना पुलिस, नगर निगम, फायर ब्रिगेड और जिला प्रशासन की टीमों ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दिया है। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान देवेंद्र रैकवार नामक एक व्यक्ति को घायल अवस्था में मलबे से सुरक्षित बाहर निकाला गया। उन्हें तत्काल अस्पताल भेजा गया है। मौके पर जेसीबी मशीनों की मदद से मलबा हटाया जा रहा है, ताकि अगर कोई और दबा हो तो उसे समय रहते बचाया जा सके। फिलहाल राहत और बचाव कार्य जारी है।

## नागपुर में ब्रह्माकुमारीज विश्व शांति सरोवर के सातवें स्थापना दिवस पर बोलते हुए संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा

## अमेरिका पर प्रहार करते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि जब आप सात समंदर दूर हैं और कोई संपर्क नहीं है, तो डर किस बात का?

# लोग डरते हैं कि अगर ‘भारत मजबूत’ हुआ तो उनका क्या होगा? इसीलिए टैरिफ लगा रहे

एजेंसी ▶▶ नागपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत पर टैरिफ इस डर से लगाए गए हैं कि अगर भारत मजबूत हुआ तो उनका क्या होगा। उन्होंने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि ऐसे कदम सिर्फ खुद के बारे में सोचने के रवैए का नतीजा हैं।वे नागपुर में ब्रह्माकुमारीज विश्व शांति सरोवर के सातवें स्थापना दिवस पर बोल रहे थे। भागवत ने कहा कि महिलाओं की ओर से संचालित आध्यात्मिक आंदोलन ब्रह्माकुमारीज की तरह आरएसएस भी आंतरिक चेतना को जागृत करने का काम करता है।

### नजरिया मैं से बदलकर हम कर लें, तो सभी समस्याएं हल हो जाएंगी

भागवत ने कहा कि जब तक इंसान और देश अपने असली स्वरूप को नहीं समझेंगे, तब तक उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि अगर हम करुणा दिखाएं और भय पर विजय पा लें, तो हमारा कोई शत्रु नहीं रहेगा। अगर इंसान अपना नजरिया मैं से बदलकर हम कर ले, तो सभी समस्याएं हल हो जाएंगी। आज दुनिया समाधान खोज रही है, क्योंकि अपनी अधूरी दृष्टि के कारण वह आगे का रास्ता नहीं खोज पा रही है।




# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## पीएम मोदी ने लॉन्च किया ज्ञान भारतम पोर्टल



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पांडुलिपि धरोहर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ज्ञान भारतम पोर्टल की शुरुआत की। ज्ञान भारतम एक डिजिटल मंच है, जिसका उद्देश्य भारत की प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण, डिजिटलीकरण और उनके पारंपरिक ज्ञान का प्रचार-प्रसार करना है। इस सम्मेलन का विषय पांडुलिपि धरोहर के माध्यम से भारत की ज्ञान परंपरा की पुनर्प्राप्ति है, जो कि 11 से 13 सितंबर तक संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया है। बता दें कि ज्ञान भारतम एक डिजिटल गेटवे के रूप में काम करेगा, जो भारत के प्राचीन ज्ञान को दुनिया के सामने लाने में मदद करेगा।



प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल की नर्मदा यात्रा पर लिखी गई पुस्तक का संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत कल इंदौर में करेंगे विमोचन

# 30 साल पहले लिखी गई 'परिक्रमा कृपा सार' पुस्तक में मेरे गुरुदेव ने जो कहा है वो परिक्रमा का सार है, जो मैंने लिखा वो कृपा सार है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

प्रदेश सरकार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल अपनी नर्मदा यात्रा परिक्रमा के आध्यात्मिक अनुभवों को किताब की शक्ल में लेकर आ रहे हैं। इस किताब 'परिक्रमा कृपा सार' का विमोचन संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के हाथों 14 सितंबर को इंदौर में होने जा रहा है।

पटेल का कहना है कि नर्मदा और नर्मदा के परिक्रमा वासी मेरे लिए सिर्फ श्रद्धा का केंद्र हैं। ये पुस्तक 30 साल पहले जब लिखी गई थी, तभी मैंने इसका विभाजन कर दिया था। मेरे गुरुदेव ने जो कहा है वो परिक्रमा का सार है।

**मप्र नदियों का मायका है ये बात सच है, हम नर्मदा का गंगा बेसिन, गोदावरी बेसिन में पानी देते हैं। सीधे अरब सागर में पानी देते हैं**



*हमारे पास कैचमेंट है, इतनी जलराशि के बाद भी अगर कुछ जगह पानी का स्त्रोत नहीं हो तो ये विचारणीय है*

### प्रदेश में 106 नदियों के उद्गम सुरक्षित रहेंगे, तो वे बारहमासी होंगी

पटेल ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा के बाद मुझमें जमीन आसमान का अंतर है। ये मैं गर्व से कहता हूं। आज भी प्रहलाद पटेल हूं, पर वो नहीं। दोष हम में है, शारीरिक मानसिक कमजोरियां आती हैं, सच्चाई ये है कि उस प्रहलाद पटेल में और इसमें बहुत अंतर है। प्रदेश में 106 नदियों के उद्गम सुरक्षित रहेंगे, तो नदियां बारहमासी होंगी। वो बारहमासी होंगी तो नर्मदा जैसी नदी बारहमासी हो जाएगी। अन्यथा संकट है। संकट को हम छिपाएं या बताएं तो भी भला नहीं है। हमें चेतना पड़ेगा, सच कहने और सच सुनने की आदत डालनी होगी। मध्य प्रदेश नदियों का मायका है ये बात सच है। इतनी जल राशि किसी के पास नहीं है। हम नर्मदा का गंगा बेसिन, गोदावरी बेसिन में पानी देते हैं। सीधे अरब सागर में पानी देते हैं। हमारे पास कैचमेंट है। इतनी जलराशि के बाद भी अगर कुछ जगह पानी का स्त्रोत नहीं हो तो ये विचारणीय है।

### 30 साल में बहुत कुछ बदल गया

पटेल ने बताया कि 30 साल पहले मैंने सूर्य पाणेश्वर मंदिर की ध्वजा और कलश को देखा था। आज वो नहीं है। तीस साल पहले धारा जी, काजल रानी, सात माता मंदिर, ओंकारेश्वर के पास में 24 अवतार जो देखे सब खत्म हो गए। मेरे पास 72 घंटे की मैनुअल वीडियोग्राफी है। ये ऐसी चीजे हैं, जो आने वाले नौजवानों का प्रेरणा देगी। तब यात्रा कितनी कष्टसाध्य थी।

## खबर संक्षेप

### कंगना को झटका, कोर्ट ने रद्द की याचिका

**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है।



बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इन्कार किया है। किसान आंदोलन से जुड़े मामले पर कंगना ने अपनी याचिका वापस ले ली है। कोर्ट ने कहा कि हम आपकी ट्वीट पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे इससे ट्रायल पर असर पड़ेगा। ये सिर्फ एक साधारण री ट्वीट नहीं था। इसमे आपकी टिप्पणी भी शामिल थी।

### कुत्ते का नाम शर्मा रखा विरोध किया तो पीटा


**इंदौर।** कुत्ता मालिक को अपने पड़ोसी के सरनेम पर कुत्ते का नाम शर्मा रखना भारी पड़ गया।



दरअसल कुत्ते का मालिक बार-बार अपने कुत्ते को उसके नाम से पुकारता है। इस बात का पड़ोसी ने विरोध किया तो कुत्ते के मालिक ने पड़ोसी की पिटाई कर दी। मामला निहालपुर मुंडी का है। यहां रहने वाले वीरेंद्र शर्मा ने थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई कि उनके पड़ोसी भूपेंद्र सिंह ने कुत्ते का नाम मेरे सरनेम शर्मा का रखा है।

### कार-बाइक की टक्कर के बाद 6 पर फेंका एसिड

**राजगढ़।** जलालपुरा गांव के समीप रात्रि एक कार और बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई।



दुर्घटना के बाद कार सवार लोगों से बाइक सवार दो पिता-पुत्रों का विवाद हो गया। विवाद इतना बड़ा कि बाइक सवार पिता-पुत्र के पक्ष में अन्य लोग भी शामिल हो गए और कार सवार छह व्यक्तियों पर एसिड फेंक दिया। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची कालीपीठ पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था करवाई।

मोदी 13 से 15 सितंबर तक मिजोरम, मणिपुर, असम, पश्चिम बंगाल और बिहार के दौरे पर

# हिंसा के बाद पहली बार पीएम मणिपुर के दौरे पर, 8500 करोड़ की देंगे सौगात

*मणिपुर के मुख्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री की 13 सितंबर की मणिपुर यात्रा राज्य में शांति, सामान्य स्थिति और विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर दौरे पर जाएंगे। वे यहां 8500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मणिपुर के मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल ने बताया कि प्रधानमंत्री सबसे पहले मिजोरम से चुराचांदपुर पहुंचेंगे और फिर इंफाल जाएंगे। वहीं पीएम मोदी के दौरे से पहले गुरुवार शाम को कुकी बहुल चुराचंदपुर जिले में दो स्थानों पर उपद्रवियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई।

मणिपुर के मुख्य सचिव ने कहा कि मणिपुर के समावेशी, सतत और समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। जबकि 1200 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की 13 सितंबर की मणिपुर यात्रा राज्य में शांति, सामान्य स्थिति और विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। पीएम मोदी चुराचांदपुर और इम्फाल में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत करेंगे। मई 2023 में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद मोदी की यह पहली मणिपुर यात्रा होगी। राज्य में महीनों जारी रही हिंसा में 250 से ज्यादा लोग मारे गए और हजारों बेघर हो गए।

**दौरे से पहले उपद्रवियों-सुरक्षाबलों में झड़प**



- ***प्रधानमंत्री सबसे पहले मिजोरम से चुराचांदपुर पहुंचेंगे और फिर इंफाल जाएंगे***
- ***वे यहां आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत करेंगे***

### बाकी 4 राज्यों का भी दौरा

इंफाल के बाद पीएम मोदी असम का दौरा करेंगे और शाम लगभग 5 बजे गुवाहाटी में भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की 100वीं जयंती के समारोह में भाग लेंगे। इस अवसर पर वह उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। वहीं, 14 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी असम में 18,530 करोड़ रुपए से अधिक की प्रमुख बुनियादी ढांचा और औद्योगिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 15 सितंबर को पश्चिम बंगाल और बिहार रहेंगे। 15 सितंबर को प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और सुबह लगभग 9:30 बजे कोलकाता में 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन-2025 का उद्घाटन करेंगे।

### नौकाओं को किले के चारों ओर की खाइयों में गश्त के लिए लगाया

मोदी के शनिवार को मणिपुर दौरे से पहले इंफाल और चुराचांदपुर में सुरक्षा इंतजाम कड़े कर दिए गए हैं। वे मिजोरम यात्रा के बाद मणिपुर पहुंचेंगे। इंफाल में करीब 237 एकड़ में फैले कांगला किले और चुराचांदपुर के पीस ग्राउंड के आसपास बड़ी संख्या में राज्य और केंद्रीय बलों के जवान तैनात किए गए हैं। वहां पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए एक भव्य मंच का निर्माण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य में कई बैठकें भी आयोजित की जा चुकी हैं। राज्य आपदा प्रबंधन बल की नौकाओं को किले के चारों ओर की खाइयों में गश्त के लिए लगाया गया है। किसी अवांछित सामग्री का पता लगाने के लिए खोजी कुत्तों और उन्नत उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है। सुरक्षाकर्मी बारी-बारी से किले के बाहरी इलाके और परिसर में पैदल गश्त कर रहे हैं ताकि किसी भी अवांछित वस्तु या व्यक्ति की जांच की जा सके।

### उपद्रवियों ने सड़कों पर लगे बैनर और कटआउट फाड़ दिए

पीएम मोदी के दौरे से पहले गुरुवार शाम को कुकी बहुल चुराचंदपुर जिले में दो स्थानों पर उपद्रवियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी। उपद्रवियों ने सड़कों पर लगे बैनर और कटआउट फाड़ दिए। वहीं, पियर्सनमुन गांव और फिलियन बाजार में प्रधानमंत्री के दौरे के लिए लगाए गए बैरिकेड्स को भी तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि बदमाशों ने फटे हुए टुकड़ों में आग लगा दी और भागने से पहले सुरक्षाकर्मियों पर पत्थर फेंके।

राज्य सेवा परीक्षा-2024 का अंतिम परिणाम

# 13 डिप्टी कलेक्टरों सहित 110 पदों के लिए चयन सूची भी जारी

- ***21 से 26 अक्टूबर 2024 तक हुई मुख्य परीक्षा***
- ***18 से 29 अगस्त 2025 तक इंटरव्यू हुए***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र लोक सेवा आयोग ने शुक्रवार को राज्य सेवा परीक्षा-2024 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। 110 पदों के लिए आयोजित इस परीक्षा परिणाम के साथ मेरिट सूची भी जारी की गई है। जिसमें 13 पद डिप्टी कलेक्टर के हैं।

इसमें 8 पद पुरूष और 5 पद महिलाओं के पास गए हैं। वहीं उप पुलिस अधीक्षक के 19 पदों में 13 पद पुरूष और 6 पद महिलाओं के पास गए हैं। इसके अलावा मप्र वित्त सेवा के 26, सहायक संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा (वित्त विभाग) के एक पद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रेणी ख के लिए एक, अतिरिक्त सहायक विकास आयुक्त (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत) के 6 पद, वाणिज्य कर निरीक्षक के 9 पद सहित अन्य शामिल हैं। इन पदों की पूर्ति के लिए राज्य सेवा परीक्षा-2024 के अंतर्गत प्रारंभिक परीक्षा के बाद राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2024 21 अक्टूबर 2024 से 26 अक्टूबर 2024 तक आयोजित की गई थी। मुख्य परीक्षा का परिणाम 5 मार्च 2025 को घोषित किया गया था। जिसके बाद अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार 18 अगस्त 2025 से 29 अगस्त 2025 तक आयोजित किए गए थे।




सड़क पर ताबड़तोड़ फायरिंग की

# ग्वालियर में पत्नी के चेहरे को गोलियों से 'भून' डाला

***पुलिस पर भी पिस्टल तानी कार चढ़ाने की कोशिश भी कर चुका था***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर में शुक्रवार दोपहर को एक महिला को गोलियों से भून दिया गया। घटना रूपसिंह स्टेडियम के सामने की है। यहां बदमाश ने उसे रोका और उसके चेहरे पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया।



अरविंद परिहार
आरोपी

पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी ने पुलिस पर भी पिस्टल तान दी। पुलिस ने उसे काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। कड़ी मशक्कत के बाद उसे पकड़ा। उसकी पिटाई भी की। फिर उसे उठाकर थाने ले गई। महिला को 4-5 गोली लगी है। उसे अस्पताल ले जाया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों ने लव मैरिज की थी। दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। गोली चलाने वाले का नाम अरविंद परिहार है। अरविंद ने नंदिनी परिहार से आर्य समाज मंदिर से शादी की थी। अरविंद पेशे से ठेकेदार है। उसने करीब 10 महीने पहले नंदिनी, उसके बेटे और मां को कार से कुचलने की कोशिश की थी।



भारतीय मूल के व्यक्ति की बेरहमी से हत्या

## परिवार के सामने गर्दन काटी पार्किंग में लुढ़काता रहा सिर



**नई दिल्ली।** अमेरिका में एक भारतीय की बेरहमी से हत्या करने का मामला सामने आया है। उसके कर्मचारी ने मामूली बात पर उसका सिर धारदार हथियार से काट डाला और फिर कटे हुए सिर पर लात मारी। जब इससे भी मन नहीं भरा, तो उसने सिर को उठाकर कूड़ेदान ने फेंक दिया।मामला अमेरिका के डलास शहर का है। यहां एक मोटल में काम करने वाले व्यक्ति योर्डानिस कोबोस-मार्टिनेज पर एक भारतीय की हत्या का आरोप है। घटना बुधवार को हुई, जब मूल रूप से कर्नाटक निवासी चंद्र नागमल्लैया ने योर्डानिस को टूटी हुई वॉशिंग मशीन का इस्तेमाल करने के लिए मना किया था। आरोपी ने धारदार हथियार से नागमल्लैया पर कई बार वार किया।

**टूटी वॉशिंग मशीन को यूज करने से मना किया था**

स्पाइसजेट की मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग

## टेक ऑफ करते ही एयरपोर्ट पर गिरा विमान का पहिया



**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट क्यू400 विमान में शुक्रवार को कांडला हवाई अड्डे से उड़ान भरते समय तकनीकी खराबी आ गई। विमान का एक बाहरी पहिया गिर गया। इस विमान में 75 यात्री सवार थे और यह मुंबई के लिए उड़ान भरने वाला था। एयरलाइन के प्रवक्ता के अनुसार विमान सुरक्षित रूप से मुंबई में उतरा और किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई। घटना की जांच जारी है। गुजरात के कांडला से मुंबई आने वाली स्पाइसजेट की एक उड़ान में लैंडिंग के समय अगला पहिया गायब होने की सूचना मिलने के बाद गुरुवार दोपहर मुंबई हवाई अड्डे पर पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया।

**उस वक्त विमान में 75 यात्री सवार थे**

पटाखा बैन को लेकर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

## कहा- दिल्ली के लिए विशेष नियम नहीं बन सकता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में प्रदूषण के चलते बीते कई साल से दिवाली पर पटाखे बैन के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बड़ा फैसला सुनाया है। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि दिल्ली के लिए विशेष नियम नहीं हो सकते। दिल्ली में पटाखा बैन पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सिर्फ दिल्ली में पटाखा बैन नहीं कर सकते। अगर पटाखे बैन हों तो पूरे देश में हों। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कहा कि प्रदूषण खत्म करने के लिए कोई भी नीति सिर्फ दिल्ली के लिए लागू नहीं रह सकती क्योंकि यहां पर देश के एलीट लोग रहते हैं। अगर एनसीआर के लोगों को साफ हवा का अधिकार है तो देश के अन्य शहरों के नागरिकों को क्यों नहीं?

*बेंगलुरू स्थित विधान सौध में आयोजित 11 वे राष्ट्र मंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने प्रथम वक्ता के रूप में विषय प्रवर्तन किया*

जीवंत लोकतंत्र वही जिसमें विधायी मंचों पर होने वाला संवाद सार्थक और समाज की आवाज बने

# विधायिका केवल सत्ता परिवर्तन का उपकरण न बने बल्कि वह 'सामाजिक परिवर्तन' का संवाहक बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बेंगलुरू स्थित विधान सौध में आयोजित 11 वें राष्ट्र मंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र सम्मेलन के दूसरे दिन मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सम्मेलन के प्रथम वक्ता के रूप में उदबोधन देते हुए विषय का प्रवर्तन किया। सम्मेलन का विषय 'विधायी संस्थाओं में संवाद और चर्चा : जन विश्वास का आधार, जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम' था । इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरवंश, राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष, विधानमंडलों के सभापति एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

***मप्र विधान सभा ने अपनी कार्यप्रणाली में नवाचारों को अपनाते हुए संवाद को और अधिक सुलभ और पारदर्शी बनाया***



### हम युवा पीढ़ी को विधायी प्रक्रिया से जोड़ें

तोमर ने सुझाव देते हुए कहा कि आज जब हम नवाचार, पारदर्शिता और सहभागिता की बात करते हैं, तो यह भी आवश्यक है कि हम युवा पीढ़ी को विधायी प्रक्रिया से जोड़ें। मध्यप्रदेश विधान सभा इस दिशा में भी आगे बढ़ रही है।

**जनता को विधान प्रक्रिया से सीधे जोड़ने का कार्य कर रही मप्र विधानसभा**

*तोमर ने कहा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण राष्ट्र में यह और भी आवश्यक हो जाता है कि विधायिका केवल सत्ता परिवर्तन का उपकरण न बने, बल्कि वह सामाजिक परिवर्तन का संवाहक बने। जब सदन में किसानों की समस्या, महिला सुरक्षा, युवाओं की शिक्षा, आदिवासी कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी विकास जैसे विषयों पर गंभीर और तथ्यपरक चर्चा होती है, तभी जनता के मन में यह विश्वास जागृत होता है कि उनकी आवाजें सुनी जा रही हैं और लोकतंत्र उनके लिए कार्य कर रहा है।*

# हाईकोर्ट ने सभी क्रिमनल कोर्ट की लाइव स्ट्रीमिंग पर लगाई रोक

<u>महत्वपूर्ण आदेश :</u> लाइव स्ट्रीमिंग के वीडियो के दुरुपयोग को चुनौती का मामला, लाइव स्ट्रीमिंग के वीडियोज यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर मीम्स या शार्ट्स पर एतराज

यू-ट्यूब के स्थान पर वेबेक्स आधारित प्लेटफार्म के जरिए प्रकरणों की लाइव स्ट्रीमिंग पर दिया गया है जोर

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने लाइव स्ट्रीमिंग के वीडियो के दुरुपयोग को चुनौती संबंधी जनहित याचिका को बेहद गंभीरता से लिया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने इसी के साथ महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश पारित करते हुए सभी क्रिमिनल कोर्ट की लाइव स्ट्रीमिंग पर रोक लगा दी। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्रार आईटी, यू-ट्यूब, मेटा, यू-ट्यूब के शिकायत अधिकारी सूरज राव और मेटा प्लेटफार्म्स की शिकायत अधिकारी अमृता कौशिक को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। अगली सुनवाई 25 सितंबर को होगी। जबलपुर निवासी अधिवक्ता अरिहंत तिवारी और विदित शाह ने याचिका दायर कर बताया कि मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की लाइव स्ट्रीमिंग के वीडियोज यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर मीम्स या शार्ट्स के माध्यम से डाली जाती है। यह आपत्तिजनक है। कई बार न्यायाधीशों द्वारा ओपन कोर्ट में कही बातों को मिर्च मसाला लगाकर उन्हें प्रसारित किया जाता है। यह अदालत की अवमानना है। याचिका में मांग की गई कि यू-ट्यूब के स्थान पर वेबेक्स आधारित प्लेटफार्म के जरिए प्रकरणों की लाइव स्ट्रीमिंग की जाए, जोकि कुछ हद तक सुरक्षित है। यह मांग भी की गई कि रजिस्ट्रार आईटी भी इस तरह की गतिविधियों पर मानिटरिंग करें और नियंत्रण सुनिश्चित करें।

# महिला एशिया कप हॉकी : भारत को उठाना होगा मौकों का फायदा, सुपर-4 में आज जापान से सामना

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

पिछले मैच में चीन से हार के कारण आहत भारतीय टीम को अगर महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित करनी है तो उसे शनिवार को जापान के खिलाफ होने वाले सुपर 4 चरण के महत्वपूर्ण मैच में मौकों का पूरा फायदा उठाना होगा। भारतीय टीम ने पूल चरण में जापान के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला था और उसे फाइनल में जगह बनाने के लिए शनिवार को होने वाले मैच में भी ड्रॉ की जरुरत होगी। विश्व की चौथे नंबर की टीम चीन पहले ही फाइनल में जगह बना चुका है। फाइनल रविवार को खेला जाएगा। चीन के खिलाफ हुए सुपर 4 मैच से पहले भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय थी, जिसमें उसे 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में भारत ने कुछ मौके गंवाए, जिनमें तीन पेनल्टी कॉर्नर भी शामिल थे, जिसकी उसे भारी कीमत चुकानी पड़ी।



### भारत के पास विश्व कप में जगह बनाने का मौका

भारत वर्तमान में विश्व में नौवें स्थान पर है और वह चीन के बाद टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम है। एशिया कप खिताब जीतने वाली टीम अगले वर्ष 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी। रैंकिंग और प्रदर्शन के आधार पर मेजबान चीन टूर्नामेंट जीतने का प्रबल दावेदार है, लेकिन अगर भारत के अपने अगले दो मैच में अवसरों का पूरा फायदा उठाता है तो उसके पास भी विश्व कप में जगह बनाने का यह सुनहरा मौका है।

### शर्मिला देवी और ब्यूटी को करना होगा खेल में सुधार

इसके अलावा रुतुजा दादासो पिसल लालरेमसियामी, उदिता, शर्मिला देवी और ब्यूटी डुंग डुंग को भी टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत के बाद अपने खेल में सुधार करना होगा। नेहा गोयल और वैष्णवी विट्ठल फाल्के भारत की मध्य पंक्ति की धुरी हैं लेकिन उन्हें अग्रिम पंक्ति के लिए अधिक मौके बनाने होंगे। कप्तान सलीमा टेटे को भी अपने खेल में सुधार करने और टीम को प्रेरित करने की जरूरत है, जिसमें अब तक कमी दिखी है।



### शानदार फॉर्म में मुमताज

भारत के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के लिए चिंता का विषय खराब फिनिशिंग है और वह उम्मीद करेंगे कि उनके स्ट्राइकर मौकों का फायदा उठाएंगे।



चीन के खिलाफ स्कोरलाइन इस बात का संकेत नहीं थी कि भारत ने गुरुवार को कैसा प्रदर्शन किया, क्योंकि उसने प्रतिद्वंद्वी टीम को कड़ी टक्कर दी और मैच के अधिकांश समय तक गेंद पर अपना कब्जा बनाए रखा। मुमताज खान शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने कुछ खूबसूरत मैदानी गोल भी किए हैं, लेकिन उन्हें नवनीत कौर जैसी खिलाड़ियों से अधिक सहयोग की उम्मीद होगी।

## खबर संक्षेप



### आईजीपीएल टूर्नामेंट के चैंपियन बने भुल्लर

**चंडीगढ़।** एशियाई टूर पर 11 खिताब के साथ सबसे सफल भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने अपने अनुभव और कोर्स (गोल्फ मैदान) के कुशल इस्तेमाल से दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर आईजीपीएल आमंत्रण टूर्नामेंट के पहले आयोजन के चैंपियन बने। आईजीपीएल के इस आइकन खिलाड़ी ने 70-71-70 के शानदार दौर के साथ कुल पांच अंडर का कार्ड खेल एम धर्मा को दो शॉट से पछाड़ा। भुल्लर को 1.5 करोड़ रुपए के पुरस्कार पूल से 22.50 लाख रुपए का चेक मिला। दूसरे स्थान पर रहे धर्मा ने 15 लाख रुपए जीते। संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे वीर गणपति, कार्तिक शर्मा और शौर्य बिनू को 8.7 लाख रुपए प्रत्येक मिले। धर्मा ने 70-75-68 का स्कोर किया पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के खिलाड़ी गणपति (72-72-70), कार्तिक शर्म ा (73-73-68) बिनू (69-72-73) संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

### ओलंपिक में पदक चूकना मेरी हार नहीं: पीटी उषा

**नई दिल्ली।** लॉस एंजिलिस ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूकी उड़नपरी पीटी उषा ने कहा कि इसे वह अपनी हार नहीं बल्कि भारतीय खेलों के लिए निर्णायक पल मानती है, जिसने यह साबित किया कि भारत की एक महिला दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनौती दे सकती है। उषा लॉस एंजिलिस ओलंपिक में महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में सेकंड के सौवें हिस्से से कांस्य पदक से चूक गई थी। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष ने अपने कैरियर को याद करते हुए कहा,' केरल के एक छोटे से गांव पायोली में पली एक ऐसी लड़की थी, जिसे खेलना पसंद था। उस समय कोई स्टेडियम, अच्छे जूते , वैज्ञानिक ट्रेनिंग कार्यक्रम नहीं होता था। मैं खुरदुरे मैदानों पर नंगे पैर भी दौड़ी हूं क्योंकि मुझे इससे खुशी मिलती थी।'



### गेंदबाजों के लिए विकेट होंगे मुश्किल : डोनाल्ड

**बेंगलुरु।** क्रिकेटर एलन डोनाल्ड ने कहा कि एसए20 ने दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट (सीएसए) में गहराई बढ़ा दी है लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि सीएसए का यह टूर्नामेंट अगले साल भारत में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए कारगर साबित नहीं होगा, जिसमें पिचें बल्लेबाजों के बहुत ज्यादा मुफीद होंगी। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट लीग (एसए20) का चौथा चरण 26 दिसंबर 2025 से 25 जनवरी 2026 तक खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का टूर्नामेंट संभवतः फरवरी और मार्च के बीच आयोजित किया जाएगा। डोनाल्ड ने कहा, 'बल्लेबाज क्या कर सकते हैं। गेंदबाजों का प्रदर्शन कैसा रहेगा। कुछ गेंदबाजों के आंकड़े चिंताजनक संकेत है क्योंकि गेंदबाज चार ओवर में 73 रन देने लगते हैं।



## हांगकांग ओपन : आरिफ-याप को हराकर आखिरी चार में जगह बनाई

# एक घंटे चले मुकाबले में सात्विक-चिराग ने दिखाया आक्रामक खेल, मलेशिया को हराया

एजेंसी ▶▶| हांगकांग

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की टॉप रैंकिंग बैडमिंटन जोड़ी हांगकांग ओपन 2025 के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को हराकर भारतीय जोड़ी ने आखिरी चार में जगह बनाई। टूर्नामेंट में आठवीं वरीयता प्राप्त इस भारतीय जोड़ी ने आरिफ और याप को तीन गेमों तक चले मुकाबले में हराया, जो एक घंटे से थोड़ा ज़्यादा समय तक चला। सात्विक और चिराग ने क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को आक्रामक खेल दिखाते हुए मैच 21-14, 20-22, 21-16 से अपने नाम कर लिया। मलेशियाई जोड़ी ने अपने दमदार आक्रमण से भारतीय जोड़ी को कड़ी टक्कर देने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं कर पाए। सात्विक का खेल काफी बेहतर रहा। चिराग ने कभी-कभी सर्विस में गड़बड़ी की और बैककोर्ट में फ्लाइट का गलत आंकलन भी किया, जिससे मैच के कुछ अहम मौकों पर अंक



### दूसरे गेम में चिराग कर बैठे गलती

एक घंटे चार मिनट तक चले इस मुकाबले में सात्विक और चिराग ने पहले और तीसरे गेम में दबदबा बनाया। दूसरे गेम में भी उन्होंने लगभग बढ़त हासिल कर ली थी और लगातार चार अंक जीतकर स्कोर 20-20 से बराबर कर दिया था, लेकिन चिराग की एक छोटी सर्विस ने गति बदल दी और मलेशियाई टीम ने पहले ड्यूस के बाद दो अंकों के अंतर से गेम अपने नाम कर लिया।

### भारतीय जोड़ी का सेमीफाइनल तक का सफर नहीं रहा आसान

सात्विक और चिराग का सेमीफाइनल तक का सफर आसान नहीं रहा। बीते दिन इस जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को एक घंटे तीन मिनट में 18-21, 21-15, 21-11 से हराया था। पिछले 12 महीनों में संघर्ष करने के बाद अब ऐसा नजर आ रहा है कि इस जोड़ी ने अपनी लय वापस हासिल कर ली है। उन्होंने सही समय पर अपना स्तर बढ़ाया और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने आक्रामक बैडमिंटन का शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने चिर-परिचित प्रतिद्वंद्वियों आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर टूर्नामेंट में पदक जीता था।

## दलीप ट्रॉफी फाइनल

# पाटीदार-राठौड़ के शतक से मजबूत स्थिति में सेंट्रल जोन, साउथ जोन पर बनाई बढ़त



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

सेंट्रल जोन के कप्तान रजत पाटीदार (101 रन) और यश राठौड़ (नाबाद 137 रन) ने दक्षिण क्षेत्र के स्पिन गेंदबाजी के कम विकल्पों का फायदा उठाकर शतक जड़ते हुए दलीप ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन मध्य क्षेत्र को पांच विकेट पर 384 रन बनाने में मदद की। दक्षिण क्षेत्र गुरुवार को पहली पारी में 149 रन पर सिमट गया था, जिससे मध्य क्षेत्र की बढ़त 235 रन की हो गई है। पाटीदार (115 गेंद) ने अपना 15वां और राठौड़ (188 गेंद) ने सातवां प्रथम श्रेणी शतक जड़ा। स्टंप तक संसार जैन 47 रन बनाकर राठौड़ का साथ दे रहे थे। पाटीदार और राठौड़ ने चौथे विकेट के लिए 167 रन की साझेदारी निभाई, जिससे मैच निश्चित रूप से दक्षिण क्षेत्र के हाथों से निकल गया है।

### सलामी बल्लेबाज मालेवार ने खेली अर्धशतकीय पारी

हालांकि इससे पहले मध्य क्षेत्र ने 93 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे, जिससे टीम मुश्किल में दिख रही थी। मध्य क्षेत्र ने सुबह बिना विकेट गंवाए 50 रन से आगे खेलना शुरू किया और पहले सत्र में टीम ने 102 रन जोड़े। लेकिन टीम ने सलामी बल्लेबाज दानिश मालेवार (53), अक्षय वाडकर (22) और शुभम शर्मा (06) के विकेट जल्दी-जल्दी गंवा दिए। तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह (74 रन देकर तीन विकेट) उस सत्र के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे, जिन्होंने बादलों भरे आसमान में गेंद को बार बार उछालकर बल्लेबाजों को परेशान किया। सुबह के सत्र में उन्हें मालेवार और शुभम के विकेट मिले जबकि उनके साथी तेज गेंदबाज वासुकी कौशिक ने वाडकर को आउट किया।

### राठौड़ ने 132 गेंद में किया शतक पूरा

पाटीदार ने लेग स्पिनर रिकी भुई की गेंद पर बाउंड्री लगाकर मध्य क्षेत्र को दक्षिण क्षेत्र के पहली पारी के स्कोर के पार पहुंचाया। पहली पारी की बढ़त का मुख्य लक्ष्य हासिल होने के बाद पाटीदार और राठौड़ ने लंच के बाद के सत्र में 124 रन जोड़कर अपनी गति बदली। पाटीदार ने 73 गेंद में 50 रन बनाए लेकिन उनका अगला अर्धशतक 39 गेंद में पूरा हुआ। दक्षिण के लिए कामचलाऊ लेग स्पिनर रिकी भुई ने कुछ ओवर डाले।

### कुंदन और हुसैन अल्ट्रा रेस में बने विजेता




**लेह।** स्थानीय धावकों ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए लद्दाख की सड़कों पर हुई रेस में दबदबा बनाया, जिसमें त्सावांग कुंदन सिल्क रुट अल्ट्रा वर्ग में जबकि शब्बीर हुसैन खारदुंगला चैलेंज में विजेता बने। कुंदन ने 13 घंटे, 50 मिनट और 01 सेकेंड का समय लेकर हिमालय के दुर्गम इलाकों से होकर गुजरने वाली 122 किलोमीटर लंबी सिल्क रुट अल्ट्रा दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके बाद फुंचोक नामगेल (14:38:14) दूसरे स्थान पर रहे जबकि स्कार्मा फुरबू त्सेरिंग 15:01:01 सेकेंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

## फिडे ग्रैंड स्विस

# निहाल ने तोड़ा मघसूदलू की जीत का क्रम, वैशाली ने बनाई बढ़त

एजेंसी ▶▶| समरकंद

भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने शानदार जीत के साथ परम मघसूदलू के अजेय अभियान पर रोक लगा दी और फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद संयुक्त बढ़त हासिल कर ली। महिला वर्ग में आर. वैशाली ने भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एकल बढ़त हासिल कर ली। पिछली बार की विजेता वैशाली ने चीन की गुओ क्यू को हराया और अब वह रूस की कैटरीना लैगनो से आधा अंक आगे हैं।

हालांकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश का संघर्ष जारी रहा और उन्हें लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। इस बार उन्हें तुर्की के एडिज



गुरेल ने हराया। इससे वह लाइव विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर खिसक गए। मघसूदलू के खिलाफ जीत दर्ज करने से निहाल जर्मनी के ब्लूबाम के साथ संयुक्त बढ़त पर पहुंच गए। जर्मन खिलाड़ी ने भारत के अर्जुन एरिगैसी को हराया। ओपन वर्ग में गत चैंपियन विदित गुजराती ने फ्रांसीसी जीएम मार्केंड्रिया मौरिज्जी पर जीत के साथ वापसी की, जबकि आर प्रज्ञाननंदा ने इजरायल के मैक्सिम रोडश्टाइन को हराया।

विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप

### सेमीफाइनल में मीनाक्षी भारत के लिए पदक पक्का



**लिवरपूल।** भारतीय मुक्केबाज मीनाक्षी हुड्डा ने विश्व चैंपियनशिप में इंग्लैंड की ऐलिस पंफ्री को हराकर 48 किलोग्राम सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के साथ ही इस प्रतियोगिता में देश का चौथा पदक पक्का कर दिया। लंबी कद वाली मीनाक्षी ने क्वार्टर फाइनल में अंडर 19 विश्व चैंपियन पंफ्री को जजों के सर्वसम्मत फैसले से हराया। मीनाक्षी ने अपनी लंबी पहुंच का सही उपयोग करते हुए बैकफुट पर रहते हुए अपनी प्रतिद्वंद्वी पर करारे मुक्के से लगातार दबाव डाला। उन्होंने पंफ्री को अपने पास पहुंचने का मौका ही नहीं दिया।

एशिया कप
छह बार की चैंपियन है श्रीलंका

# बांग्लादेश के सामने श्रीलंका की कड़ी चुनौती, भिड़ंत आज

एजेंसी ▶▶| अबुधाबी

अपने पहले मैच में हांगकांग पर आसान जीत से उत्साहित बांग्लादेश की टीम शनिवार को एशिया कप के ग्रुप बी मुकाबले में छह बार के चैंपियन श्रीलंका से भिड़ेगी, जो इस मुश्किल ग्रुप का भाग्य तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है।

एशिया कप खिताब की तलाश में लगे बांग्लादेश के अभियान की शुरुआत अच्छी रही। कप्तान लिटन दास ने 59 रन की पारी की मदद से बांग्लादेश ने हांगकांग पर सात विकेट से जीत दर्ज की। बांग्लादेश ने इस मैच में भले ही आसानी से जीत हासिल की लेकिन कुछ ऐसे विभाग हैं, जिनमें उसकी कमजोरी खुलकर सामने आई। इनमें गेंदबाजी विभाग प्रमुख है।




तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद और लेग स्पिनर रिशाद हुसैन विकेट लेने के बावजूद रन लुटा बैठे। श्रीलंका के खिलाफ ऐसी कोई भी गलती बांग्लादेश को भारी पड़ सकती है।

### टीमें इस प्रकार

**बांग्लादेश:** लिटन दास (कप्तान), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदोय, जेकर अली अनिक, शमीम हुसैन, काजी नुरुल हसन सोहन, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, शैफ उद्दीन।

**श्रीलंका :** चरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

# रिकर्व में ओलंपिक चैंपियन लिम से प्री-क्वार्टर फाइनल में हारी गाथा



ग्वांगजू। विश्व चैंपियनशिप की रिकर्व तीरंदाजी में पदक जीतने का भारत का इंतजार बढ़ गया क्योंकि देश की आखिरी उम्मीद 15 वर्षीय गाथा खडके प्री-क्वार्टर फाइनल में दुनिया की नंबर एक लिम सी-हियोन से हार गईं। इससे पहले कि गाथा कुछ समझ पाती पलक झपकते ही सब कुछ खत्म हो गया। पेरिस ओलंपिक की तिहरी स्वर्ण पदक विजेता कोरियाई खिलाड़ी ने घरेलू दर्शकों के सामने बिना किसी परेशानी के यह मैच 6-0 से जीत लिया। भारत ने आखिरी बार 2019 में विश्व चैंपियनशिप में रिकर्व वर्ग में पदक जीता था। तब तरुणदीप राय, अतनु दास और प्रवीण जाधव की पुरुष टीम ने डेन बॉश में रजत पदक हासिल किया था।

# शेखावत का दमदार प्रदर्शन जारी फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में



**निंगबो।** भारत के निशानेबाज भावेश शेखावत ने आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) के चौथे दिन दमदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल क्वालीफिकेशन के पहले चरण में चौथा स्थान हासिल किया। इस तरह से भावेश फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने हुए हैं। भावेश ने 97, 99 और 97 की श्रृंखला के साथ 293 का स्कोर बनाया। जर्मनी के इमानुएल म्यूलर 295 के साथ शीर्ष, जबकि फ्रांस के क्लेमेंट बेसागेट 294 के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

भारत के अन्य खिलाड़ियों में प्रदीप सिंह शेखावत 288 (98, 95, 95) के साथ 24वें, जबकि मनदीप सिंह 272 (93, 91, 88) के साथ 43वें स्थान पर हैं।

# अच्छी शुरुआत के बाद मेहुली और मानिनी ने किया निराश



**निंगबो।** विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता भारतीय निशानेबाज मेहुली घोष और मानिनी कौशी ने आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में निराशाजनक प्रदर्शन किया। मेहुली ने क्वालीफिकेशन राउंड में 583 अंक बनाकर 23वां स्थान हासिल किया, जबकि मानिनी 66 निशानेबाजों के बीच 580 अंक के साथ 45वें स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा में भाग ले रही तीसरी भारतीय निशानेबाज सुरभि भारद्वाज 578 अंक के साथ 52वें स्थान पर रहीं। बाकू विश्व चैंपियनशिप 2023 में 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीतने वाली मेहुली ने नीलिंग पोजिशन में 98 के स्कोर के साथ अच्छी शुरुआत की थी।

## फिल्म के गाने "भाई वकील है" को चुनौती का मामला

# जॉली एलएलबी 3 : अभिनेता अक्षय कुमार, निर्माता आलोक जैन, निर्देशक सुभाष कपूर सहित अन्य से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर निवासी अधिवक्ता ने दायर की है जनहित याचिका**



हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने फिल्म जाली एलएलबी-थ्री के गाने भाई वकील है, को चुनौती के मामले में अभिनेता अक्षय कुमार व अरशद वारसी के अलावा निर्माता आलोक जैन-अजित अंधारे व निर्देशक सुभाष कपूर सहित अन्य नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने इसके लिए 17 सितंबर तक का समय दिया है। फिल्म की रिलीज डेट 19 सितंबर है। जनहित याचिका में राज्य शासन, प्रमुख सचिव गृह विभाग, सचिव, सूचना एवं प्रसारण, भारत सरकार, नई दिल्ली और चेयरमैन सेंट्रल बोर्ड आफ फिल्म सर्टिफिकेशन को भी पक्षकार बनाया गया है।

याचिकाकर्ता सिविल लाइन, जबलपुर निवासी अधिवक्ता प्रांजल तिवारी की ओर से अधिवक्ता प्रमोद सिंह तोमर व आरजू अली पैरवी ने कोर्ट को अवगत कराया कि आपत्ति का मुख्य बिंदु गाने के बोल हैं। जिनके जरिए वकालत जैसे नोबल प्रोफेशन को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास किया गया है। रगो में तिकड़मबाजी है, हर ताले की चाबी है, लगा के सेटिंग ऐसी रखी, बॉस भी हमसे राजी है, गाड़ी ठोंक के गोली मार, पकड़ी ड्रग चली तलवार, हर केस की पैकेज डील है, फिक्र ना कर तेरा भाई वकील है, कबीरा इस संसार में, सबसे सुखी वकील, जीत गए तो मोटी फीस, हार गए तो अपील, यह शब्दावली सर्वथा अनुचित है।

### वकालत का नेकबैंड पहनकर नाचना भी मानहानिकारक

याचिकाकर्ता ने भाई वकील है, गाने में अभिनेता अक्षय कुमार व अरशद वारसी द्वारा वकालत का नेकबैंड पहनकर नाचने को भी मानहानिकारक निरूपित किया है। उनका तर्क है कि हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में प्रकरण की पैरवी के दौरान वकील बैंड लगाते हैं और गाउन पहनते हैं। इससे साफ है कि वकालत के गणवेश की अपनी महत्ता है, जिसे इस तरह मनोरंजन के नाम पर अपमानित नहीं किया जाना चाहिए। फिल्म में न्यायपालिका व वकालत के पेशे को अपनमानजनक तरीके से चित्रित किया गया है। इससे समूचे विधिजगत व न्यायतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंची है।

### इलाहाबाद हाई कोर्ट से निरस्त हो चुकी है समान प्रकृति की पीआइएल

मामले की विगत सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से उपस्थित वकील ने अदालत को सूचित किया गया था कि इलाहाबाद हाई कोर्ट से भाई वकील है, गाने के विरुद्ध कार्रवाई की मांग वाली एक समान रिट याचिका निरस्त की जा चुकी है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी इस आधार पर फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की प्रार्थना को नामंजूर कर दिया था। उस याचिका में गाने के जरिए कथित तौर पर न्यायपालिका और कानूनी पेशे को बदनाम किए जाने का आरोप लगाया गया था। उक्त जानकारी को रिकार्ड पर लेकर हाई कोर्ट ने सवाल किया कि प्रस्तुत जनहित याचिका में निर्माता-निर्देश के उल्लेख के अभाव में कोई आदेश कैसे पारित किया जा सकता है। लिहाजा, जनहित याचिका में निर्माता-निर्देशक को आवश्यक पक्षकार बनाया जाना चाहिए। जनहित याचिका में कहा गया है कि गाने में फिल्म में वकीलों की भूमिका निभा रहे अभिनेताओं को इस तरह से नाचते हुए दिखाया गया है जो कानूनी पेशे में गरिमा, जिम्मेदारी और गंभीर कर्तव्य के प्रतीक नेकबैंड पहने हुए कानूनी बिरादरी का अपमान और उपहास करता है। याचिका के अनुसार, चित्रण न केवल अपमानजनक है, बल्कि सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952 की धारा-पांच-बी के तहत निर्धारित सिद्धांतों का भी उल्लंघन करता है। जनहित याचिका में आगे दावा किया गया है कि गाने में आपत्तिजनक, अश्लील और अपमानजनक बोल हैं, जो न केवल आम जनता-वकीलों की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि अश्लीलता का युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## आपराधिक अवमानना के आरोप का मामला

# महिला जज से अभद्रता के मामले पर हाईकोर्ट ने फिर से जारी किया नोटिस

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने जिला अदालत, खंडवा में पदस्थ महिला जज से अभद्रता के आरोपित अधिवक्ता को फ्रेश नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने अनावेदक वकील को आगामी सुनवाई की तिथि 23 सितंबर को उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि खंडवा निवासी अधिवक्ता ह्दयेश बाजपेयी के विरुद्ध आपराधिक अवमानना का प्रकरण दर्ज किया गया है। उसी पर सुनवाई जारी है। पूर्व में नोटिस जारी किया गया था। किंतु वह तामील नहीं हुआ। इसीलिए नए सिरे से नोटिस जारी किया गया है। आरोपित अधिवक्ता के आचरण को गंभीरता से लेते हुए जिला अदालत, खंडवा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्रकरण हाई कोर्ट भेज दिया था। जिसमें साफ किया था कि उनकी कोर्ट की महिला जज की अदालत में 22 अप्रैल, 2025 को चेक बाउंस के परिवाद की सुनवाई होना थी। पहले चरण में पुकार लगवाने के बाद भी एक पक्ष के वकील ह्दयेश बाजपेयी हाजिर नहीं हुए। दोबारा हुई सुनवाई के दौरान वकील बाजपेयी आए, तब महिला जज ने उन्हें तलवाना पेश करने कहा। इससे बाजपेयी नाराज हो गए और जज के विरुद्ध अत्यंत अपमानजनक शब्दावली का प्रयोग कर दिया।

**विशेष अदालत का फैसला**

# कुंभकरण की हत्या करने वाले भाईयों को उम्रकैद

हरिभूमि जबलपुर।

जिला अदालत ने बरेला निवासी कुंभकरण बैगा की चाकुओं से गोंदकर हत्या करने के आरोपित दो सगे भाईयों पुरुषोत्तम उर्फ लालन तिवारी व भुवनेश्वर उर्फ चुख्खन तिवारी का दोष सिद्ध पाया। विशेष न्यायाधीश गिरीश दीक्षित की कोर्ट ने दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई । साथ ही तीन-तीन हजार रुपये जुर्माना लगाया।

अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नविता पिल्लई ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 18 अक्टूबर, 2023 की सुबह करीब 11 बजे पुरुषोत्तम तिवारी के घर पर राजमिस्त्री कुंभकरण बैगा व एक अन्य लड़का भारत बैठा था। उसी समय गोविंद चौधरी भी अपनी उधार दी हुई सात सौ रुपये की राशि लेने पुरुषोत्तम तिवारी के घर गया था। जहां उसने देखा कि आरोपित पुरुषोत्तम उर्फ लालन तिवारी व कुंभकरण के बीच रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद हो रहा था। कुछ समय बाद कुंभकरण उठकर पुरुषोत्तम के भाई भुवनेश्वर उर्फ चुख्खन तिवारी के घर के पास आ गया, जहां चुख्खन खाना बना रहा था। उसी दौरान पुरुषोत्तम उर्फ लालन तिवारी चाकू लेकर पहुंचा और कुंभकरण पर हमला कर दिया, इस दौरान भुवनेश्वर ने कुंभकरण को पकड़ लिया। इसके बाद पुरुषोत्तम ने दनादन चाकू से कई वार किए। जिसके बाद डरकर गोविंद चौधरी व भारत भाग निकले। गोविंद की शिकायत पर बरेला पुलिस ने हत्या व एसटीएससी सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। विचारण दौरान पेश किए गए साक्ष्यों व गवाहों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने आरोपित पुरुषोत्तम उर्फ लालन व भुवनेश्वर उर्फ चुख्खन तिवारी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

# महिलाओं को धमका कर लूट करने वाला गिरोह सक्रिय

**जबलपुर**। शहर में लूट करने वाला गिरोह फिर सक्रिय हो गया। अभी एक दिन पहले ही ओमती थाना क्षेत्र में आनंद टाकीज के पास आटो में जा रही एक महिला के कंगन लूटकर भागे थे। ठीक इसी तर्ज पर मदनमहल थाना क्षेत्र में वारदरात हुई। यह बात है कि घटना 9 सितंबर की है और पुलिस ने रिपोर्ट लिखने में दो दिन लगा दिया। यहां होमसाईस कॉलेज रोड पर इलाज कराने के लिए जा रही एक महिला को पहले दो बदमाशों ने पुलिस वाला होकर भय दिखाया और जेवर उतरवाकर पर्स में रखवाए, कुछ देर बाद एक अन्य मोटरसायकिल में दो बदमाश आए और ई रिक्शा में बैठी महिला का बैग छीनकर भाग गए।

**फर्जी पुलिस वाले बनकर जेवर बैग में रखवाए, दूसरी गैंग लूट कर ले गई**

बैग में लॉकेट लगे हुए सोने की चैन और दो चूड़िया रखे हुए थे। जिनकी कीमत लगभग 3 लाख रुपए बताई गई है।

घटना के संबंध में मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकाश चौराहा वार्ड नंबर 8 बिरसिंगपुर थाना पाली जिला उमरिया निवासी 42 वर्षीय श्रीमति बबीता सोनी गत 9 सितंबर को अपना ईलाज कराने के लिये डॉक्टर अनुपम साहनी की अस्पताल आई थी यहां अपनी बड़ी बहन 58 वर्षीय अनीता सोनी के यहां रुकी थी। गत 9 सितंबर को सुबह करीब 11.15 बजे कोठारी अस्पताल से एक ई-रिक्शा मे बैठकर डॉक्टर अनुपम साहनी के यहां जा रही थी ऑटो रिक्शा वाला चाट का चसका के आगे तक ले गया वहां पर दो लड़के मोटर साईकल पर आये और कहा कि हम लोग पुलिस वाले है यहां समान चोरी हो रहा है आप अपना सामान बैग में रख लो तब उसने अपने जेवर सोने की चैन जिसमे लाकेट लगा था एवं दो चूँडिया हाथ से उतारकर सभी बैग में रख लिया कुछ देर बाद दो और लड़के मोटर साईकल से आ गये और उसका बैग झपट्टा मारकर ले गए। उसके बाद वह उसी रिक्शे से डॉक्टर अनुपम साहनी के यहां आ गई और उसके बाद अपने गाँव पाली चली गई। जहां परिजनों को दूसरे दिन घटना की जानकरी दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 304(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

# 2 स्मैक तस्कर पुलिस के हाथ लगे

**जबलपुर**। पनागर पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उसके पास से 3.37 ग्राम स्मैक एवं परिवहन में प्रयुक्त ओला ई स्कूटर जब्त की है। पनागर थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि शनि मंदिर के पास रैपुरा में वाहन चैकिंग के दौरान बिना नंबर के ओला ई स्कूटर वाहन में लोहिया पुल इमलई पनागर निवासी 20 वर्षीय साहिल पटेल और तिवारीखेडा थाना पनागर निवासी 26 वर्षीय सौरभ पटेल को गिरफ्तार कर उनके पास से 29 कागज की पुडियों में रखा 3.37 ग्राम स्मैक जब्त किया है।स्मैक के सम्बंध में पूछताछ करने पर भरदा फाटक के आगे पनागर निवासी जितेन्द्र यादव से 8 हजार 700 रूपये में 29 स्मैक की पुड़िया खरीदकर लाने की बात स्वीकार की। आरोपियों से स्मैक एवं ओला कम्पनी की ई स्कूटर जप्त करते हुये धारा 8/21 एन डी पी एस एक्ट, 39/192, 130(3)/177 मो. व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

## नर्मदा का जलस्तर 6 फीट बढ़ा

# बरगी डेम में पानी की आवक तेज, 9 गेट खोले गए

हरिभूमि जबलपुर।



बरगी बांध जलभरावक्षेत्र में गत दिवस हुई तेज बारिश से बांध का स्तर बढ़ने पर बांध से जल निकासी की मात्रा बढ़ा दी है। इससे नर्मदा के घाटों में 5 से 6 फुट पानी भर गया है। बांध के 9 गेट 0.78 मीटर औसत ऊंचाई पर खोले गए। शुक्रवार की सुबह बरगी बांध का जलस्तर 422.76 मीटर तक पहुंच गया था। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए डेम प्रबंधन ने गुरुवार रात आधा मीटर खुले 5 गेटों की ऊंचाई बढ़ाकर 1 मीटर करने का निर्णय लिया था। हालांकि सुबह तक आवक इतनी बढ़ गई कि गेटों की संख्या बढ़ाना आवश्यक हो गया। शुक्रवार सुबह 10 बजे डेम के 9 गेट 0.78 मीटर ऊंचाई तक खोल दिए गए, जिससे 1096 क्यूमेक पानी नर्मदा में छोड़ा जा रहा है।

बांध से पानी छोड़ने से पहले निचले क्षेत्रों के थानों और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दे दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने गुरुवार रात से ही नर्मदा तटवर्ती क्षेत्रों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क रहने और तट से दूर रहने की हिदायत दी। पानी छोड़े जाने से नर्मदा नदी का जलस्तर करीब 6 फीट बढ़ चुका है। बरगी बांध के कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह ने बताया कि शुक्रवार 12 सितंबर की सुबह 8 बजे जलस्तर 422.76 मीटर दर्ज किया गया। वर्तमान में डेम की जल उपयोगी क्षमता 3180 एमसीएम है। फिलहाल बांध में 897 क्यूमेक पानी की आवक दर्ज हो रही है।

### नागरिकों के लिए अलर्ट

प्रशासन ने नर्मदा किनारे रहने वाले लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और नदी तट पर न जाएं। पानी की आवक में और वृद्धि होने पर डेम प्रबंधन को गेटों की ऊंचाई और संख्या और बढ़ानी पड़ सकती है, जिससे नदी का जलस्तर और बढ़ेगा।







# डांडिया, रामलीला व दुर्गोत्सव समितियां अस्थाई कनेक्शन लेकर ही झांकी, पंडाल की सज्जा करें : ऊर्जा मंत्री

**जबलपुर**। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे रामलीला, दुर्गोत्सव, डांडिया एवं गरबा उत्सव के दौरान धार्मिक पण्डालों एवं झाकियों में बिजली साज-सज्जा कंपनी से नियमानुसार अस्थायी कनेक्शन आवश्यक रूप से लेकर ही करें। नवरात्रि त्यौहार तथा गरबा पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने के लिए उपयुक्त प्रबंध किए हैं।

### अस्थाई कनेक्शन लेने की प्रक्रिया

बिजली कंपनी के पोर्टल पर जाकर निर्धारित प्रपत्र में सही, संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए अस्थायी कनेक्शन के लिये ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। लायसेंसी विद्युत ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट आवेदन में संलग्न करें एवं वायरिंग इत्यादि लायसेंसधारी विद्युत ठेकेदार से ही करवाएं। आवेदन में दर्शाए अनुसार विद्युत भार के अनुरूप सुरक्षा निधि एवं अनुमानित विद्युत उपभोग की राशि अग्रिम जमा कराकर बिजली कंपनी से अस्थाई कनेक्शन की रसीद अवश्य लें। रसीद की लेमीनेटेड प्रति अनिवार्य रूप से पंडाल/झांकी के सामने लगाएं। आवेदित विद्युत भार से अधिक भार का उपयोग विद्युत साज-सज्जा के लिए न करें। विद्युत कनेक्शन मीटरीकृत होगा एवं विद्युत देयक की बिलिंग नियमानुसार अस्थायी कनेक्शन हेतु लागू घरेलू दर पर की जाएगी। झांकियों के निर्माण एवं विद्युत साज-सज्जा में सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। अनधिकृत तरीके से विद्युत का उपयोग न करें। अधिक जानकारी के लिए कंपनी के टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल कर सकते हैं।

### अस्थाई कनेक्शन न लेने पर दंड का प्रावधान

अधिक भार से ट्रांसफार्मर के जलने की संभावना तथा दुर्घटना की आशंका रहती है। पारेषण एव वितरण प्रणाली पर विपरीत असर होने से अंधेरे होने की संभावना रहती है। अनधिकृत विद्युत उपयोग करने पर इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 के तहत उपयोगकर्ता एवं जिस विद्युत ठेकेदार से कार्य कराया गया है, उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। अनधिकृत विद्युत उपयोग की दशा में संबंधित विद्युत ठेकेदार के लायसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

### अदालत ने निरस्त की अपील

# मदन महल के केटरर्स संचालक को अदा करनी होगी राशि

जबलपुर।

जिला न्यायाधीश महिमा कुशवाहा की अदालत ने एक वाद में राशि अदायगी को लेकर व्यवहार न्यायाधीश द्वारा दिए गए फैसले को सही ठहराया। अदालत ने पवन गुप्ता की ओर से दायर अपील निरस्त कर दी है। इसी के साथ 83 हजार रुपये छह प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करने के आदेश पर मुहर लगा दी। अपील मदनमहल रतन नगर निवासी पवन गुप्ता की ओर से दायर की गई थी। जिसमें 29 अगस्त, 2024 को व्यवहार न्यायाधीश द्वारा पारित 83 हजार रुपये ब्याज सहित भुगतान करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। प्रत्यार्थी चेरीताल निवासी दीपक कुमार रजक की ओर से अधिवक्ता संजय शर्मा, सुबोध अग्रवाल, प्रतिमा गुप्ता व अमित नामदेव ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि प्रत्याथी दीपक रजक दिव्यांश डेरी का संचालन करता है। अपीलार्थी की उनसे जान पहचान थी और वह पवन केटरर्स और आरपीजी फूड का संचालन करता था। जिस कारण वह प्रत्यार्थी दीपक की डेरी से दूध,



मक्खन, पनीर सहित अन्य सामग्री क्रय करता था। जिसकी राशि अदायगी की जाती थी, लेकिन काफी राशि शेष रह गई थी, जिसकी अदायगी अपीलार्थी नहीं कर रहा था। जिस पर दीपक रजक की ओर से एक वाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। अदालत ने पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद अपीलार्थी पवन गुप्ता को 83 हजार रुपये ब्याज सहित भुगतान करने के आदेश 29 अगस्त, 2024 को दिए थे। उक्त राशि भुगतान से बचने यह अपील दायर की गई। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद अदालत ने व्यवहार न्यायाधीश के फैसले को सही करार देते हुए दायर अपील निरस्त कर दी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

**78 खंडपीठों का किया गया गठन**

शनिवार, 13 सितंबर को हाईकोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर और खंडपीठद्वय इंदौर व ग्वालियर के अलावा जबलपुर सहित सभी अधीनस्थ अदालतों में एक साथ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।राष्ट्रीय विधिक सेवा समिति, नई दिल्ली के निर्देश पर मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आयोजन होगा। इस सिलसिले में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।जिला अदालत जबलपुर और तहसील अदालत सिहोरा-पाटन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिरा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी। इसके जरिए जिला न्यायालय जबलपुर, कुटुंब न्यायालय, श्रम न्यायालय व तहसील न्यायालय सिहोरा और पाटन के लंबित राजीनामा योग्य सिविल व दांडिक प्रकरण व वाद पूर्व प्रकरणों के निराकरण किया जाएगा। इसके लिए कुल 74 खंडपीठों का गठन किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरा की सचिव शक्ति वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने आम नागरिकों से आग्रह है कि वे अपने लंबित मामलों का समाधान कर लाभ उठाएं। विद्युत, जलकर और संपत्तिकर से संबंधित प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में विशेष छूट दी जा रही है। मध्य प्रदेश शासन, उर्जा विभाग के आदेश के अनुसार, विद्युत अधिनियम से जुड़े मामलों में न्यायालय में चल रहे प्रकरणों में 20 प्रतिशत राशि और ब्याज में छूट व प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में 30 प्रतिशत राशि और ब्याज में छूट दी जाएगी। यह छूट केवल लोक अदालत के दिन समझौता करने पर लागू होगी।



# राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथशाह के बलिदान दिवस की तैयारियां जारी

### कलेक्टर व एसपी ने किया स्थल का निरीक्षण

**जबलपुर**। राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथशाह के बलिदान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जबलपुर दौरा प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने माल गोदाम में राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथशाह की प्रतिमा स्थल और संग्रहालय, नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंफॉर्मेशन सेंटर और मानस भवन का दौरा किया।

राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथशाह ने 1857 की क्रांति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हुए अपनी जान गंवा दी थी। उनकी वीरता और बलिदान को याद करने के लिए हर साल 18 सितंबर को बलिदान दिवस मनाया जाता है।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने स्थल निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार और सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



# हैरान कर रहे मौसम के अजब-गजब मिजाज

**कभी धूप कभी उमस कभी बारिश**

**जबलपुर**। बादल आ रहे जा रहे, कब धूप निकल आए कब बारिश होने लगे, सारी संभावनाएं मौसम वैज्ञानिकों के साथ साथ आमजनता को भी हैरान कर रही हैं। गुरुवार को दिन भर मौसम खुला रहा, शाम को झमाश हुई और देर रात तक रिमझिम बारिश चलती रही। शुक्रवार को फिर मौसम खुल गया दिनभर धूप छांव के बीच गर्मी हावी रही। 43 इंच बारिश होने के बाद भी उमस पीछा नहीं छोड़ रही है।

मौसम विभाग का कहना है की अभी छुटपुट वर्षा होती रहेगी। मानसून सत्र 30 सितम्बर तक माना जाता है। इस हिसाब से बारिश सीजन के 23 दिन और बचे हैं। हालांकी रात में हलकी ठंडक आने लगी है, जिससे बारिश के कमजोर होने के संकेत भी मिलने लगे हैं।

मौसम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 32।07 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान 23.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 92 प्रतिशत और सायंकाल 75 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.56 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.16 मिनिट पर हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान वर्षा 22.4 हुई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 1103.8 मिमी (लगभग 43.4 इंच) दर्ज की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन वर्षा 6.0 मिलीमीटर हुई थी और कुल वर्षा 1338.2 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तर पूर्वी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ने की संभावना है।

# सदर चौपाटी फूलबाजार में चला बुल्डोजर

जबलपुर।

कैंट बोर्ड में राजीव कुमार के कार्यभार संभालने के बाद प्रशासनिक सख्ती और कामकाज में तेजी साफ दिखाई देने लगी है। कार्यकाल की शुरुआत विवादित मुद्दों से हुई है, जिसका पहला असर सदर चौपाटी के पास लगने वाले फूल बाजार पर देखने को मिला। लंबे समय से चले आ रहे विवाद के बीच बोर्ड के अमले ने आखिरकार कार्रवाई करते हुए यहां बुल्डोजर चला दिया। फुटपाथ पर बनी फूल विक्रेताओं की दुकानें हटवा दी गईं, जिनको लेकर कई वर्षों से कानूनी और प्रशासनिक खींचतान चल रही थी। राजस्व विभाग के रिकार्ड के अनुसार वर्ष 2017 में करीब 12 फूल विक्रेताओं को यहां दुकान और गोमटियां आवंटित की गई थीं। यह आवंटन वर्ष 2022 तक के लिए मान्य था। लेकिन समय सीमा समाप्त होने के बाद भी दुकानें चालू रहीं और कई व्यापारियों ने अतिक्रमण कर स्थायी शेड भी बना लिए थे। बोर्ड प्रशासन ने अब इन सभी दुकानों और अतिक्रमण को हटवाकर क्षेत्र को खाली करा लिया है।

फिलहाल फूल विक्रेताओं को एएसपी बंगले से लगी खुली जगह में अस्थायी रूप से दुकानें लगाने की मौखिक अनुमति दी गई है, लेकिन सूत्रों की मानें तो यह व्यवस्था भी ज्यादा दिनों तक नहीं टिकेगी। कैंट बोर्ड प्रशासन की योजना यादगार चौक से टीआई क्रॉसिंग तक व्यवस्थित पार्किंग विकसित करने की है। इसके चलते वहां से भी दुकानों को हटाने की संभावना जताई जा रही है।

जानकारी यह भी सामने आई है कि बोर्ड टैगोर उद्यान की दीवार से लगे फुटपाथ को हटाकर सड़क को चौड़ा करने की योजना बना रहा है। अधिकारियों का कहना है कि फुटपाथ हटने के बाद सड़क की चौड़ाई बढ़ेगी और यातायात सुगम होगा। ऐसे में साफ है कि फूल व्यापारियों को जल्द ही अपने व्यवसाय के लिए नया ठिकाना तलाशना पड़ेगा।

कैंट बोर्ड की इस कार्रवाई ने जहां एक ओर यातायात और पार्किंग की व्यवस्था सुधारने की दिशा में कदम बढ़ाया है, वहीं दूसरी ओर फूल व्यापारियों के सामने रोज़गार बचाने की चुनौती खड़ी कर दी है।

# हरित क्रांति से हरित भविष्य की ओरः डॉ एसके पाटिल

### जनेकृविवि में 22वाँ डॉ केके अग्रवाल स्मृति व्याख्यान सम्पन्न

**जबलपुर**। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के मृदा विज्ञान विभाग के अंतर्गत ऽहरित क्रांति से हरित भविष्यः टिकाऊ मृदा विज्ञान नवाचार विषय पर 22वाँ डॉ. के.के. अग्रवाल स्मृति व्याख्यान आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय मृदा विज्ञान समिति, जबलपुर चेप्टर द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. एस.के. पाटिल, पूर्व कुलपति, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में वन संरक्षण, परंपरागत कृषि प्रणाली और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सतत विकास की दिशा में मृदा विज्ञान की भूमिका को रेखांकित किया।



मुख्य वक्ता डॉ. एस.के. पाटिल ने व्याख्यान में मृदा क्षरण, कार्बनिक कार्बन में गिरावट, पोषक असंतुलन, जलवायु परिवर्तन और छोटे किसानों के आर्थिक संकट जैसी चुनौतियों की चर्चा करते हुए आधुनिक मृदा विज्ञान में तकनीकी नवाचार जैसे रिमोट सेंसिंग, GIS, AI, IoT और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि मृदा को केवल स्थिर आधार मानने के बजाय एक गतिशील प्रणाली के रूप में देखने की आवश्यकता है।उन्होंने कैटेना-आधारित और वाटरशेड-स्तरीय प्रबंधन, सहभागी मॉडल, नीतिगत समर्थन और प्रौद्योगिकी को अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए डॉ. के.के. अग्रवाल के उस दृष्टिकोण को याद किया जिसमें मृदा को भारत की आधारभूत संपत्ति कहा गया है। कार्यक्रम का संचालन शोध छात्रा कु. गायत्री तुरकर ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. बी.एस. द्विवेदी, सचिव, जबलपुर चेप्टर द्वारा किया गया।

## सरकार व किसान संघ आएंगे आमने-सामने

**सिंहस्थ उज्जैन में किसानों की जमीन अधिग्रहण का मामला**

**जबलपुर**। उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ को लेकर सरकार द्वारा जिस तौर तरीके से किसानों की जमीन अधिग्रहण की जा रही है और किसानों पर जबरदस्ती जमीन देने का दबाब डालने पुलिस से परेशान किया जा रहा है। इसको लेकर भारतीय किसान संघ का केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व सरकार से खासा नाराज है। किसान संघ के सूत्रों की माने तो किसान संघ ने लैंड पुलिंग एक्ट के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन की तैयारी कर ली है। प्रदेश में तहसील मुख्यालयों में ज्ञापन दिवस कार्यक्रम के साथ गांव गांव लैंड पुलिंग कानून के खिलाफ किसानों में जनजागरण किया जा रहा है। किसान संघ के ताल ठोकने के बाद अब साफ है कि आने वाले दिनों में उज्जैन बड़े किसान आंदोलन का केंद्र बनने जा रहा है। भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना व अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 सितंबर को किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र का उज्जैन आगमन हो रहा है और वे मंगलवार को आयोजित सामाजिक न्याय परिसर से प्रारंभ विशाल किसान ट्रैक्टर रैली में शामिल होंगे।

# पशु प्रेमी स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ की मैराथन बैठक

**जबलपुर**। स्ट्रीट डॉग से हो रही लोगों को परेशानियों और श्वानों के प्रति सुनी जा रही क्रूरताओं के समाधान के लिए आज महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने नागरिक उपभोक्ता मंच एवं पशुप्रेम स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ मैराथन बैठक की। महापौर ने मैराथन बैठक के दौरान नागरिकों को श्वानों से हो रही परेशानियों और श्वानों के प्रति क्रूरता से मुक्ति दिलाने वार्ड स्तर पर समितियाँ बनाने के संबंध में निर्णय लिया और यह भी कहा कि वार्ड स्तर पर गठित सभी समितियों का विधिवत संचालन केन्द्रीय कार्यालय में गठित 21 सदस्यीय समिति के सदस्यों के द्वारा किया जायेगा। बैठक में महापौर ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के कानून एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पारित आदेश के तहत आज उनके द्वारा एन.जी.ओ. के साथ बैठक की गई और सभी एन.जी.ओ. के प्रतिनिधियों से समाधान के लिए महात्वपूर्ण सुझाव लिये गए।



महापौर ने बैठक के दौरान बताया कि नगर निगम को स्ट्रीट डॉग का बधियाकरण करने तथा टीकाकरण करने के लिए अधिकार प्रावधानित है। उन अधिकारों में यह भी प्रावधान किया गया है कि जिन गलियों से श्वानों को बधियाकरण के लिए या टीकाकरण के लिए उठाया जायेगा, उपचार होने के उपरांत उन्हीं गलियों में उन्हे छोड़ा भी जायेगा।

नागरिक उपभोक्ता मंच के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ. पी.जी. नाज पाण्डेय ने सर्वप्रथम बैठक के दौरान स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 में देश में दूसरे स्थान प्राप्त होने की उपलब्धि पर महापौर को बधाई दी। डॉ. पी.जी. नाज पाण्डेय के साथ-साथ सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित सभी स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी महापौर को उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई दी। डॉ. पी.जी. नाज पाण्डेय ने कहा कि महापौर के नेतृत्व मे एन.जी.ओ. एवं वेटनरी कॉलेज के चिकित्सकों के सहयोग से नागरिकों की श्वानों से सुरक्षा और श्वानों को क्रूरता से मुक्ति दिलाने समाधान निकाला जायेगा और जबलपुर देश में एक बेहतरीन आदर्श मॉडल पेश करेगा जिसका दूसरे शहर के लोग भी अनुसरण करेगें। मैराथन बैठक में नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज ने भी विचार व्यक्त किये और स्ट्रीट डॉग प्रेमियों के साथ बैठक करने की पहल करने तथा समाधान निकालने की दिशा में कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए महापौर श्री अन्नू को साधूवाद दिया तथा उनकी सराहना की।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल के सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेकराम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, वेटनरी कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सकगण के साथ स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंकिता बर्मन, सहायक विधि अधिकारी राजीव अनभोरे, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र राज, अर्जुन यादव, संतोष गौर के साथ-साथ सैंकड़ों की संख्या में स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे।



# रक्तदान शिविर की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**जबलपुर**। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में 17 सितम्बर को रक्तदान शिविर के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान विधायक अशोक रोहाणी, संतोष बरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष मती आशा मुकेश गोटिया, नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कहा गया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान के दौरान 17 सितम्बर को जिले में वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। रक्तदान शिविर में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की भावना को भी समाहित किया गया है। जिसमें महिलाओं का स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण कर समाज व राष्ट्र को प्रगति की ओर प्रशस्त करना है। बैठक में कहा गया कि इस अवसर पर जिला चिकित्सालय, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व स्वास्थ्य संस्थाओं में विधानसभावार वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। साथ ही कहा गया कि रक्तदान से लोगों की जिन्दगी बचाने में आगे आकर कार्य करना चाहिए। इस संबंध में सीएमएचओ को निर्देशित किया गया कि वे जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर रक्तदान स्थल का चयन करें और उस चयनित जगह के बारे में आमजन को बतायें, ताकि स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले लोग उक्त तिथि पर चयनित स्थल में आकर रक्तदान कर लोगों के जीवन बचाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सके।

▸ वर्षों से कर रहे थे यातायात अवरुद्ध
▸ कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी नपा

# सिहोरा नगर पालिका ने हटाये दर्जनों अतिक्रमण

हरिभूमि सिहोरा।

शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में अतिक्रमणकारियों के बुलन्द हौसलों के चलते पटरी से उतरी यातायात व्यवस्था रेंगने को विवश हो गई थी। स्थानीय लोगों के बढ़ते दबाव एवं अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही की मांग पर नगरपालिका ने पुलिस टीम को साथ लेकर यातायात में अवरोध उत्पन्न कर रहे अतिक्रमण को हटाने की मुहिम शुरू की है इससे शहर में हड़कंप मचा हुआ है शुक्रवार को शहर के सबसे व्यस्ततम कथित लेवर चौक पोस्ट आफिस चौराहा सहित पुराने बस स्टैंड के अस्थाई अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया सुबह से शुरू हुई कार्रवाई शाम तक तलती रही क्षेत्र में फैले अतिक्रमण बुलडोजर से ध्वस्त कर दिए गए साथ ही टपरे आदि जमाकर किये अतिक्रमण को हटाकर अनेक टपरों को जब्त किया गया।





## चेतावनी के बाद भी नहीं हटाए अवैध कब्जे

अतिक्रमण हटाने की मुहिम का कुछ जगहों पर विरोध भी हुआ लेकिन प्रशासन ने अतिक्रमण करने वालों को पूर्व में ही नोटिस जारी कर चेतावनी दी कि अब शहर की व्यवस्था बिगाड़ने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी सी एम ओ शैलेंद्र ओझा का स्पष्ट कहना है की शहर को व्यवस्थित बनाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं अभियान के तहत पहले क्षेत्र का निरीक्षण किया गया अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी इसके बाद भी मुख्य मार्ग तक अतिक्रमण कर यातायात बाधित कर रहे अतिक्रमण पर बुलडोजर जे सी बी चलाई गई। पुराने बस स्टैंड का आलम तो यह है कि बहुत से लोग खुद अतिक्रमण करके वो जगह किराये से दे देते हैं और फिर दुसरी जगह अतिक्रमण कर लेते। विदित हो पोस्ट आफिस चौराहा से ज्वालामुखी मार्ग स्थित नगर के एक मात्र कन्या हायर सेकेंडरी, सरस्वती शिशु मंदिर,चंदा देवी नारायण प्रसाद हायर सेकेंड्री स्कूल के अलावा उप जेल,विपणन,लीड कार्यालय एवं वेयरहाउस सहित अन्य प्रतिष्ठान होने के कारण यातायात का दबाव बना रहता है लेकिन मार्ग के दोनों ओर टपरा टपरी रखकर किए गए अतिक्रमणों के कारण आए दिन दुर्घटना घटित हो रही थी। रोड पर लगी दुकानों के बाहर लगे टीन शेड और पक्के निर्माण को हटाने टीमें पहुंचीं कुछ दुकानदारों ने स्वयं अतिक्रमण हटाया लेकिन कई जगहों पर जेसीबी से हटाना पड़ा अभियान की शुरुआत बस स्टैंड की ओर से हुई यहां अतिक्रमण हटाने का कार्य प्रारंभ हुआ। स्थानीय लोगों ने संदीपनी पंडित विष्णु दत्तहायर सेकेंडरी स्कूल से गौरी तिराहा के तीनों मार्गों के आस्थाई अतिक्रमण पर भी कार्यवाही की मांग की है। अतिक्रमण विरोधी अभियान में नगर पालिका के राजस्व अमले के मुखिया आर आई सुशील कुमार वर्मा, रवि बर्मन, चमन श्रीवास, प्रदीप पांडे, सुजीत पटेल, संतोष कुमार तिवारी, संजय पाठक, इम्तियाज खान, अयूब खान, देवी सिंह साहू, अनिकेत तिवारी, हिमांशु कुरारिया, कोड़ी साहू,शिवम वंशकार नगर पालिका के कर्मचारियों के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

# गुनहरु मोहसाम में मनाया गया उमंग दिवस

**सिहोरा।** शासकीय हाईस्कूल गुनहरु मोहसाम में शासन के निर्देशन में उमंग दिवस कार्यक्रम बहुत हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम सरस्वती पूजन और उमंग एंथम गीत के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों के द्वारा उमंग कॉर्नर बनाया गया और गतिविधियां, रोल प्ले, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी कराई गई। जिला मास्टर ट्रेनर और शाला के हेल्थ और वेलनेस एंबेसडर नोडल शिक्षक अरविंद उपाध्याय ने बताया कि आधुनिक युग में गिरते जीवन स्तर और जीवन में बन रहे भटकाव में अब स्कूली बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ जीवन की चुनौतियों का प्रभावी तरीके से सामना करने में जीवन कौशल शिक्षा उमंग कार्यक्रम सक्षम बनाती है। इससे किताबी ज्ञान तो होगा ही साथ में सामाजिक जीवन से जुड़ी नैतिक और व्यवहारिक ज्ञान भी होगा। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य सुश्री रमा शर्मा के द्वारा अपने आशीष वचन देकर सहभागिता कर रहे बच्चों को पुरस्कार वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम में बसंत पटेल,राधा पाठक,योगेश सिंह,राजीव सक्सेना आदि सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही।



# सिहोरा में हुई एनीमिया मुक्त भारत पर कार्यशाला

**सिहोरा।** सिविल अस्पताल सिहोरा में एनीमिया मुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य शिशु मृत्यु दर को कम करना और शिशु स्वास्थ्य में सुधार लाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.अर्शिया खान के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला में विकासखंड सिहोरा के सभी सरकारी, गैर-सरकारी, अनुदान प्राप्त, और आदिवासी आश्रम स्कूलों के नोडल शिक्षकों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें तरुण तिवारी और बीसीएम वीरेंद्र कुमार मेहरा ने शिक्षकों को अभियान के तहत की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही बाल्यकाल एनीमिया और उसके प्रबंधन के बारे में भी गहन प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अशोक तिवारी, योगेन्द्र मिश्रा, के जी पाठक, आशीष पहारिया,अश्वनी पटेल, उत्तम तिवारी, अनूप पाण्डे, संतलाल मोगरे, सुनील दत्त तिवारी, पूनम पहारिया, आराधना यादव, अर्चना पांडेय, माया तंतुवाय, और अश्वनी कोरी शामिल थे। यह कार्यशाला राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



# राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर से मिला



**जबलपुर।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर दीपक सक्सेना से भेंट कर पत्रकारों के लिए लागू बीमा योजना से संबंधित समस्याओं को लेकर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि इस वित्तीय वर्ष में बीमा किश्त की राशि पुनः बढ़ा दी गई है, जो न्यायसंगत नहीं है। प्रतिनिधियों ने बताया कि 22 सितंबर से बीमा शुल्क पर 18 प्रतिशत जीएसटी भी समाप्त हो रही है, ऐसे में वर्तमान में वसूली जा रही जीएसटी की राशि को घटाया जाए और बीमा प्रीमियम की राशि को भी यथोचित रूप से कम किया जाए। इसके साथ ही बीमा प्रीमियम जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग भी की गई। प्रतिनिधिमंडल ने मध्यप्रदेश जनसंपर्क आयुक्त बनने पर कलेक्टर दीपक सक्सेना को शुभकामनाएं एवं बधाई भी प्रेषित की। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेयी, राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक, प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया, जिला अध्यक्ष सिमरन सिंह शुक्ला, जिला महासचिव अनुराग दीक्षित सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टिट्यूट में आंतरिक हैकथॉन 2025 का सफल आयोजन



**जबलपुर।** बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जबलपुर के तत्वावधान में एक दिवसीय आंतरिक हैकथॉन 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस नवाचार-आधारित तकनीकी प्रतियोगिता में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभागों की कुल 80 टीमों ने भाग लिया। इस हैकथॉन में छात्रों ने ट्रांसपोर्टेशन एवं लॉजिस्टिक्स, क्लीन एंड ग्रीन टेक्नोलॉजी, रिड्यूस ट्रैफिक सिस्टम, फूड टेक्नोलॉजी, रूरल सिस्टम्स जैसे विभिन्न समसामयिक और नवाचारी विषयों पर अपने प्रोजेक्ट्स एवं प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में आईटी उद्योग से कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इनमें पेज अप सॉफ्टवेयर से अनूप रॉय, अमित दुबे, मयंक बिसेन, एलीशा फ्रांसिस, परसिस्टेंट सिस्टम्स से निरामय सोनी, तथा गिटपॉड से सिद्धांत खरे शामिल थे। इन सभी ज्यूरी सदस्यों ने छात्रों के आइडियाज का मूल्यांकन किया एवं उनके नवाचार की सराहना की।

कार्यक्रम ग्लोबल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. सौरभ बड़ेरिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर डॉ. राजीव खत्री एवं डिप्टी डायरेक्टर डॉ. निहारिका यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. सौरभ शर्मा, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. विशाल परांजपे तथा समस्त कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसरों के सहयोग से यह आयोजन संपन्न हुआ।

## आत्मा का धर्म है क्षमा

# "मिलिए महावीर से" कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** सुप्रभातम एवं गुंजन कला सदन के संयुक्त तत्वावधान में क्षमावाणी पर्व के उपलक्ष में "मिलिए प्रभु महावीर से" कार्यक्रम का आयोजन शहीद स्मारक सभागार में किया गया। समारोह में अतिथि के रूप में आदि शंकराचार्यजी, भगवान महावीर एवं गुरुनानक देव के विग्रह मंच पर रखे गए थे। संयोजक अभय जैन ने क्षमावाणी पर्व के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की वर्षा बहन ने कहा की क्षमा आत्मा का धर्म है। संयोजक आलोक पाठक ने कहा कि क्षमा सभी धर्मों का वास्तविक दर्शन है, यह मानवीय जीवन की आधारशिला है। विधायक डॉ. अभिलाष पांडे एवं ज्ञान गंगा कॉलेज के डायरेक्टर पंकज गोयल ने क्षमा को जीवन के लिए मंगलकारी बताया।

प्रारंभ में मंगलाचरण रोहित दुबे ने किया। अपनी डांस फैमिली के कलाकार दीप्ति, शैलजा, अपर्णा ने गणेश वंदना के माध्यम से सबको मोहित कर दिया। वरिष्ठ कलाकार रवि शुक्ला, श्रीमती भावना जैन, सुब्रत पात्रा ने भजन प्रस्तुत किए। पायल, माही, अनिका एवं नेहा जैन ने "जैनम जयतु शासनम" भाव प्रधान नृत्य नाटिका प्रस्तुत करते हुए महावीर के संदेशों को नमन किया। संचालन राजेश पाठक प्रवीण, भावना जैन एवं आलोक पाठक द्वारा किया गया। दीप प्रज्जवलन डॉ. आनंद तिवारी जादूगर निगम, संदीप जैन, अनिल जैन, कैलाश चंद्र जैन आदि ने किया। इस अवसर पर ज्योति प्रकाश अवस्थी, हरविन्दर सिंह सलूजा, अजीत नायक, रवि चौधरी, गजेंद्र राठौर विठ्ठल विद्य, विजय भावे, नागेंद्र सिंह, संजीव गुप्ता, जलज जैन, सोमेश सराफ, मनीष जैन, प्रमोद कुशवाहा के साथ समरसता सेवा संगठन, सनाढ्य संगम, पाथेय संस्था के साथ विविध समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। आभार डॉ. अपर्णा पाठक ने व्यक्त किया।



# चौपट सफाई व्यवस्था, सफाई कर्मियों का वेतन न मिलने पर रांझी जोन कार्यालय घेरा

**जबलपुर।** पूर्व पार्षद एवं प्रदेश सचिव राजेश यादव ने बताया कि गोकलपुर रांझी के सभी वार्डों की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है, न नालियां साफ हो रही हैं, न कचरा उठ रहा है, जगह-जगह गंदगी बजबजा रही है, डोर-टू-डोर व्यवस्था चौपट हो गई है। इसी वजह से विगत चार माह से सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया गया है, जिससे कर्मचारी काम नहीं कर रहे हैं, इन कर्मचारियों को परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है।उक्त अव्यवस्था के विरोध में 12 सितम्बर को मस्ताना चौक रांझी में सभी कर्मचारी एवं कांग्रेस नेताओं ने एक पैदल मार्च निकाला और रांझी जोन कार्यालय का घेराव किया। लगभग एक घंटा प्रदर्शन के बाद अपर कमिश्नर मनोज श्रीवास्तव, डीओ नरेश शर्मा एवं अन्य अधिकारी की उपस्थिति में प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की। इसके बाद एक ज्ञापन निगम कमिश्नर के नाम सौंपा गया, जिसमें 24 घंटे के अंदर सफाई कर्मचारियों को वेतन देने, आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन देने, ठप पड़ी सफाई व्यवस्था में सुधार किए जाने, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइन में सुधार कराने की मांग की गई। पूर्व पार्षद राजेश यादव ने कहा कि जिनके दम पर जबलपुर को सफाई में पांचवां स्थान मिला, उन्हीं को वेतन से वंचित किया जा रहा है। यदि 24 घंटे के अंदर वेतन भुगतान नहीं किया गया तो निगम कमिश्नर और महापौर के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान राजेश यादव, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, पार्षद मथुरा चौधरी, राजीत यादव, कमलेश सिंह, एड. राजेन्द्र मिश्रा, रमेश बोहित, एड. सौरभ सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, टीटू जग्गी, गोरइया यादव, अनिल सोनकर, राजा वंशकार, अतुल डोंगरे, अखिल चौबे, महेश मिश्रा, सुभाष पटेल, कमलेश चौधरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त निगमायुक्त का अजाक्स पदाधिकारियों ने किया स्वागत



**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर के नवनियुक्त निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार का अजाक्स संघ, नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी संघ एवं चालक संघ के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। संघ की तरफ से शहर में व्यापक रूप से साफ-सफाई व्यवस्था एवं विकास के लिए भी निगमायुक्त से चर्चा की गई, जिस पर निगमायुक्त ने संघ पदाधिकारियों को समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अजाक्स संघ अध्यक्ष अमित मेहरा, अक्षय कोरी, मन्नू पटेल, रामाराव मगरदे, कृष्णकांत रावत, राजेन्द्र मेहरा, आनंद राव, प्रतेश मसोरडकर, महेन्द्र मलिक, नायडू, रामू भैया, रामू कोरी, राहुल कोरी एवं संघ के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कर्मयोगी अभियान में दो दिवसीय प्रशिक्षण

**बरेला।** ग्राम पंचायत रिछाई शारदा नगर में दो दिवसीय कर्मयोगी अभियान का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम चरण में सरपंच आशीष शुक्ला, मास्टर ट्रेनर अमरीश गिरी, श्रीमती श्यामा मैडम एवं रचित मिश्रा के द्वारा सरस्वती पूजन वंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायती शारदा नगर के सचिव सौरभ सुल्लेरे, सहायक सचिव संतोष यादव, शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग,पी एच ई विभाग, राजस्व विभाग आंगनवाड़ी विभाग, वन विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का अधिकारी कर्मचारी द्वारा भाग लिया गया जिसमें मास्टर ट्रेनर द्वारा कार्यक्रम में संबंधित जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई।

# 279 पाव देशी शराब जप्त

**जबलपुर।** कटंगी थाना अतंर्गत पौड़ी कैमारी रोड पर मोड़ के पास अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 279 पाव देशी शराब जब्त की है। कटंगी थाना प्रभारी श्रीमति पूजा उपाध्याय ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर पौडी- कैमारी रोड पर मोड के पास शराब बेचने की फिराक में खड़े हरदुआ कटंगी निवासी 42 वर्षीय विनोद सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से 297 पाव देशी शराब जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

# संतान नहीं होने पर पति से प्रताड़ित आकांक्षा ने की थी आत्महत्या

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत मुंडी टोरिया में चंद्रमोहन नगर में एक महिला द्वारा जहर खाकर आत्महत्या कर ली गई थी। इस मामलें में पुलिस द्वारा मर्ग विवेचना के दौरान यह बात सामने आई कि संतान नहीं होने पर पति द्वारा प्रताड़ित किए जाने पर महिला ने आत्मघाती कदम उठाया था। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 जुलाई को 33 वर्षीय श्रीमति आकांक्षा तिवारी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलें को जांच में लिया और मायके पक्ष के बयान दर्ज किए। उसमें यह बात सामने आई कि शादी के 11 साल बाद भी आकांक्षा को संतान नहीं होने के कारण पति अशोक तिवारी मानसिक व शारीरिक रुप से प्रताड़ित करता था, जिससे तंग आकर आकांक्षा ने 31 जुलाई को जहर खा लिया। 1 अगस्त को इलाज के दौरान मेडीकल कॉलेज में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी पति अशोक तिवारी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध धारा 108 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर लिया।

**श्री मेजर बी. विजया कुमार-** अधिकारी एनक्लेव केंट निवासी मेजर बी. विजया कुमार (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कमल कुमार सतवानी-** फूटाताल निवासी श्री चेतनदास सतवानी के पुत्र श्री कमल कुमार सतवानी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संजय विजय उपाध्याय-** केसरी नगर मानेगांव निवासी श्री संजय विजय उपाध्याय (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश सुखवानी-** द्वारका नगर गोस्वामी दरबार लालमाटी निवासी श्री नानकराम सुखवानी के पुत्र श्री राजेश सुखवानी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रणजीत सिंह शर्मा-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री रणजीत सिंह शर्मा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि कुमार जनवार-** राजीव गांधी नगर आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री राजकुमार जनवार के पुत्र श्री रवि कुमार जनवार (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती फूलकली साहू-** सालीवाड़ा गौर निवासी श्री राजकुमार साहू की धर्मपत्नी श्रीमती फूलकली साहू (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भीकम लाल रैकवार-** ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी श्री भीकम लाल रैकवार (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कमलेश कोल-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री छोटे लाल कोल के पुत्र श्री कमलेश कोल (45) का निधन हो गया।




अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पार्वती बाई चक्रवर्ती-** बाबा टोला दुर्गा चौक निवासी श्री किशन लाल चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई चक्रवर्ती (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गुलाब चौधरी-** कंचनपुर रेतनाका गौरीघाट रोड निवासी श्री गुलाब चौधरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंदा बाई मेहरा-** स्टार ग्रीन सिटी हिनोतिया गौर निवासी श्री जीवन लाल मेहरा की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा बाई मेहरा (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मुर्गेश पिल्लई-** नेहरू नगर पुल नं. 2 के पास निवासी श्री मुर्गेश पिल्लई (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पार्वती बाई अहिरवार-** गौरीघाट झंडा चौक निवासी श्री गुट्टू लाल अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई अहिरवार (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सूरज वर्षे-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री सूरज वर्षे (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजन नायर-** कैरव्ज के पास साउथ सिविल लाइन निवासी श्री राजन नायर (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-

# उमंग कार्यक्रमः बच्चों ने चित्रों से रचा उज्जवल भविष्य का सपना



**पाटन।** संदीपनी सीएम राइज विद्यालय पाटन में उमंग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि राजेश नायक ने अपने प्रेरणादायक अनुभवों से बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ भगवती की स्तुति से हुई। विद्यालय के प्राचार्य अनुज सेन व कार्यक्रम प्रभारी वंदना साहू के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने चित्रकला के माध्यम से सामाजिक, पारिवारिक और रचनात्मक भावनाओं को जीवंत किया। चित्रों में बच्चों की कल्पनाशीलता और आत्मविश्वास साफ नजर आया। श्रीमती भारती नेमा की अगुवाई में चित्रकला प्रदर्शनी हुई। मंच संचालन और आभार प्रदर्शन वंदना साहू ने किया। इस अवसर पर शाला स्टाफ व कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। बच्चों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।

## सब्जियां, मांस और मछली की कीमतों में हुई वृद्धि

# रसोई का सामान महंगा होने से खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में मामूली बढ़कर पहुंची 2.07 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में मासिक आधार पर बढ़कर 2.07 प्रतिशत हो गई। मुख्य रूप से सब्जियों, मांस और मछली की कीमतों में वृद्धि के कारण महंगाई बढ़ी है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इससे पिछले महीने जुलाई में यह 1.61 प्रतिशत थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में नौ महीनों तक लगातार गिरावट के बाद मुद्रास्फीति में यह वृद्धि हुई है। नवंबर 2024 से इसमें गिरावट आ रही थी। हालांकि सालाना आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति में कमी आई है। बीते वर्ष अगस्त में यह 3.65 प्रतिशत थी।

### एनएसओ ने जारी किए आंकड़े

इस दौरान खाद्य मुद्रास्फीति शून्य से नीचे यानी इसमें 0.69 प्रतिशत की गिरावट आई।राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने कहा, ''अगस्त 2025 के दौरान सकल मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि मुख्य रूप रूप से सब्जियों, मांस और मछली, अंडे, तेल और वसा, व्यक्तिगत देखभाल और खाद्य उत्पादों के महंगा होने के कारण हुई।

### अच्छे रुझानों के बावजूद बढ़ी महंगाई

नायर ने कहा, ''आगे खरीफ बुवाई के अच्छे रुझानों के बावजूद, अगस्त 2025 के अंत और सितंबर 2025 की शुरुआत में देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ से फसल की पैदावार और कीमतें प्रभावित हो सकती हैं। इस पर ध्यान देने की जरूरत है।''



- जुलाई में खुदरा महंगाई 1.61 प्रतिशत थी
- नौ महीनों तक लगातार गिरावट के बाद वृद्धि दर्ज
- सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति में तेजी आई

### आवास मुद्रास्फीति में आई कमी

सीपीआई के आंकड़ों के मुताबिक अगस्त में आवास मुद्रास्फीति 3.17 प्रतिशत के मुकाबले 3.09 प्रतिशत रही। एनएसओ ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल करते हुए चयनित 1,181 गांवों और 1,114 शहरी बाजारों से मूल्य आकंड़े एकत्र किए।

### मुद्रास्फीति चार फीसदी पर रखने की जिम्मेदारी

सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ मुद्रास्फीति चार प्रतिशत पर बनाये रखने की जिम्मेदारी दी हुई है। ग्रामीण भारत में मुद्रास्फीति जुलाई के 1.18 प्रतिशत से बढ़कर अगस्त में 1.69 प्रतिशत हो गई। देश के शहरी क्षेत्रों में, यह मासिक आधार पर 2.1 प्रतिशत की तुलना में 2.47 प्रतिशत रही।

### विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि

स्वर्ण भंडार का मूल्य बढ़ने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच सितंबर को समाप्त सप्ताह में 4.04 अरब डॉलर बढ़कर 698.27 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 3.51 अरब डॉलर बढ़कर 694.23 अरब डॉलर हो गया था। आरबीआई की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, पांच सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 54 करोड़ डॉलर बढ़कर 584.47 अरब डॉलर हो गईं।

### देश के स्वर्ण भंडार में बढ़ोतरी

डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, आलोच्य सप्ताह में देश का स्वर्ण भंडार 3.53 अरब डॉलर बढ़कर 90.30 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.4 करोड़ डॉलर घटकर 18.74 अरब डॉलर रह गए। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष में भारत की आरक्षित भंडार 20 लाख डॉलर बढ़कर 4.75 अरब डॉलर हो गया।

## टर्न ग्रुप ने निवेशकों से जुटाए 2.4 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को प्रतिभा उपलब्ध कराने वाली कंपनी टर्न ग्रुप ने 2.4 करोड़ डॉलर (करीब 211 करोड़ रुपये) की पूंजी जुटाई है। एक बयान में यह जानकारी दी। 'सीरीज ए'' वित्तपोषण का नेतृत्व ब्रिटेन की नोशन कैपिटल ने किया है, जिसमें आरटीपी ग्लोबल, लोकलग्लोब, ईक्यू2 वेंचर्स और लियो कैपिटल जैसे बड़े निवेशक भी शामिल हैं।

# जीएसटी सुधार से कोयले पर कर घटेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने कहा कि जीएसटी दरों में किए गए बदलाव से कोयले पर कर का बोझ घटेगा और बिजली उत्पादन की लागत में कमी आएगी। पहले कोयले पर पांच प्रतिशत जीएसटी के साथ 400 रुपये प्रति टन क्षतिपूर्ति उपकर लगाया जाता था। अब जीएसटी परिषद ने उपकर को हटाने और कोयले पर जीएसटी दर को 18 प्रतिशत करने का फैसला किया है। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कर सुधारों से ग्रेड जी-6 से जी-17 तक के कोयले पर कर घटने से बिजली क्षेत्र को औसतन 260 रुपये प्रति टन की बचत होगी। इससे बिजली उत्पादन लागत में 17–18 पैसे प्रति यूनिट की कमी आने का अनुमान है। पहले समान उपकर की वजह से कम गुणवत्ता वाले और सस्ते कोयले पर कर बोझ अधिक था।

जी-11 ग्रेड वाले गैर-कोकिंग कोल पर कर 65.85 प्रतिशत तक पहुंच जाता था जबकि उच्च गुणवत्ता वाले जी-2 ग्रेड कोयले पर यह 35.64 प्रतिशत था।

- बिजली उत्पादन लागत होगी कम : मंत्रालय
- अब कोयले में जीएसटी दर 18 फीसदी करने का निर्णय

**घरेलू कोयले को बढ़ावा मिलेगा**

*सरकार ने कहा कि यह सुधार घरेलू कोयले को आयातित कोयले के मुकाबले प्रतिस्पर्धी बनाएंगे और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देंगे। उपकर हटने से आयातित उच्च गुणवत्ता वाले कोयले की लागत घरेलू कोयले से कम पड़ने की स्थिति समाप्त होगी।*

### रुपया निचले स्तर से सात पैसा उबर 88.28 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर सूचकांक में कमजोरी और घरेलू बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच शुक्रवार को भारतीय रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरकर सात पैसे की बढ़त के साथ 88.28 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू मुद्रा एक सीमित दायरे में रहते हुए अपने सर्वकालिक निचले स्तर के आसपास ही रही।


### जूपी ने 170 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

**नई दिल्ली।** गेमिंग कंपनी जूपी ने 170 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। यह उसकी कुल कर्मचारियों की संख्या का 30 प्रतिशत है। कंपनी ने यह कदम नए कानून के कारण उठाया है, जिसमें पैसा आधारित ऑनलाइन गेम पर रोक लगाई गई है। इस नई नीति के कारण कंपनी को अपने कामकाज में बदलाव करना पड़ा है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह छंटनी ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन अधिनियम, 2025 के लागू होने के बाद की गई है।

# सकारात्मक संकेतों से शेयर बाजार में तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की तरफ से ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के बीच शुक्रवार को वैश्विक बाजार में तेजी के अनुरूप स्थानीय शेयर बाजार चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 356 अंक की बढ़त पर रहा जबकि निफ्टी में 108 अंक की तेजी रही। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के सफल समापन को लेकर नए सिरे से जगी उम्मीदों ने भी बाजारों में तेजी को बढ़ावा दिया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार पांचवें दिन 355.97 अंक उछलकर 81,904.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 108.50 अंक बढ़कर 25,114 अंक पर रहा। यह लगातार आठवां दिन है जब निफ्टी में तेजी रही। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, मारुति और टाटा मोटर्स के शेयरों में तेजी रही। दूसरी तरफ, इटर्नल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, ट्रेंट और टाइटन के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।



- सेंसेक्स 356 और निफ्टी 108 अंक चढ़ा
- फेड के ब्याज दर में कटौती की उम्मीद बढ़ी

अमेरिका में ब्याज दर कटौती की उम्मीद में घरेलू बाजार तीन सप्ताह के ऊपरी स्तर पर बंद हुए।

# शुरुआती प्रीपेड प्लान हटाने पर ट्राई हस्तक्षेप नहीं करेगी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने रिलायंस जियो और भारती एयरटेल से शुरुआती प्रीपेड रिचार्ज प्लान को वापस लेने की खबरों पर तथ्यात्मक स्थिति मांगी थी लेकिन तत्काल हस्तक्षेप करने की कोई जरूरत फिलहाल नहीं पाई गई है।


**होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र**
टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान

**खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, जूनियर विज्ञान में राष्ट्रीय ओलंपियाड कार्यक्रम 2025-2026**

इस कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक सभी छात्रों को 22 और 23 नवंबर, 2025 को भारतीय भौतिकी शिक्षक संघ (IASTP) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मानक परीक्षा (NSEs) (विज्ञान विषयों के लिए) में शामिल होना होगा।

NSE में योग्यता प्राप्त करना 2026 के संबंधित अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में भाग लेने की दिशा में पहला कदम है।

नामांकन के लिए:
NSE: https://www.iapt.org.in
(21 अगस्त - 14 सितंबर, 2025)
अधिक जानकारी के लिए:
https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

CBC 48143/12/0008/2526



**पश्चिम मध्य रेल**
सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु ई– निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/96/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम रेल भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई– खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाए आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तालिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किए जाएगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाईट "website https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्रं. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | निविदा तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 38254154 | PU लाइनिंग टॉप एंड bottom हाउसिंग | 16989 नंबर. | 04.10.2025 |
| 2 | 38252122 | बोल्सटर स्प्रिंग आउटर | 5560 नंबर. | 08.10.2025 |
| 3 | 20254093 | Ni-Cd बैटरी | 22 सेट. | 09.10.2025 |
| 4 | 38252365A | पैकिंग प्लेट | 11375 नंबर. | 09.10.2025 |
| 5 | 20255017 | सप्लाई फिटमेंट एंड कमीशनिंग ऑफ the एनर्जी optimizer इन इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव | 50 नंबर. | 14.10.2025 |
| 6 | 38250026A | नॉन asbestors L टाइप कम्पोजीशन ब्रेक L टाइप | 110815 नंबर. | 14.10.2025 |
| 7 | 20254102 | Completely Assembled टेम्परेचर सेंसर | 364 नंबर. | 15.10.2025 |
| 8 | 38254125 | बोगी सेंटर पाइवोट टॉप फॉर Casnub 22 HS बोगीज | 3303 नंबर. | 17.10.2025 |
| 9 | 50255140 | सप्लाई ऑफ 6 Quad केवल | 80 किलोमीटर | 17.10.2025 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मो को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।
हस्ता.
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
// निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑनलाईन निवदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Pro- 505<br>2025_UAD_451394_1<br>Date- 12/09/2025 | स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड में क्षतिग्रस्त सड़को का डामरीकरण कार्य बावत्। | 04 माह<br>रू 39.835 लाख | 5000/-<br>29876/- | 13/10/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**
क्रमांक 1868/न.पा.नि./ लोनिवि / 25-26 अम्बिकापुर दिनांक 11/09/2025

// ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना (द्वितीय) //

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा वार्ड क्रमांक 02 सुभाष नगर में सब्जी मण्डी से वाईन शॉप रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य लागत राशि रूपये 199.93 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 175033) तथा अधोसंरचना मद अन्तर्गत नवीन कार्यालय भवन में विद्युतीकरण कार्य लागत राशि रूपये 81.47 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 175111) आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cg state.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
अम्बिकापुर



**कार्यालय नगर पंचायत आमदी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
Email ID-cmoamdi@gmail.com

क्रमांक /919/ न०पं०/ लोनिवि / 2025-26 आमदी, दिनांक 10/09/2025

-:: ई-प्रोक्यूरमेन्ट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ::-

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत आमदी में स्वच्छ भारत मिशन- शहरी 2.0 अंतर्गत निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का विवरण | लागत राशि | अमानत राशि | बिड सबमिशन शुल्क | कार्य अवधि | फिजीकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 175192 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Aamdi under SBM 2.0 | INR 227.07 Lakh | INR 1.50 Lakh (RupeesOne lakhFifty Thousandonly) TDR/FDR in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, Nagar Panchayat, AAMDI. | INR Rs. 10000/- (Rupees Ten Thousand only) in the form of DD in favour of CHIEF UNICIPAL OFFICER, Nagar Panchayat, AAMDI. | Construction Period-15 months (including rainy season + 03 (three) months of trial run) from the date of issuing of work order. | 03.10.2025 Time upto 4.00 PM |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा शर्ते / विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभाग के वेब पोर्टल Main Portal: http//eproc.cgstate.gov.in या http//www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड व देखी जा सकती है अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत आमदी जिला- धमतरी (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

क्रमांक / 446 / लो.नि.वि./ न.पा.प./2025 बलौदाबाजार, दिनांक 12.09.2025

ई प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (प्रथम निविदा आमंत्रण)
Main portal http://cgeprocurement.gov.in
Sub portal-http://uadd.cgeprocurement. gov.in
Email- cmobalodabazar@rediffmail.com

नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-प्रोक्यूरमेंट टेंडर सिस्टम के माध्यम से अपनी निविदा दरें प्रस्तुत कर सकते है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निर्धारित समयावधि | निविदा दरे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 175234 | नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के विभिन्न प्रयोजन हेतु अकुशल / अर्द्धकुशल / कुशल / उच्च कुशल प्लेसमेंट श्रमिक एवं स्वच्छता कमाण्डों श्रमिकों की आपूर्ति कार्य। | 106.66 | 80000.00 | 3000.00 | 12 माह | 06.10.2025 |
| 02 | 175489 | वार्ड क्रमांक 12 रामसागर तालाब सौंदर्यीकरण कार्य | 197.96 | 143000.00 | 3000.00 | 09 माह | 03.10.2025 |

टीप :- उक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://cgeprocurment.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cgeprocurment.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग सिवनी**
क्रमाक 1490/निविदा/ग्रा.या.से./2025-26. email- eeresseoni@rediffmail Ph.-07692228140 सिवनी, दिनांक 08/09/2025

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 05/ई.टेण्डरिंग/ग्रायासे./2025-26 दिनांक 08/09/2025 (प्रथम आमंत्रण)

निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदाएं केन्द्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य / सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मो एवं ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **निर्माण कार्य :- फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी लेब हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (11.04.2022 के एस.ओ. आर. एवं समस्त अद्यतन संशोधन के अनुसार) (प्रथम आमंत्रण)**

| क्र. | सिस्टम टेण्डर आई.डी | कार्य | जिला | निविदा की अनुमानित लागत (लाख में) | पूर्णता की समयावधि (माह एवं आमंत्रण क्रम) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_RES 449879_1 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बखारी में फिजिक्स लेब हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य वि.खं.- सिवनी, जिला- सिवनी | सिवनी | 14.85 | 120 दिवस प्रथम आमंत्रण | नवीन केन्द्रीय-कृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ ठेकेदार |
| 2 | 2025_RES 449881_1 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बखारी में केमिस्ट्री लेब हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य वि.खं.-सिवनी, जिला- सिवनी | सिवनी | 15.41 | 120 दिवस प्रथम आमंत्रण | |
| 3 | 2025_RES 449883_1 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बखारी में बायोलॉजी लेब हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य वि.खं.- सिवनी, जिला- सिवनी | सिवनी | 14.85 | 120 दिवस प्रथम आमंत्रण | |
| 4 | 2025_RES 449884_1 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल चमारीखुर्द में फिजिक्स लेव हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य वि.खं.-छपारा, जिला- सिवनी | सिवनी | 14.85 | 120 दिवस प्रथम आमंत्रण | |
| 5 | 2025_RES 449885_1 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल चमारीखुर्द में केमिस्ट्री लेब हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य वि.खं.-छपारा, जिला- सिवनी | सिवनी | 15.41 | 120 दिवस प्रथम आमंत्रण | |
| 6 | 2025_RES 449886_1 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल चमारीखुर्द में बायोलॉजी लेब हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य वि.खं.-छपारा, जिला-सिवनी | सिवनी | 14.86 | 120 दिवस प्रथम आमंत्रण | |
| 7 | 2025_RES 449888_1 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बेगरवानी में फिजिक्स लेब हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य वि.खं.- धनौरा, जिला- सिवनी | सिवनी | 14.85 | 120 दिवस प्रथम आमंत्रण | |
| 8 | 2025_RES 450002_1 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बेगरवानी में केमिस्ट्री लेब हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य वि.खं.-धनौरा, जिला- सिवनी | सिवनी | 15.41 | 120 दिवस प्रथम आमंत्रण | |
| 9 | 2025_RES 450005_1 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बेगरवानी में बायोलॉजी लेब हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य वि.खं.- धनौरा, जिला- सिवनी | सिवनी | 14.85 | 120 दिवस प्रथम आमंत्रण | |
| | | | कुल | 135.33 लाख रुपए | | |

कुल :- एक करोड़ पेंतीस लाख तेंतीस हजार रुपए मात्र

1. उल्लेखित कार्यो की निविदाओं का विस्तृत विवरण वेबसाईड http://www.mptenders.gov.in पर देखा सकता है। 2. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने हेतु प्रारंभ का समय प्रातः 10.35 बजे दिनांक 16/09/2025 से अंतिम समय शाम 05.30 बजे तक दिनांक 27/09/2025 तक निर्धारित है। 3. निविदा मे किसी प्रकार का संशोधन किये जाने पर न्यूज पेपर में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। निविदा में किया गया संशोधन वेबसाईड एवं कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
G-18566/25 "स्वच्छता ही सेवा" ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग- सिवनी



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्र-1, सिवनी**

निविदा आमंत्रण क्र. 04/3850/व.ले.लि./2025-26 **निविदा सूचना** सिवनी, दिनांक 09.09.2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है-

| क्र. | टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | अनुमानित लागत (लाख मे ) | धरोहर राशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा खोलने का कार्यालय का नाम एवं पता। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_450292 | उपसंभाग क्र - 1 सिवनी के अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवन लो.नि.वि. एवं न्याय विभाग की रंगाई-पुताई, डिस्टेम्परिंग, पेटिंग इत्यादि के कार्य। | प्रथम | 2000 | 10.00 लाख | 20000 | दिनांक 31.03.2026 तक | कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.(भ/स) स.क्र-1 सिवनी |
| 2 | 2025_PWDRB_450293 | उपसंभाग क्र - 1 शासकीय आवासीय भवन की रंगाई-पुताई, डिस्टेम्परिंग, पेटिंग इत्यादि के कार्य। | प्रथम | 2000 | 15.00 लाख | 30000 | दिनांक 31.03.2026 तक | कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.(भ/स) स.क्र-1 सिवनी |
| 3 | 2025_PWDRB_450294 | उपसंभाग क्र -1 सिवनी के अन्तर्गत शास. भवनो के एस. आर. एम. ओ.डब्ल्यू. एवं डिपाजिट कार्य। | प्रथम | 2000 | 20.00 लाख | 40000 | दिनांक 31.03.2026 तक | कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.(भ/स) स.क्र-1 सिवनी |
| 4 | 2025_PWDRB_450295 | उपसंभाग क्र -2 सिवनी के अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवन लो.नि.वि. एवं न्याय विभाग की रंगाई-पुताई, डिस्टेम्परिंग, पेटिंग इत्यादि के कार्य। | प्रथम | 2000 | 5.00 लाख | 10000 | दिनांक 31.03.2026 तक | कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.(भ/स) स.क्र-1 सिवनी |
| 5 | 2025_PWDRB_450298 | उपसंभाग क्र -2 सिवनी के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवन की रंगाई-पुताई, डिस्टेम्परिंग, पेटिंग इत्यादि के कार्य। | प्रथम | 2000 | 10.00 लाख | 20000 | दिनांक 31.03.2026 तक | कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.(भ/स) स.क्र-1 सिवनी |
| 6 | 2025_PWDRB_450300 | उपसंभाग क्र -2 सिवनी के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनो के एस. आर. एम. ओ. डब्ल्यू. एवं डिपाजिट कार्य। | प्रथम | 2000 | 20.00 लाख | 40000 | दिनांक 31.03.2026 तक | कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.(भ/स) स.क्र-1 सिवनी |
| 7 | 2025_PWDRB_450302 | उपसंभाग केवलारी के अंतर्गत शासकीय आवासीय गैर आवासीय भवन लो.नि.वि. एवं न्याय विभाग की रंगाई-पुताई, डिस्टेम्परिंग, पेटिंग इत्यादि के कार्य। | प्रथम | 2000 | 5.00 लाख | 10000 | दिनांक 31.03.2026 तक | कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.(भ/स) स.क्र-1 सिवनी |
| 8 | 2025_PWDRB_450303 | उपसंभाग केवलारी के अन्तर्गत शास. भवनो की सामान्य मरम्मत, वाटर सप्लाई एवं सेनेट्री फिटिंग, सीवर लाईन एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 2000 | 5.00 लाख | 10000 | दिनांक 31.03.2026 तक | कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.(भ/स) स.क्र-1 सिवनी |
| 9 | 2025_PWDRB_450304 | उपसंभाग केवलारी के अन्तर्गत शास. भवनो की सामान्य मरम्मत, वाटर प्रुफिंग का कार्य। | प्रथम | 2000 | 5.00 लाख | 10000 | दिनांक 31.03.2026 तक | कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.(भ/स) स.क्र-1 सिवनी |
| 10 | 2025_PWDRB_450305 | उपसंभाग लखनादौन के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनो के एस. आर. एम. ओ. डब्ल्यू. एवं डिपाजित कार्य। | प्रथम | 2000 | 20.00 लाख | 40000 | दिनांक 31.03.2026 तक | कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.(भ/स) स.क्र-1 सिवनी |
| 11 | 2025_PWDRB_450306 | उपसंभाग लखनादौन के अंतर्गत लखनादौन एवं धूमा सेक्सन अन्तर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवन मे प्लास्टर मरम्मत, पुट्टी, पेटिंग, इमलशन एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 2000 | 18.00 लाख | 36000 | दिनांक 31.03.2026 तक | कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.(भ/स) स.क्र-1 सिवनी |
| 12 | 2025_PWDRB_450307 | उपसंभाग लखनादौन के अंतर्गत धनौरा एवं घंसौर सेक्सन अन्तर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवन मे प्लास्टर मरम्मत, पुट्टी, पेटिंग, इमलशन एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 2000 | 10.00 लाख | 20000 | दिनांक 31.03.2026 तक | कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.(भ/स) स.क्र-1 सिवनी |
| 13 | 2025_PWDRB_450308 | उपसंभाग लखनादौन के अंतर्गत शासकीय भवनो के दरवाजे-खिडकी, वाटर सप्लाई, जी.आई. प्रोफाईल शेड, विक्टरीफाईड टाईल्स मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 2000 | 19.95 लाख | 39900 | दिनांक 31.03.2026 तक | कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.(भ/स) स.क्र-1 सिवनी |
| 14 | 2025_PWDRB_450310 | उपसंभाग लखनादौन के अंतर्गतविभिन्न मार्गो मे पेंच रिपेयर, शोल्डर रिपेयर, कि.मी. स्टोन की पेटिंग एवं फिंगरिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 2000 | 20.00 लाख | 40000 | दिनांक 31.03.2026 तक | कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.(भ/स) स.क्र-1 सिवनी |
| | | योग 14 कार्य | | | 182.95 लाख | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 30.09.2025 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्र. 205 / प्रस/ लोनिवि / 20, भोपाल दिनांक 03.11.2020 से प्राप्त निर्देशानुसार भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज प्राप्त नही किये जायेगें, सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन ही अपलोड किये जायेगे एवं सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड नही किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नही किया जावेगा।

इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. (धरोहर राशि) RTGS/NEFT. के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेगें। इलेक्ट्रानिक के अलावा अन्य किसी भी रूप में ई. एम. डी. (धरोहर राशि) स्वीकार नही की जावेगी।

(इंजी. आर. के. हनुमंते)
G-18532/24 "स्वच्छता ही सेवा" कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि.(भास) संभाग क्र-1 सिवनी

## चिंतन

# कब, कैसे कर पाएंगे हम आधी आबादी की सुरक्षा

देश में महिला सुरक्षा या सम्मान की बात आते ही एक के बाद एक न जाने कितने दावे किए जाते हैं। कितने तरह के कानून की दुहाई दी जाती है, लेकिन बात जब भी धरातल की होती है और एक के बाद महिलाओं के प्रति अपराध की बात आती है तो लगता है कि बहुत कुछ किया जाना शेष है। दिल्ली में निर्भया हत्याकांड के बाद केंद्र सरकार ने कानून में आमूलचूल बदलाव किए। दावा किया गया कि अब कोई भी महिलाओं के खिलाफ अपराध करने से पहले सौ बार सोचेगा, लेकिन हुआ क्या। हर रोज समाचार पत्रों के पन्नों पर ऐसी खबरों की भरमार नजर आती है। 'नारी 2025' नामक राष्ट्रीय वार्षिक रिपोर्ट ने इस मुद्दे पर चौकाने वाले आंकड़े पेश किए हैं, जो महिला सुरक्षा की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल उठाते हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार देश की लगभग 40 फीसदी महिलाएं अपने शहरों में खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। यह आंकड़ा शहरों के सार्वजनिक स्थानों, ऑफिस, स्कूल, कॉलेज और ट्रांसपोर्ट में महिलाओं की सुरक्षा की मौजूदा स्थिति का दर्दनाक सच बयान करता है। रिपोर्ट में रांची, श्रीनगर, कोलकाता, दिल्ली, फरीदाबाद, पटना और जयपुर को महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर माना गया है। दिल्ली और फरीदाबाद में लगभग 42 प्रतिशत महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं, वहीं, कोहिमा को महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित शहर माना गया, जहां 80 फीसदी से ज्यादा महिलाएं सुरक्षित महसूस करती हैं। विशाखापत्तनम, भुवनेश्वर, आइज़ोल, गंगटोक, ईटानगर और मुंबई भी अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं। अगर उत्पीड़न के आंकड़े को देखें तो 2024 में 7 फीसदी महिलाओं ने उत्पीड़न का सामना किया, जिसमें 18-24 साल की युवा महिलाओं का जोखिम सबसे अधिक था। दुःखद बात ये भी है कि महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों की आधिकारिक रिपोर्टिंग बहुत कम होती है। केवल 22 प्रतिशत महिलाएं अपने अनुभवों की रिपोर्ट पुलिस को देती हैं, और केवल 16 फीसदी मामलों में कार्रवाई होती है। यही कारण है कि महिला सुरक्षा में भारत की रैंकिग 177 देशों की सूची में 124वां स्थान है। यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए शर्म की बात है। अब वीरवार के ही एक समाचार को देखें जिसमें एक महिला को उसी शख्स के हाथों सरेआम अपमान झेलना पड़ा, जिसके साथ उसने सात फेरे लिए थे। जिसने जीवन भर उसकी सुरक्षा का वादा किया। ऐसा भी नहीं कि पति और पत्नी अशिक्षित या पिछड़े इलाके से थे। पत्नी स्कूल में टीचर है और हैवान बन बैठा पति कॉलेज में लेक्चरर है। इसके बावजूद उसने अपनी पत्नी को सरेआम बेइज्जत किया। उसने अपनी पत्नी के गले में चप्पलों की माला डाली, उसके साथ मारपीट की और सड़क पर परेड कराई। यही नहीं इस शर्मसार करने वाली पूरी घटना का वीडियो भी बनाया। पति को अपनी पत्नी पर शक था कि उसके किसी और के साथ प्रेम संबंध हैं। अब इसे आप क्या कहेंगे। जब रखवाला ही हैवानियत करने लगे तो किससे उम्मीद करेंगे। एक ऐसा देश जहां साल में दो बार नवरात्र पर माता के रूप में महिलाओं को पूजा जाता है, उसी देश में महिला सुरक्षा की हालात ये है। अगर किसी को यह लगता हो कि सख्त कानून बनाने से महिलाओं के खिलाफ अपराध खत्म हो जाएंगे तो ऐसा होने वाला नहीं है। इसके लिए हमें नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाना होगा। उन परंपराओं का पालन करना होगा, जो हमारी संस्कृति ने हमें दी हैं। एकल परिवार से हटकर कुटुंब व्यवस्था की ओर लौटना होगा तभी हम आधी आबादी को सुरक्षित रख पाएंगे।



## पड़ोस
प्रमोद भार्गव

# अस्थिरता के दौर से गुजरता नेपाल

**नेपाल जब से कम्युनिस्ट देश बना है, तब से चीन के दबाव के चलते यहां लगातार अस्थिरता बनी हुई है। इस बार नेपाल भीषण संकट में है। यह संकट इसलिए बढ़ा, क्योंकि राजशाही खत्म होने के बाद संघीय सरकार से युवाओं को अपेक्षा थी कि देश में राजनीतिक स्थिरता तो कायम होगी ही, सरकारी नौकरियों और अन्य रोजगारों की संभावना भी बढ़ेगी। लेकिन 17 साल के गैर राजतांत्रिक नेपाल में 15 सरकारें तो बदलीं, परंतु हालात नहीं बदले। इसी बीच राजशाही और नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांगें भी उठती रही हैं। चीनी लिप्सा के प्रतिरोध में भी यह संकट देखा जा रहा है। अतएव इस तत्काल के संकट को किसी एक दृष्टिकोण से देखा जाना भूल होगी।**

भारत का पड़ोसी देश नेपाल जब से कम्युनिस्ट देश बना है, तब से चीन के दबाव के चलते यहां लगातार अस्थिरता बनी हुई है। इस बार नेपाल भीषण संकट में है। यह संकट इसलिए बढ़ा, क्योंकि राजशाही खत्म होने के बाद संघीय सरकार से युवाओं को अपेक्षा थी कि देश में राजनीतिक स्थिरता तो कायम होगी ही, सरकारी नौकरियों और अन्य रोजगारों की संभावना भी बढ़ेगी। लेकिन 17 साल के गैर राजतांत्रिक नेपाल में 15 सरकारें तो बदलीं, परंतु हालात नहीं बदले। इसी बीच राजशाही और नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांगें भी उठती रही हैं। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो से जनता को पता चला कि मंत्री और उनके परिजन देश-विदेश में ऐशोआराम की जिंदगी जी रहे हैं। उनके बच्चे विदेशों में अच्छी शिक्षा ले रहे हैं। ब्रांडेड सामान के साथ फाइव स्टार जीवन विदेशों में व्यतीत कर रहे हैं।

इस वैभव की पृष्ठभूमि में सरकारी स्तर पर फैले भ्रष्टाचार को मुख्य कारण माना। जबकि गरीब युवा प्रतिदिन तीन हजार से ज्यादा की संख्या में पलायन करने को विवश हो रहे हैं। इस आंदोलन को पहले दक्षिणपंथी करार देने की कोशिशें हुईं, लेकिन वास्तव में यह आक्रोश उस कुंठा के चलते उपजा जो नेताओं और उनके परिजनों के वीडियो में भोग-विलास का जीवन जीते हुए दिखा। नेपाल में हिंसा और अराजकता इस हद तक फैली कि आंदोलनकारियों ने संसद भवन, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मंत्रियों तक के घर जला दिए। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की पत्नी को जिंदा जला दिया। देश की सत्ता की इस राख में 22 युवाओं की सेना और पुलिस की गोलाबारी में हुईं मौतों की राख भी मिल गई। इस आंदोलन को सोशल मीडिया के साथ खासतौर से जेन-जी पर पाबंदी माना जा रहा है। हालांकि यह रोक युवाओं का आक्रोश देखने के बाद हटा ली गई थी। जेन-जी यानी जेनरेशन-जेड का बोध कराने वाली वह पीढ़ी है, जिनका जन्म 1997 से लेकर 2012 के बीच हुआ है। यानी वर्तमान में ये आंदोलनकारी किशोर एवं युवा हैं। इस आग में घी डालने का काम सुदन गुरुंग और बालेन शाह ने जेन-जी पर उपस्थिति दर्ज कराकर कर दिया। सुदन ओली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार और परिवारवाद की मुहिम पूर्व से ही चला रहे थे। कुछ नेताओं की बढ़ती संपत्ति के विरुद्ध भी मोर्चा खोले हुए थे। इसी बीच 4 सितंबर को सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया तो राजधानी काठमांडू के महापौर बालेन शाह सक्रिय हो गए। उन्होंने सोशल मीडिया एक्सेस किया और लिखा, 'कल की रैली जेन-जी की रैली है। इस रैली में कोई भी पार्टी, नेता, सांसद एवं कार्यकर्ता को निजी लाभ के लिए शामिल होने की जरूरत नहीं है। उम्र के कारण मैं जा नहीं सकता, लेकिन मेरा पूरा समर्थन है।' बालेन के चाहने वाले लाखों में हैं। देखते-देखते आंदोलन की दशा और दिशा तय हो गई और लाखों युवा आंदोलन के लिए काठमांडू की सड़कों पर उतर आए। संसद और राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया, प्रधानमंत्री आवास पर पत्थरबाजी की और पूरे शहर में ऐसा तांडव मचाया कि सेना और पुलिस को नियंत्रण के लिए संयुक्त अभियान चलाना पड़ा। नेपाल के इतिहास में इसे बड़ी तख्तापलट की घटना के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले



बांग्लादेश और श्रीलंका में भी इसी तरह का जनआक्रोश फूट चुका है। वहां की सरकारें अपदस्थ हुई हैं। नेपाल में हिंदू राष्ट्र घोषित किए जाने की मांग भी लंबे समय से उठ रही है। वहां अनेक संगठन सड़कों पर उतरकर राजशाही के पक्ष में आंदोलन कर चुके हैं। इस मांग को मुख्य रूप से राष्ट्रवादी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी कर रही है। यह नेपाल की पांचवीं सबसे बड़ी पार्टी है। इस दल के प्रवक्ता मोहन श्रेष्ठ की मांग है कि नेपाल में राजशाही की पुनर्बहाली हो और इसे हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए। नेपाल को 2007 में पंथनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया था। नतीजतन 2008 में राजशाही व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी। 2008 में नेपाल के गणराज्य बनने के बाद से कारोबारी दुर्गा प्रसाई आंदोलन को हवा दे रहे हैं। एक समय प्रसाई के प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली के साथ घनिष्ठ संबंध थे, लेकिन बाद में वे दोनों के आलोचक हो गए। इसी समय राजशाही के दौर में गृहमंत्री रहे कमल थापा ने हिंदू राष्ट्र की मांग के लिए नया गठबंधन बना लिया है। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह भी एकाएक सक्रिय होकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने लगे हैं। वह मंदिरों में होने वाली पूजा में शामिल हो रहे हैं। दरअसल नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी का चीन की गोद में बैठना और भारत विरोधी अभियान चलाना देश की जनता को नागवार गुजर रहा है। नेपाल के मुसलमान भी देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के पक्ष में हैं। समाज के कुछ नेताओं का मानना है कि हिंदू राष्ट्र का दर्जा खत्म होने के बाद से नेपाल में ईसाई मिशनरियां ज्यादा सक्रिय हो गई हैं। मिशनरी इस स्थिति का फायदा उठाकर लोगों का धर्म परिवर्तन करवा रही हैं। यूसीपीएन माओवादी के मुस्लिम मुक्ति मोर्चा भी मिशनरियों के बढ़ते प्रभाव को स्वीकार नहीं करता है। राष्ट्रवादी मुस्लिम मोर्चा भी देश की धर्मनिरपेक्ष पहचान नहीं चाहता है। 80 फीसद मुस्लिम आबादी देश की हिंदू पहचान बहाल करने के पक्ष में हैं। गौरतलब है कि राजनीतिक दलों के बीच नए संविधान में देश की धर्मनिरपेक्षता की पहचान खत्म करने को लेकर सहमति बनी थी। इसके बाद से यह मांग और तेज हो गई है। देश के सभी समुदाओं के लोग मानते हैं कि पुरानी हिंदू पहचान की बहाली का कोई विकल्प नहीं है। धर्मनिरपेक्षता हिंदू-मुस्लिम एकता तोड़ने की साजिश है। नेपाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना तो हो गई, लेकिन लचर नेतृत्व के चलते यह देश अपना अस्तित्व खोने की कगार पर आ खड़ा हुआ है। इसी चिंता से यह आक्रोश उपजा है।

नेपाल और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों के तहत ऐतिहासिक पारगमन व्यापार समझौते समेत 10 समझौतों की शुरुआत करके नेपाल ने चीन से रिश्ते मजबूत कर लिए हैं। चीन और नेपाल के बीच तिब्बत के रास्ते रेलमार्ग बनाने पर भी संधि हुई है। चीन ने काठमांडू से करीब 200 किमी दूर पोखरा में क्षेत्रीय हवाई अड्डा निर्माण के लिए नेपाल को 21000 डॉलर का सस्ती ब्याज दर पर ऋण दिया है। मुक्त व्यापार समझौते पर भी हस्ताक्षर हुए हैं। नेपाल में तेल और गैस की खोज करने पर भी चीन सहमत हुआ है। इसके लिए वह नेपाल को आर्थिक और तकनीकी मदद देने को राजी है। चीन ने नेपाल में अपने व्यावसायिक बैंक की शाखाएं भी खोल दी हैं। नेपाली बैंक भी अपनी शाखाएं चीन में खोल रहे हैं। संस्कृति, शिक्षा, भाषा और पर्यटन जैसे मुद्दों पर भी चीन का दखल नेपाल में बढ़ गया है। अर्से से इन्हीं कुटिल कूटनीतिक चालों के चलते कम्युनिष्ट विचारधारा के पोषक चीन माओवादी नेपालियों को अपनी गिरफ्त में लेकर अपनी साम्राज्यवादी लिप्सा को आगे बढ़ा रहा है। इस चीनी लिप्सा के प्रतिरोध में भी यह संकट देखा जा रहा है। अतएव इस तत्काल के संकट को किसी एक दृष्टिकोण से देखा जाना भूल होगी।

( लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण
राजेश माहेश्वरी



# राधाकृष्णन के सामने अवसर और चुनौतियां भी कम नहीं

चंद्रपुरम पोनुस्वामी राधाकृष्णन देश के नए उपराष्ट्रपति बन गए हैं। राजनीतिक गलियारों में सीपीआर के नाम से ख्यात राधाकृष्णन को सत्तारूढ़ राजग ने जब प्रत्याशी बनाया, तभी से उनकी जीत तय मानी जा रही थी, लेकिन विपक्षी खेमे ने बी. सुदर्शन रेड्डी को चुनाव में उतार कर इस मुकाबले को रोमांचक बनाने का प्रयास किया। विपक्षी मोर्चे ने तमिल बनाम तेलुगु अस्मिता का मुद्दा उछालकर राजग की प्रमुख सहयोगी तेलुगु देसम पार्टी के सामने धर्मसंकट खड़ा करने के साथ ही अक्सर विधायी मामलों पर सरकार का समर्थन करने वाली वाइएसआर कांग्रेस और एक अन्य दल बीआरएस के समक्ष राजनीतिक दुविधा बढ़ाने का दांव चला था। हालांकि नतीजे यह बताते हैं कि विपक्ष की यह आकांक्षा पूरी नहीं हो पाई। भारत के पंद्रहवें उपराष्ट्रपति के रूप में सीपी राधाकृष्णन शपथ ले चुके हैं। नए उपराष्ट्रपति के रूप में राधाकृष्णन के समक्ष चुनौतियां भी कम नहीं होंगी। राज्यसभा के सभापति के रूप में उन्हें संतुलन साधने का प्रयास करना होगा। उनके पूर्ववर्ती धनखड़ आरंभिक स्तर पर उच्च सदन में विपक्ष को बहुत स्पेस नहीं देते थे, पर विपक्ष के आक्रामक तेवरों के बाद उन्हें रवैया कुछ बदलना पड़ा। सरकार और उनके बीच अविश्वास की खाई बढ़ने में उनका बदला हुआ रवैया भी एक पहलू बन गया था। चूंकि सदन के सभापति से दलगत या वैचारिक आग्रह से ऊपर उठकर कार्यवाही के संचालन की अपेक्षा की जाती है, इसलिए राधाकृष्णन को इस मोर्चे पर कोई मध्य मार्ग तलाशना ही होगा। राज्यसभा के सभापति पद पर भले ही कोई प्रत्यक्ष काम न दिखे, लेकिन इसकी अपनी संवैधानिक भूमिका होती है। प्रोटोकॉल में उपराष्ट्रपति दूसरे नंबर पर आते हैं। देश-विदेश में उनका नाम होता है और इस लिहाज से यह पद अहम है। चुनौतियों की बात की जाए तो उपराष्ट्रपति को सत्ता और विपक्ष के बीच तटस्थ रहना होता है। विपक्ष अक्सर इस पद पर आसीन लोगों के खिलाफ पक्षपात का आरोप लगाता रहता है। राधाकृष्णन को अपनी निष्पक्षता साबित करने के लिए हर कदम पर सावधानी बरतनी होगी। राज्यसभा में सांसदों के बीच तीखी नोक-झोंक और अव्यवस्था उपराष्ट्रपति की भूमिका को मुश्किल बना देती है। कई मौकों पर ऐसा हुआ है जब विपक्षी सांसदों के निलंबन जैसे कदमों से विवाद हुआ है। राधाकृष्णन को ऐसी स्थिति में धैर्य और कड़ाई का संतुलन बनाना होगा। उपराष्ट्रपति का पद संवैधानिक गरिमा का प्रतीक होता है। इस पद पर आसीन व्यक्ति को अपने कर्मों के द्वारा इस गरिमा की रक्षा के लिए बहुत ध्यान देना होता है। राधाकृष्णन को इस गरिमा को बनाए रखना होगा। राधाकृष्णन के सामने सबसे बड़ी कसौटी होगी सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन बनाना। उनकी आरएसएस और बीजेपी में काम करने की मजबूत पृष्ठभूमि है, और अच्छा सियासी अनुभव है। लेकिन यही पृष्ठभूमि विपक्ष के लिए संदेह का कारण भी बन सकती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि उनके नेतृत्व में राज्यसभा की कार्यवाही अधिक समावेशी हो सकेगी और सदन में जन सरोकारों से जुड़ा अधिक कार्य हो सकेगा। यह निर्विवाद सत्य है कि संसद की विश्वसनीयता अध्यक्ष की दलीय सीमाओं से परे सम्मान अर्जित करने की क्षमता पर निर्भर करती है। सीपी राधाकृष्णन का उप राष्ट्रपति पद के लिए चुना जाना विपक्ष के लिए एक सबक जैसा भी है। जो उसे याद दिलाता है कि प्रतीकात्मक मुकाबले एक सुसंगत रणनीति का विकल्प नहीं हो सकते। यह भी एक हकीकत है कि राधाकृष्णन ऐसे वक्त में यह पद संभाला है जब सरकार और विपक्ष के बीच असहमति की खाई ज्यादा गहरी नजर आती है। पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ के समय में सरकार और विपक्ष के बीच वैचारिक मतभेद के साथ मनभेद भी बढ़ा है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता। अपने पूर्ववर्ती की कार्यप्रणाली के मद्देनजर नये उपराष्ट्रपति को अपनी कार्यशैली में व्यापक सुधार करना होगा। आने वाले समय में उन्हें पक्ष और विपक्ष को साथ लेकर विधायी कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। इन तमाम चुनौतियों के बीच सी.पी. राधाकृष्णन के सामने उपराष्ट्रपति के तौर पर संवैधानिक जिम्मेदारियों को निभाने का सुनहरा अवसर भी है। उनकी भूमिका न केवल संसद की कार्यवाही को सुचारू बनाने की है, बल्कि देश की संवैधानिक और कूटनीतिक गरिमा को बढ़ाने की भी है। अगर वह निष्पक्षता, धैर्य और संवैधानिक मूल्यों के हिसाब से काम करेंगे, तो निश्चित रूप से सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन साधने में कामयाब होंगे, और इस पद के लिए एक नजीर बनेंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि राधाकृष्णन उच्च सदन की गरिमा और गौरव को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लोभ के कारण संसार में समस्त पापों की उत्पत्ति




संकलित

**दर्शन**

लोभ के कारण संसार में समस्त पापों की उत्पत्ति होती है। इस लोभ का ही दूसरा नाम लालच है। लालच से सारे गुण नष्ट हो जाते हैं और उनका स्थान ग्रहण कर लेते हैं-क्रोध, द्वेष, मान, माया आदि। शायद ही कोई ऐसा पाप बचता हो जो लालच से पैदा न होता हो। कोई ऐसा दुर्गुण शेष नहीं रहता जो लालची व्यक्ति में न हो। जब सारे दुर्गुण, सारे पाप किसी व्यक्ति के हृदय में बैठ जाएँ तो उसका सर्वनाश होना स्वाभाविक ही है। इसलिए लालच को सभी महान्-आत्माओं ने तमाम संकटों की जननी और तमाम अनर्थों का आश्रय कहा है। जिस मनुष्य के अन्तःकरण में लालच का दैत्य एक बार प्रवेश कर गया, उसके लिए फिर जघन्य-से-जघन्य पाप कर डालना असम्भव नहीं रहता। आज का मानव दिन-ब-दिन अधिकाधिक लालची, लोभी होता जा रहा है। अपनी यश-लिप्सा, संसार के समस्त सुख-साधनों और उनकी प्राप्ति के माध्यम-अर्थ-धन की सिद्धि में वह इतना बेहोश हो जाता है कि अपने जन्मदाता माँ-बाप की हत्या करने से भी नहीं चूकता। पग-पग पर आजीवन सुख-दुःख के सहभागी सहोदर की दैहिक-लीला को नष्ट करके भी यदि उसकी लालची भूख को क्षणिक तृप्ति मिलने की सम्भावना हो तो वह जघन्य पाप करने में भी नहीं झिझकता।

## ऐसे काम न करें, जिससे गलत लोगों की ताकत बढ़े



संकलित

**प्रेरणा**

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है। आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

## सटाका




## आज की पाती

### घोटालेबाजों पर हो सख्त कार्रवाई

हीरा कारोबारी भगौड़े मेहुल चौकसी को बेल्जियम से वापस लाने के लिए भारत की तमाम जांच एजेंसियों ने पूरा जोर लगाया हुआ है। मेहुल चौकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी ने पंजाब नैशनल बैंक में लगभग 13500 करोड़ का घोटाला किया हुआ है। अब यह भारत की कैसी ऋण प्रणाली है जिसमें चौकसी और मोदी जैसे बड़े-बड़े कारोबारियों को बड़ी ही आसानी से बैंकों से ऋण प्राप्त हो जाता है। लेकिन अगर उन्हीं बैंकों से किसी आम नागरिक, किसान या गरीब व असहाय व्यक्ति ने अपने जीवन को सुधारने के लिए ऋण की नाममात्र रकम ही क्यों न लेनी हो, उससे सैकड़ों औपचारिकताएं पूरी करवाने के साथ-साथ गारंटर भी मुहैया करवाना पड़ता है।

- **महेश शर्मा**, दुर्ग

## ट्रेंड

### बाढ़ स्थिति की समीक्षा



उत्तराखंड में बाढ़ की स्थिति को लेकर बैठक की। राज्य में बाढ़ से हुए नुकसान को देखकर बहुत पीड़ा हुई है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। हम हर जरूरी इंतजाम तेजी से सुनिश्चित करने में जुटे हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### नेपाल आंदोलन



कुछ लोग नेपाल आंदोलन का नाम लेकर भारत में राजशाही का सपना देख रहे हैं, वे असल में लंबे समय से लोकतंत्र के विरोध में मन में दबाए बैठी भावनाओं को बाहर निकाल रहे हैं। इनको ये समझना चाहिए कि यहां राजशाही के लिए जगह नहीं है।

**-डॉ. रामदास अठावले, राज्यसभा सांसद**


### राधाकृष्णन को बधाई



सी.पी. राधाकृष्णन को आज भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई! पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में लोकतंत्र की मर्यादा, संवाद की संस्कृति और राष्ट्रहित का संकल्प और सशक्त होगा तथा भारत की गौरवपूर्ण यात्रा को नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### विनम्र नहीं, निडर रहें



जीवन में, आपको हमेशा विनम्र लेकिन निडर रहना चाहिए। सफलता में कभी भी अहंकार को जन्म नहीं देना चाहिए। इससे रक्षात्मक या अति सतर्क होने की प्रवृत्ति भी नहीं आनी चाहिए।

**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

## करंट अफेयर

# लेबनान ने एलन मस्क की स्टारलिंक को दिया लाइसेंस



लेबनान ने संकटग्रस्त देश में सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए एलन मस्क की स्टारलिंक को लाइसेंस जारी किया है। सूचना मंत्री पॉल मोरकोस ने बृहस्पतिवार रात मंत्रिमंडल बैठक के बाद यह घोषणा की। मोरकोस ने कहा कि स्टारलिंक मस्क की एक अन्य कंपनी स्पेसएक्स की ओर से संचालित उपग्रहों के माध्यम से पूरे लेबनान में इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराएगी। मस्क ने तीन महीने पहले लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन से फोन पर बात की थी और देश के दूरसंचार तथा इंटरनेट क्षेत्रों में काम करने की दिलचस्पी जताई थी। मंत्रिमंडल बैठक के दौरान सरकार ने देश के बिजली और दूरसंचार क्षेत्रों के लिए नियामक प्राधिकरणों की स्थापना की घोषणा की। लेबनान में भ्रष्टाचार से ग्रस्त ऊर्जा क्षेत्र के लिए नियामक प्राधिकरण की स्थापना करना अंतरराष्ट्रीय संगठनों की एक प्रमुख मांग रही है। बिजली क्षेत्र के लिए नियामक प्राधिकरण की नियुक्ति लगभग 20 वर्ष पहले हो जानी चाहिए थी, लेकिन देश की प्राधिकृत संस्थाओं द्वारा बार--बार विलंब किया जाता रहा। इस कदम को लेबनान के ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है, जो इस छोटे भूमध्यसागरीय देश में हर साल एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की बर्बादी करता है।

## ऑफ बीट

# सोशल मीडिया से बच्चे सीख रहे हैं एआई का उपयोग




कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) निबंध लेखन, भाषाओं का अभ्यास और गृह कार्य पूरा करने के तरीकों को तेजी से बदल रही है। शिक्षक भी अब पाठ योजना, मूल्यांकन और फीडबैक के लिए एआई उपकरणों का प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन यह बदलाव इतनी शीघ्रता से हो रहा है कि स्कूल, विश्वविद्यालय और नीति-निर्माता इसके साथ कदम मिलाने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। इस तेज बदलाव के बीच अक्सर एक बुनियादी सवाल छूट जाता है-छात्र और शिक्षक वास्तव में एआई का उपयोग सीख कैसे रहे हैं? वर्तमान में यह सीखना अधिकांशतः अनौपचारिक तरीकों से हो रहा है। छात्र टिकटॉक या डिस्कॉर्ड पर सुझाव साझा करते हैं या चैटजीपीटी से निर्देश लेते हैं। शिक्षक स्टाफ रूम में आपस में चर्चा करते हैं या लिंक्डइन पर जानकारी हासिल करते हैं। हालांकि यह नेटवर्क जानकारी तेजी से फैलाते हैं, लेकिन इसमें पूर्वाग्रह, निगरानी या समानता जैसे गहरे मुद्दों पर विचार नहीं होता। यहीं पर औपचारिक शिक्षक प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जिज्ञासा से आगे बढ़कर शोध से पता चला है कि अधिकतर शिक्षक एआई के लिए तैयार नहीं हैं। हालिया अध्ययन में पाया गया कि कई शिक्षकों को एआई उपकरणों की विश्वसनीयता और नैतिकता का आकलन करने का कौशल प्राप्त नहीं है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

रक्षा सचिव राजेश सिंह बोले

# सेना के लिए रियलिटी चेक साबित हुआ ऑपरेशन सिंदूर, कई बार 'हार्ड पावर' भी दिखाना पड़ता है

*रक्षा सचिव ने भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की तारीफ करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस सिस्टम ने शानदार प्रदर्शन किया था औरपाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल हमलों को फेल कर दिया था*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की सशस्त्र सेनाओं के लिए एक तरह का रियलिटी चेक साबित हुआ।



इसने उन जगहों की ओर ध्यान दिलाया है, जहां देश अपनी रक्षा क्षमताओं में सुधार कर सकता है। रक्षा सचिव शुक्रवार को सदर्न कमांड डिफेंस टेक 2025 सेमिनार (स्ट्राइड 2025) को संबोधित कर रहे थे। रक्षा सचिव ने भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की तारीफ करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस सिस्टम ने शानदार प्रदर्शन किया था और पाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल हमलों को फेल कर दिया था। बता दें, 6-7 मई की रात को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में चल रहे 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी।

भविष्य के युद्धों की बदलती जरूरतों के हिसाब से ढलना होगा

2024 में रक्षा पूंजीगत खर्च का 81% हिस्सा देश में ही किया

## ज्यादातर देश सैन्य ताकत पर ध्यान दे रहे

*रक्षा सचिव ने कहा कि आज के हालात में यह साफ है कि ज्यादातर देश फिर से रक्षा और सैन्य ताकत पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया कि हम कहां बेहतर कर सकते हैं और भविष्य के युद्धों की बदलती जरूरतों के हिसाब से कैसे ढलना होगा। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी 'सॉफ्ट पॉवर' के साथ-साथ 'हार्ड पॉवर' भी दिखाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि 2024 में रक्षा पूंजीगत खर्च का 81 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर ही किया गया।*

## यूएस टैरिफ का रक्षा सहयोग पर कोई प्रभाव नहीं

रक्षा सचिव ने कहा कि भारत और यूएसए के बीच चल रहे व्यापार तनाव का कोई अतिरिक्त प्रभाव नहीं पड़ेगा। 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बावजूद दोनों देशों के बीच सहयोग जारी है। अब ये व्यापारिक तनाव भी कम हो रहे हैं और हमने उनके साथ अपनी बातचीत फिर से शुरू कर दी है। उम्मीद है कि यह सफल होगी। उस अवधि के दौरान भी हमारा रक्षा सहयोग और बातचीत जारी है।

## एक साथ आएं रक्षा से जुड़े संस्थान

*सिंह ने कहा कि देश के सशस्त्र बलों की क्षमता वृद्धि की जरूरतों को पूरा करने के लिए शिक्षा जगत, डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) जैसे अनुसंधान संस्थानों, निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों को एक साथ लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों ने बढ़ते वैश्वीकरण और मुक्त व्यापार की प्रवृत्ति को रोक दिया है।*

## यूएस से वार्ता जारी

*रक्षा सचिव ने बताया कि अमेरिका के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता, 2+2 वार्ताएं भी हो रही हैं। ऐसी बातचीत हाल ही में हुई हैं। आगे भी जारी रहने वाली हैं। हल्के लड़ाकू विमानों के लिए जनरल इलेक्ट्रिक से इंजन भी प्राप्त किए जा रहे हैं। इसी दौरान यूएस ने भारतीय सेना को दो अपाचे भी दिए।*

## पाकिस्तान आतंकवाद पर यूएन में 4 सेकंड में दुनिया के सामने हुआ शर्मसार

पाकिस्तान ने कतर का दिया साथ

# मानवाधिकार वकील नेउर बोले- पाक 'आतंक' को बढ़ाने वाला एक और देश




*कनाडाई मूल के मानवाधिकार वकील हिलेल नेउर ने बहस के दौरान इजराइल का बचाव करते हुए कहा कि कतर हमास नेताओं को आश्रय दे रहा है। इस पर पाकिस्तान की ओर से विरोध किया तो हिलेले ने पाक की पोल खोलते हुए कहा कि आप आतंक के पनाहगार हैं*

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

इजराइल के कतर पर किए गए हालिया हमले को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में चर्चा हो रही है। इस आपात बैठक में गुरुवार को पाकिस्तानी प्रतिनिधि को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। दरअसल कनाडाई मूल के मानवाधिकार वकील हिलेल नेउर ने बहस के दौरान इजराइल का बचाव करते हुए कहा कि कतर हमास नेताओं को आश्रय दे रहा है। इस पर पाकिस्तान की ओर से विरोध किया तो हिलेले ने पाक की पोल खोलते हुए कहा कि आप आतंक के पनाहगार हैं। वकील नुएर ने सिर्फ चार सेकंड और एक वाक्य में पाकिस्तान को विश्व मंच पर शर्मसार कर दिया।

### इजराइल का आरोप कतर 13 वर्षों से हमास के कार्यालय की मेजबानी कर रहा



**171 की मौत, 1000 घायल**

### इजराइल का 72 घंटों में 6 मुस्लिम देशों पर हमला

इजराइल ने पिछले 72 घंटों में 6 देशों पर हमला किए हैं। इसमें गाजा (फिलिस्तीन) समेत सीरिया, लेबनान, कतर, यमन और ट्यूनीशिया शामिल हैं। इन हमलों में 171 लोग मारे गए और 1000 से ज्यादा घायल हुए हैं। ये हमले सोमवार से बुधवार के बीच में किए गए। इजराइल का कहना है कि वो इन देशों में आतंकी ठिकानों को निशाना बना रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे लेकर इजराइली पीएम नेतन्याहू से नाराजगी जताई है।



■ नेतन्याहू बोले- जो अमेरिका ने किया, वही तो कर रहे

### भारत ने भी जताई थी चिंता

वहीं, कतर पर हुई हमले को लेकर पीएम मोदी मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा था कि कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से बात की और दोहा में हुए हमलों पर गहरी चिंता जताई। भारत बंधुत्वपूर्ण देश कतर की संप्रभुता के उल्लंघन की निंदा करता है। उन्होंने कहा कि हम मुद्दों के बातचीत और कूटनीति के माध्यम से समाधान तथा तनाव को बढ़ने से रोकने का समर्थन करते हैं।

### पाक ने आरोपों को निराधार बताया

पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने कहा कि हम निराधार आरोप लगाने का विरोध करते हैं। उन्होंने यूएनएचआरसी अध्यक्ष से कहा कि कोई भी वक्ता संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और संप्रभु सदस्य देशों की क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन ना करे। इस समय नेउर के पास अपना भाषण पूरा करने के लिए चार सेकंड बचे थे। अपने भाषण के आखिर में नेउर ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला एक और देश है।

### पाक को टोकाटाकी पड़ी भारी

नेउर ने अपने भाषण में इजराइल की निंदा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र प्रमुख पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2011 में अमेरिका ने अल कायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान के अंदर मारा था तो तत्कालीन संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा था कि न्याय हो गया है। इस पर पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने उन्हें बीच में टोका। नेउर की ओर से बिन लादेन और पाकिस्तान के जिक्र पर वह नाराज दिखे।

## बॉम्बे हाईकोर्ट को मिली धमकी

बम निरोधक दस्ते और डॉक स्क्वॉड की ली मदद

# इमारत में होगा बम से विस्फोट तलाशी में कुछ भी नहीं मिला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिल्ली के बाद बॉम्बे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मौके पर बम निरोधक दस्ता पहुंचा। पूरे परिसर को खाली कराया गया। चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। हालांकि, कड़ी जांच में कुछ भी नहीं मिला। इससे पहले पुलिस ने बताया कि बॉम्बे हाईकोर्ट प्रशासन को शुक्रवार दोपहर बम की धमकी वाला एक ईमेल मिला, जिससे अफरा-तफरी मच गई और सुनवाई स्थगित करनी पड़ी।

ईमेल मिलने के बाद हाईकोर्ट परिसर को खाली करा लिया गया और तलाशी अभियान शुरू किया गया। एक अधिकारी ने बताया, 'धमकी भरा ईमेल बॉम्बे हाईकोर्ट के आधिकारिक ईमेल पते पर आया था, जिसमें इमारत में बम विस्फोट की चेतावनी दी गई थी।'

### परिसर खाली करवाया

*उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिसकर्मी हाईकोर्ट पहुंचे और एहतियात के तौर पर सभी न्यायाधीशों, वकीलों, कर्मचारियों और आगंतुकों को परिसर खाली करने को कहा गया। अधिकारी ने आगे कहा, 'मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के अनुसार इमारत को खाली करा लिया गया। बम निरोधक दस्ते (बीडीडीएस) और डॉग स्क्वॉड की मदद से तलाशी अभियान जारी है।' उन्होंने बताया कि हाल ही में शहर के कई प्रमुख प्रतिष्ठानों और स्कूलों को इसी तरह की बम धमकियां मिली हैं, लेकिन घबराने की कोई जरूरत नहीं है।*



### फर्जी कॉल था : मुंबई पुलिस

*मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये एक फर्जी कॉल है, लेकिन हम किसी भी प्रकार की धमकी भरा ईमेल या कॉल आता है तो उसे गंभीरता से लेकर प्रोटोकॉल के तहत कार्रवाई करते हैं। हमने बॉम्बे हाई कोर्ट के बाहर और अंदर जांच पड़ताल किया, लेकिन कुछ भी संदिग्ध अभी बरामद नहीं हुआ। लोगों से मेरी विनती है आप लोग घबराएं नहीं, चिंता मत करिए, मुंबई पुलिस हमेशा अलर्ट है और सभी के लिए मौजूद है।*

असम सीएम का गोगोई पर आरोप

# एसआईटी की रिपोर्ट में सामने आए कई तथ्य, कैबिनेट के समक्ष उठाएंगे मामला

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



असम के सीएम हिमंत बिस्व शर्मा ने कहा कि असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई और उनके परिवार के कथित पाकिस्तानी संबंधों की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट में गंभीर आरोप 'गहरी चिंता' का विषय हैं। उन्होंने कहा कि मैं इस मामले को कैबिनेट में उठाऊंगा और अपने साथी मंत्रियों के साथ इस पर चर्चा करूंगा। उदलगुड़ी में बीटीसी चुनाव प्रचार के दौरान सीएम ने यह बात कही।

शर्मा ने कहा कि वह बुधवार रात रिपोर्ट का एक हिस्सा देख चुके हैं और कांग्रेस सांसद और उनकी ब्रिटिश पत्नी के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। उन्होंने कहा, रिपोर्ट की सामग्री जल्द ही कानूनी प्रक्रिया के तहत सार्वजनिक की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 2 नक्सली मार गिराए

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। साथ ही मौके से 303 रायफल सहित अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद हुई हैं। 24 घंटे के भीतर छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को ये दूसरी बड़ी कामयाबी मिली है। गुरुवार को गरियाबंद जिले में 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया था। इस अभियान के दौरान सुबह सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ हुई।



### गुलफिशा, खालिद इमाम की सुनवाई टाली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उमर खालिद, शरजील इमाम और गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई टाल दी। तीनों पर 2020 के दिल्ली दंगों की कथित साजिश रचने का आरोप है। आरोपियों ने दिल्ली हाईकोर्ट के 2 सितंबर के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें नौ लोगों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी गई थीं। फरवरी 2020 में नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी के विरोध के दौरान भड़के दंगों में 53 लोगों की मौत हुई थी।



## हिमालच में भूस्खलन

# 586 सड़कें बंद, सांगला बस अड्डा क्षेत्र धंसा, मंडराया खतरा

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश के कई भागों में रुक-रुककर बारिश का दौर लगातार जारी है। राज्य में जगह-जगह भूस्खलन से शुक्रवार सुबह 10:00 बजे तीन नेशनल हाईवे सहित 586 सड़कें बंद रहीं। इसके अतिरिक्त 806 बिजली ट्रांसफार्मर व 364 जल आपूर्ति स्कीमें भी प्रभावित हैं।



### राज्य के कई भागों में मौसम खराब

राजधानी शिमला सहित आसपास भागों में आज भी मौसम खराब बना हुआ है। किन्नौर जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल सांगला बस अड्डे के नजदीक शुक्रवार को करीब 11:40 बजे भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र बस अड्डे के पास बहुत बड़ा हिस्सा धंस गया है। इससे यहां खाली पेटियों से भरा एक ट्रक हवा में लटक गया। अब सांगला-छितकुल संपर्क मार्ग पर भी खतरा मंडराया हुआ है। लगातार बारिश के चलते 2 सितंबर को यहां भूस्खलन हुआ था जिससे बस अड्डा खतरे में आ गया था।

## इटली में हुआ तटरक्षक बल का वैश्विक सम्मेलन

# भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री अपराधों का कड़ा मुकाबला करने पर दिया जोर, भूमिका बताई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तटरक्षक बल के चौथे दो दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन का शुक्रवार को रोम (इटली) में समापन हुआ है। इस शिखर सम्मेलन में 115 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जो तटरक्षक सहयोग के लिए प्रमुख वैश्विक मंच के रूप में इसकी महत्ता को दर्शाता है। भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि ने दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने अपने संबोधन में समुद्री सुरक्षा और संरक्षा में भारत की विशेषज्ञता और रचनात्मक भूमिका को रेखांकित किया। अगले सम्मेलन की दावेदारी जताई आईसीजी के महानिदेशक ने एक विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। उन्होंने समुद्री सुरक्षा और संरक्षा में भारत की विशेषज्ञता और रचनात्मक भूमिका को रेखांकित किया।



### सामूहिक एजेंडे को आकार दें

आईसीजी के कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया कि सुरक्षित, स्वच्छ और अधिक सुरक्षित समुद्रों के लिए सामूहिक एजेंडे को आकार देने में आईसीजी प्रमुख भागीदार के रूप में स्थापित करेगा। सम्मेलन समुद्री सुरक्षा और समुद्री पर्यावरण संरक्षण को साझा करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। सम्मेलन में उन्नत तकनीकों, मानव संसाधन विकास और प्रशिक्षण के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय समुद्री अपराधों का मुकाबला करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## यूएस टैरिफ पर सांसद थरूर बोले

# भारत को नुकसान, लोगों नौकरियां जा रहीं, ट्रंप 'असामान्य' राष्ट्रपति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की ओर से लगाए गए शुल्कों का भारत पर असर पड़ा है और लोगों की नौकरियां जा रही हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को यह बात कही। थरूर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि वे स्वभाव से अस्थिर हैं और कूटनीतिक व्यवहार के पारंपरिक मानकों का सम्मान नहीं कर रहे हैं।



### विनिर्माण और समुद्री खाद्य पर पड़ेगा असर

उन्होंने कहा कि सूरत में रत्न व आभूषण कारोबार, समुद्री खाद्य और विनिर्माण क्षेत्र में 1.35 लाख लोगों की नौकरियां चली गई हैं। समुद्री खाद्य और विनिर्माण क्षेत्र में भी नौकरियां जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि टैरिफ से भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान हो रहा है, मैं नहीं चाहता कि किसी को यह भ्रम हो कि हम इसे ऐसे ही खत्म कर देंगे। थरूर ने कहा कि ट्रंप बहुत ही चंचल व्यक्ति हैं और अमेरिकी प्रणाली राष्ट्रपति को बहुत अधिक छूट देती है।

## पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन कर लौट रहे थे आंध्र प्रदेश से गए श्रद्धालु

# तोड़फोड़ और लूटपाट की गई, कई पर्यटक घायल

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में भारतीय पर्यटकों की बस पर हमला किया गया। हमलावरों ने बस के शीशे तोड़ दिए। साथ ही यात्रियों से लूटपाट की। पर्यटक पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करके लौट रहे थे। हमले में कई पर्यटक घायल भी हुए हैं। सभी पर्यटक आंध्र प्रदेश से थे।

नेपाल में सोशल मीडिया बैन के खिलाफ चल रहे जेन जी के प्रदर्शन का सामना भारतीय पर्यटकों को भी करना पड़ा। आंध्र प्रदेश के श्रद्धालु पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करने काठमांडू गए थे। श्रद्धालु यूपी नंबर से पंजीकृत बस में सवार थे। बस ड्राइवर राज ने बताया कि जब बस भारत की ओर वापस लौट रही थी तो भीड़ ने हमला कर दिया।

**नेपाल में बस पर हमला किया**




### घायलों का इलाज जारी

*बस के एक कर्मचारी ने बताया कि हमलावरों ने पत्थरों से बस के सारे शीशे तोड़ दिए और सामान लूट लिया। बस क्षतिग्रस्त हालत में गुरुवार शाम को यूपी में महाराजगंज के पास सोनौली बॉर्डर पर पहुंची। हमले में सात से आठ यात्री घायल हो गए। नेपाली सेना के जवान मदद के लिए आए।*

### वॉलीबॉल टीम को सुरक्षित निकाला

नेपाल में भड़के हिंसक प्रदर्शन के बीच भारत की एक वॉलीबॉल टीम को काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने सुरक्षित निकाल लिया है। जानकारी के मुताबिक, दूतावास लगातार टीम से संपर्क में रहा और उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था की। अधिकांश टीम के सदस्य भारत लौट चुके हैं, जबकि शेष सदस्यों के वापस आने के लिए व्यवस्था की जा रही है। टीवी प्रेजेंटर और वॉलीबॉल लीग की होस्ट उपासना गिल ने सोशल मीडिया के जरिये एक आपातकालीन वीडियो बनाया था और भारतीय सरकार से उन्हें और टीम को बचाने की अपील की थी। उन्होंने बताया कि उनका होटल आग की चपेट में आ गया है और वह हिंसक भीड़ के हमले से बचकर भागी हैं।



### नेपाल हिंसा में अब तक 51 की मौत

नेपाल में चल रहे जेन-जी विरोध प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या 51 हो गई है, जिनमें से 30 की मौत गोलियों से हुई है। बाकी 21 की मौत जलने, जख्मों और अन्य चोटों के कारण हुई है। मृतकों में पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। विरोध प्रदर्शनों के दौरान 1,368 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। भारत की सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने अब तक अंजिला खातून नामक एक महिला सहित 67 कैदियों को पकड़ा है। वे हिमालयी राष्ट्र में चल रही अशांति के बीच नेपाल की जेलों से भागने के बाद भारत-नेपाल सीमा पर विभिन्न चौकियों के माध्यम से भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे।

### पूर्व राष्ट्रपति को 27 साल जेल की सजा

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को 27 साल और तीन महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। सुप्रीम कोर्ट के 5 में से 4 जजों ने उन्हें देश में तख्तापलट की कोशिश का दोषी माना। इसके बाद कोर्ट ने जेयर बोल्सोनारो को जेल की सजा सुनाई। बोल्सोनारो को पांच मामलों में दोषी पाया गया है, जिनमें तख्तापलट की साजिश रचने, लोकतांत्रिक कानून व्यवस्था को हिंसक रूप से खत्म करने का प्रयास, एक सशस्त्र आपराधिक संगठन में भागीदारी, गंभीर क्षति पहुंचाने और सूचीबद्ध विरासत स्थलों की दुर्दशा जैसे आरोप शामिल हैं।



## खबर संक्षेप



### दंडी स्वामी का आगमन आज

**जबलपुर।** श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीधाम गौरीघाट जबलपुर के संस्थापक एवं संचालक दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज का चातुर्मास वृतानुष्ठान समापन के उपरांत महाराज श्री का अपनी तीन दिवसीय यात्रा में अयोध्या पहुंचकर श्री रामलला मंदिर के दर्शन हेतु अयोध्या मंदिर में भगवान श्रीराम के दर्शन कर आज 13 सितंबर को प्रातः 6:00 बजे जबलपुर नगर आगमन हो रहा है । गुरुदेव महाराज ने अयोध्या मंदिर की व्यवस्था पर योगी सरकार की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उक्ताशय की जानकारी कालीधाम के मीडिया प्रभारी अनिल उसरेटे द्वारा दी गई।

### गजेन्द्र तिवारी विद्युत नियामक आयोग सदस्य नियुक्त

**जबलपुर।** राज्य शासन द्वारा गजेन्द्र तिवारी को मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोक का सदस्य नियुक्त किया गया है। श्री तिवारी वर्तमान में मध्यप्रदेश में विद्युत लोकपाल हैं।

### गिरने से आई चोट के कारण मौत

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत पावर हाउस कंचनपुर में घर पर गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पावर हाउस कंचनपुर निवासी 58 वर्षीय मुन्ना गोटिया गत 8 सितंबर को घर में गिर जाने के कारण परिजनों द्वारा मेडीकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान गत शाम 7.15 बजे मुन्ना गोटिया की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### कंपनी संचालक और क्रेन ऑपरेटर के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज

**जबलपुर।** ओमती थाना अतंर्गत सिविक सेंटर चौपाटी में 20 फुट की ऊंचाई से गिरे श्रमिक की मौत के मामलें में कंपनी संचालक व क्रेन ऑपरेटर के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक गत 18 अगस्त को राजीवनगर मोहरिया निवासी 26 वर्षीय सलमान खान की 20 फुट ऊंचाई से गिरने पर सिर पर आई चोट के कारण अस्पताल में मौत हो गई। मर्ग जांच के दौरान साक्षियों के कथन में यह बात सामने आई है कि आर.के. मार्केटिंग कम्पनी में सलमान फ्रेम बनाने का काम करता था जो घटना समय कम्पनी के फ्रेम हेतु क्रेन की बास्किट में चढा था।आर.के. मार्केटिंग के संचालक मुजाहिद्दीन उर्फ राहिल एवं क्रेन आपरेटर दीपक बघेल द्वारा बिना किसी सुरक्षा इंतजाम का उपयोग कर लापरवाही पूर्वक कार्य कराये जाने के कारण सलमान खान की उंचाई से गिरने के कारण मृत्यु हो गयी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 106 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# धरा पर भगवान का अवतरण भक्तों के कल्याण हेतु : सुरेंद्र शास्त्री

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूम उठे श्रद्धालु, पुरानी जगदम्बा कॉलोनी में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



**जबलपुर।** जन्माष्टमी का पर्व भक्ति और उल्लास का प्रतीक है। पुरानी जगदम्बा कॉलोनी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े भव्य और दिव्य उत्साह के साथ मनाया गया। कथा स्थल पर जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के प्रकट होने का प्रसंग आया, पूरा वातावरण नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। आकर्षक झांकी के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और भक्ति रस में डूबकर नृत्य करने लगे।

### हर युग में धर्म की पुनर्स्थापना

आचार्य सुरेंद्र शास्त्री ने व्यासपीठ से कथा का वाचन करते हुए शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान हर युग में धर्म की पुनर्स्थापना और भक्तों के कल्याण के लिए अवतरित होते हैं। अधर्म और पापियों का संहार करना तथा भक्तों की रक्षा करना ही श्रीकृष्ण के अवतरण का उद्देश्य है। शास्त्रीजी ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन यह संदेश देता है कि सत्य और धर्म की विजय निश्चित है, चाहे परिस्थितियां कैसी भी क्यों न हों।

### भजनों पर झूमे श्रद्धालु, पुष्पवर्षा से महका वातावरण

जन्मोत्सव के अवसर पर भजन गायक शिवा विश्वकर्मा ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। भक्ति गीतों पर भक्तगण झूम उठे। नृत्य करते हुए श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की गई, जिससे पूरा वातावरण दिव्यता और उल्लास से भर गया। भगवान श्रीकृष्ण की झांकी और भजनों ने श्रद्धालुओं को मानो द्वापर युग की झलक दिखा दी।

### भोग एवं प्रसाद वितरण

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर परंपरा अनुसार फल, गुड़ के लड्डू, हरीरा, मिठाई और माखन का भोग अर्पित किया गया। कथा के समापन पर मंगल आरती हुई और उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

### आस्था और उल्लास का संगम-

कथा पंडाल में हर तरफ भक्ति और आस्था का माहौल था। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, सत्य, सेवा और धर्म की स्थापना का संदेश भी लेकर आया। श्रद्धालुओं ने कहा कि इस तरह के आयोजन से न केवल आत्मिक शांति मिलती है, बल्कि भगवान की कृपा का अनुभव भी होता है।

### पूजन-अर्चन और श्रद्धालुओं की उपस्थिति-

वाय.के. शर्मा की स्मृति में आयोजित इस कथा में व्यासपीठ पूजन सरला शर्मा एवं रश्मि शर्मा द्वारा संपन्न किया गया। पंडित अमित उपाध्याय एवं संजय उपाध्याय ने विधिवत पूजा-अर्चना कराई। कार्यक्रम में शरद शर्मा, अभय शर्मा, प्रभव, शांतनु, शिवा विश्वकर्मा, शिवम, रिया, प्रिंसी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति भाव से कथा का श्रवण किया।



# "एक शाम बंसी वाले के नाम" सुर संध्या 14 को

**जबलपुर।** पंजाबी महासंघ जबलपुर द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 14 सितम्बर 2025 को "एक शाम बंसी वाले के नाम" भव्य सुर संध्या का आयोजन एम.एल.बी. ग्राउंड में किया जा रहा है। उक्त जानकारी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संस्था अध्यक्ष इन्द्रमोहन भाटिया ने दी। संस्था संरक्षक व नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने भी प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के विषय में जानकारी दी व बताया कि पिछले साल भी हेमंत वृजवासी (वृंदावन) अपनी प्रस्तुति देने जबलपुर आए थे और इस वर्ष भी उनकी प्रस्तुति की अत्याधिक मांग होने के कारण उन्हें पुनः संस्था द्वारा भजन प्रस्तुति के लिए बुलाया जा रहा है। कार्यक्रम प्रभारी कौशल सूरी ने बताया कि संस्कारधानी के भजन प्रेमियों की जबलपुर में कृष्ण भक्तों की बढ़ी संख्या को देखते हुए इस बार यह आयोजन एम.एल.बी. ग्राउंड से किया जा रहा है, जहां वाटर प्रूफ डोम आदि की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रेस वार्ता में जोगेश भाटिया, संजय चड्डा, राकेश बिग, नीरज भसीन, वरूण नैय्यर, किरण मल्होत्रा, सतीश वर्मा, नम्रता भाटिया, रूचि गुलाटी, मनोज नारंग, शैलेन्द्र कपूर आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने विधायक नीरज सिंह का जन्मदिन मनाया

**जबलपुर।** भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने विधायक नीरज सिंह का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया। भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जबलपुर ग्रामीण जिला संयोजक ठाकुर बाबू सिंह के द्वारा बरगी विधानसभा के विधायक नीरज सिंह का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में तिलवाराघाट नर्मदा जी तट पर बुजुर्ग माताओं को साड़ी एवं शॉल का वितरण कर मनाया गया, जिसमें भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक दीपक नाहर, महानगर सह संयोजक अनंत पांडे, निखिल ठाकुर एवं अन्य साथीगण मौजूद रहे।

# एपी नर्मदा विधि महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

## मि. फ्रेशर बने अर्नव डांगे एवं मिश फ्रेशर बनी अमीषा साहनी



**जबलपुर।** छात्र जीवन भर कुछ न कुछ सीखते है जिससे वे अपनी उत्तरोत्तर प्रगति कर सकें। विधि का क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है जहां छात्र कानूनी जानकारियों को अर्जित कर जहां एक ओर अपनी जीविका का साधन बनाता है वहीं कानून की मदद से पीडित जनों को न्याय दिलाने का भी प्रयास करता है। इसलिये हम सभी पूरी तन्मयता से सिखाये गये नियमो को आत्मसात करें और अपने व्यवसाय के प्रति पूरी ईमानदारी से पीडित जनों को न्याय दिलाने का प्रयास करें। उक्त आशय के उद्गार ए.पी.एन एजुकेशनल इंस्टीटयूशन्स के चेयरमेन श्री चमन श्रीवास्तव ने एपीएन विधि महाविद्यालय के नवीन छात्रों की फ्रेशर पार्टी के अवसर पर उपस्थित होकर व्यक्त किये। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सी.बी.एस.ई प्राचार्या श्रीमती स्नेह चर्तुवेदी, एम.पी.स्टेट बोर्ड प्राचार्य श्री अजय वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ए.पी.एन एजुकेशनल इंस्टीटयूशन्स के चेयरमेन श्री चमन श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिह, विधि विभागाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका श्रीवास्तव, ए.पी.एन एजुकेशनल इंस्टीटयूशन्स के डायरेक्टर श्री सिद्धेश्वर श्रीवास्तव मयंक उपस्थिती प्रमुख रही। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा किया गया।

इस अवसर पर समस्त नवीन छात्रों ने अपना परिचय महाविद्यालय परिवार एवं अन्य छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किया। तत्पश्चात अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई जिसमें नृत्य गीत संगीत लतीफे आदि ने सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रतिभाशाली छात्रों को विभिन्न उपाधियो से नवाजा गया। जिसमें मिस्टर फ्रेशर अर्णव डांगे, मिस फ्रेशर के रूप में अमीषा साहनी, बेस्ट परफार्मेंस मे स्वर्णिमा सिंह एवं अदित्रि नेमा व बेस्ट अटायर के रूप में मोहम्मद आनस खान को पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विधि महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

# एनसीईआरटी विद्या प्रवेश सर्वे कार्य हुआ सम्पन्न




**जबलपुर।** शासकीय माध्यमिक शाला पश्चिमी करियापाथर के प्रभारी रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि एकीकृत माध्यमिक शाला पश्चिमी कारिया पाथर में विद्या प्रवेशी सर्वे कार्य 2025/26 हेतु एनसीईआरटी नई दिल्ली से देवकीनंदन शर्मा प्रोफेसर नई दिल्ली, साथ ही जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए कृष्णा रत्नाकर डीआरजी, एफएलएन तथा विनीता पैगवार, डीआरजी एफएलएन का शाला में विद्या प्रवेश सर्वे हेतु आगमन हुआ। शाला परिवार ने प्रभारी रॉबर्ट मार्टिन के नेतृत्व में पुष्पगुच्छ भेंट कर सर्वे अधिकारियों का स्वागत किया। तत्पश्चात प्रतिनिधि टीम ने कक्षा एक में रखे सभी टीएलएम का निरीक्षण किया और शाला की कक्षा शिक्षक राधा सोनकर एवं फरजाना बानो ने छात्रों को अत्यधिक सुव्यवस्थित ढंग से बैठाया, तत्पश्चात सर्वे कार्य आरंभ हुआ। नियमानुसार सहर्ष सर्वे कार्य सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शालेय परिवार से रॉबर्ट मार्टिन, हरिश्चंद्र वर्मा, मोनिका सोनी, पद्मा मालवीय, रामशंकर श्रृंगी, मंजुलता सोनी, अमिता केसरवानी, पूजा सोनकर, शबनम कुरेशी, वंदना विश्वकर्मा, सीमा तिवारी, रिक्ता जेकब, राधा सोनकर, फरजाना बानो, रश्मि गुप्ता आदि सभी उपस्थित रहे।



# सुखसागर मेडिकल कॉलेज में आईएसए का 39वाँ वार्षिक सम्मेलन आयोजित

## सेगमेंटल स्पाइनल एनेस्थीसिया पर कार्यशाला संपन्न

**जबलपुर।** सुखसागर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल (एस.एस.एम.सी.एच), जबलपुर में भारतीय एनेस्थीसियोलोजिस्ट सोसायटी (आईएसए) मध्यप्रदेश राज्य शाखा का 35वाँ वार्षिक सम्मेलन अयोजित हुआ। इस अवसर पर "सेगमेंटल स्पाइनलएनेस्थीसिया" विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनेस्थीसियोलॉजी विभाग, एसएसएमसीएच द्वारा अईएसए जबलपुर शाखा एवं न्यूरैक्सियल एनेस्थीसिया डेवलपमेंट सोसायटी (NADS) के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर एम.डी. एनेस्थीसिया के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉ. तरुण वाघेला एवं डॉ. नरेश पालीवाल (इंटरनेशनल फैकल्टी) ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में 65 डेलीगेट्स ने भाग लिया और 10 रुर्जरी एनएमसी (NMC) दिशा निर्देशों के अनुसार सफलतापूर्वक संपन्न की गई। सम्मेलन का उद्देश्य एनेस्थीसिया के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों, शोध और अनुभवों को साझा करना एवं चिकित्सकों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. देवेश कुमार गुप्ता, डॉ. विशाखा कालिया, डॉ. शरद चंद्रिका मिश्रा, डॉ. पायस्वीनी शर्मा, डॉ. वृंदा सरकार एवं डॉ. अर्चना ने विशेष योगदान दिया।

# प्रवचनकर्ता अजीत सिंह की संदिग्ध मौत

**-माढ़ोताल थाना क्षेत्र की घटना, बेटे पर उठे सवाल, टीआई नीलेश दोहरे देर रात तक छुपाते रहे मामला, एएसपी आयुष गुप्ता ने सम्भाला मोर्चा**

**जबलपुर।** सिख संगत में प्रवचन देकर समाज में धार्मिक चेतना जगाने वाले 55 वर्षीय अजीत सिंह (पिता गुरु सिंह), निवासी शंकर श्रीवास्तव आईटीआई चुंगी चौकी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने पूरे शहर को हिला दिया है। बताया जा रहा है कि अजीत सिंह अपने बेटे अमरजीत सिंह के साथ रहते थे। घटना से पहले अमरजीत ने उन्हें घर के भीतर बंद किया और स्वयं बाहर चला गया था। इसके बाद अजीत सिंह मृत अवस्था में पाए गए।

**धार्मिक समाज में शोक की लहर-** अजीत सिंह का समाज में गहरा धार्मिक जुड़ाव था। वे लंबे समय से सिख संगत में प्रवचन देकर लोगों को धर्मपथ की प्रेरणा देते थे। उनकी अचानक मौत से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। लोग इसे समाज की बड़ी क्षति मान रहे हैं।

**पुलिस की देरी से बढ़ा संदेह-** सूत्रों के अनुसार घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई थी, मगर टीआई नीलेश दोहरे ने देर रात तक मामले को दबाए रखा और आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की। पुलिस की इस देरी ने लोगों के बीच संदेह और गहरा कर दिया।

**नवागत एएसपी ने संभाला मोर्चा-** मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी आयुष गुप्ता स्वयं मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। गौरतलब है कि आयुष गुप्ता ने हाल ही में एएसपी सिटी आनंद कलादगी की जगह कार्यभार संभाला है। उन्होंने मोर्चा संभालते हुए स्पष्ट किया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# राष्ट्रीय शताब्दी यात्रा का जबलपुर आगमन 15 को

**जबलपुर।** आक्रांताओं के जुल्म से सनातन संस्कृति, गौ, गरीब व हिन्दू धर्म की रक्षार्थ अपने प्राणों का महान बलिदान देने वाले सिक्ख धर्म के नवमें गुरु श्री गुरु तेगबहादुर साहिब का 350वां शताब्दी शहीदी दिवस समारोह आगामी 25 नवम्बर को देश ही नहीं पूरी दुनिया में बड़े गर्व से मनाया जाएगा। इसी संबंध में गोहाटी (असम) से एक राष्ट्रीय शताब्दी यात्रा (नगर कीर्तन जुलूस) प्रारंभ हुई है जो कि देश के 13 राज्यों का भ्रमण कर पंजाब में समाप्त होगी। प्रसन्नता का विषय है कि यह यात्रा भोपाल से चलकर 15 सितम्बर को जबलपुर पहुंच रही है, जिसे लेकर सिक्ख समाज में उमंग और उत्साह बना हुआ है।

# प्लास्टिक उपयोग में कमी जैसे विषयों पर किए गए कार्यों की दी विस्तृत जानकारी



**जबलपुर।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे प्रोजेक्ट CLAP (क्लाइमेट लीडर एक्शन प्लान) के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता और व्यवहार परिवर्तन की दिशा में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जिला संघ, जबलपुर द्वारा किए जा रहे कार्यों का यूनिसेफ मध्यप्रदेश से सोशल बिहेवियर चेंज ऑफिसर मोनिका मौर्य ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिले की विभिन्न यूनिट्स ने जलवायु संरक्षण को लेकर अपने नवाचारपूर्ण प्रयास प्रस्तुत किए। इनमें यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल अधारताल, आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 2 सदर तथा WSEC स्कूल रेलवे के स्काउट्स एवं गाइड्स यूनिट लीडर्स ने वृक्षारोपण और प्लास्टिक उपयोग में कमी जैसे विषयों पर किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। यूनिसेफ अधिकारी ने इन प्रस्तुतियों को अत्यंत प्रभावी और प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, संरक्षक अजय तिवारी, डिस्ट्रिक्ट चीफ कमिश्नर स्काउट डॉ. विजयकांत तिवारी, जिला संघ उपाध्यक्ष सोनल तिवारी, जिला सचिव व्ही.के. झारिया, संयुक्त सचिव अमिता चौधरी, पूर्व सचिव देवेंद्र कुमार भट्ट, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर राहुल राजपूत, गाइड कैप्टेन सुश्री किरण येवले एवं स्काउट मास्टर अंकित दाहिया, लुकस जुम्मन, शुभम ठाकुर, रेंजर आयुषी राठौर सहित स्काउट्स एंड गाइड्स उपस्थित रहे।

# गौतम डेयरी का मल-मूत्र गौर नदी में किया जा रहा विसर्जित

## कांग्रेस ने कलेक्टर से लगाई कार्यवाही की गुहार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि ग्राम पंचायत सालीवाड़ा के अंतर्गत गौर नदी किनारे स्थित मंगलेश्वर प्रसाद गौतम जो कि पूर्व में सालीवाड़ा के पशु चिकित्सा अधिकारी रहे एवं रिटायर हो चुके हैं, उनके द्वारा गौर नदी के किनारे भैंसों की अवैध डेयरी संचालित की जा रही है, जिसका सारा गोबर नदी में बहाया जा रहा है, अभी हाल ही में सात दिन पूर्व एक भैंस की मौत करंट लगने से हो गई थी, जिसकी लाश भी गौर नदी में बहा दी गई। गौतम डेयरी में 200 से अधिक भैंसें हैं जिनका दूध बढ़ाने भैंसों को इंजेक्शन लगाये जाते हैं, जिसका विपरीत असर दूध लेने वालों पर पड़ रहा है, वहीं डेयरी से लगी कान्हा कालोनी है जिससे लगे आसपास के क्षेत्रों में गंदगी बजबजा रही है। बताया गया गौर नदी का पानी केंट में सप्लाई किया जाता है, जो फिल्टर होने के बावजूद गंध मारता है। अतः कलेक्टर से अनुरोध है कि डेयरी संचालक द्वारा नदी को प्रदूषित करने और गंदगी फैलाने का अनुचित कार्य बंद कराया जाए। यदि प्रशासन कार्यवाही करने में हीलाहवाली करेगा तो कांग्रेस पार्टी धरना प्रदर्शन करने बाध्य होगी।

# बिगड़ती यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** शहर के मुख्य मार्गों चौराहों पर अव्यवस्थित यातायात को लेकर मध्य भारत मोर्चा ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगर के मुख्य चौराहों पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की गई। मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव ने कहा कि नगर के कई मुख्य चौराहों- रसल चौक, रानीताल, दमोहनाका, आईटीआई, चुंगीनाका जैसे मार्गों पर गाड़ियां व ऑटो खड़े होने की वजह से आवागमन अवरुद्ध हो रहा है, रसल चौक पर हॉस्पिटल के समीप एम्बुलेंस वाले, तो रानीताल और दमोहनाका में ऑटो वाले, माढ़ोताल आईटीआई चुंगीनाका और अन्य चौराहों पर गाड़ी, ठेलों की वजह से यातायात अवरुद्ध हो रहा है, जिससे राहगीरों को आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मोर्चा सदस्यों ने ज्ञापन सौंपकर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की ताकि राहगीरों के लिए मार्ग सुगम हो सके। इस दौरान मध्य भारत मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव, दिलीप विश्वकर्मा, अफजल, राजा बाबा, निहाल यादव, जानू शर्मा, एजाज, सोनू साहू, सौरभ मिश्रा, लक्की सोनी, शिवम राय, सोहिल, राम चौरसिया, विवेक, शिवम अहिरवार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS FATEMA I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS FATEMA HUSSAIN W/O SHABBIR HUSSAIN RESIDENT OF H.NO. 61-62, SARAFA WARD, KOTWALI, BOHRA GALI, WARD 38, PT MOTI LAL NEHRU WARD, JABALPUR (M. P.) 482002.

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. 6390351X RANK EX-HAV NAME LAXMAN DAS MALI S/O RAM NEHOR MALI UNIT MEG BANGALORE R/O 143, STAR DREAM CITY, SAMADHI ROAD, PADARIYA, T.F.R.I. NEAR GAUR, JABALPUR (MP)-482021 AADHAR CARD No. 7419 4228 4567 I, have changed name of my Wife from RUKHMANI (Name as per my Army service records) to RUKHMANI MALI (name as per my Wife, AADHAR CARD, PAN CARD AND OTHER DOCUMENTS) vide affidavit dated 12/09/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary Jabalpur (MP)
CORRECT NAME-RUKHMANI MALI
INCORRECT NAME-RUKHMANI

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. 2682001W RANK EX-NK NAME OM NATH SINGH CHAUHAN S/O JAGANNAT SINGH R/O 1218/89-1, B, NARMADA NAGAR, GWARIGHAT ROAD, SHANKAR SHAH NAGAR, JABALPUR AADHAR CARD No. 6532 6642 5350 I, have changed name of my DAUGHTER from DIVYA SINGH (Name as per my Army service records) to DIVYA SINGH CHAUHAN (name as per my DAUGHTER, AADHAR CARD, PAN CARD AND OTHER EDUCATIONAL DOCUMENTS) vide affidavit dated 12/09/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary Jabalpur (MP)
CORRECT NAME
DIVYA SINGH CHAUHAN
INCORRECT NAME
DIVYA SINGH

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी**
**अनुभाग अधारताल जिला जबलपुर**
**राजस्व प्रकरण क्रमांक 0025/ अपील/ 25-26**

श्री रामायण प्रसाद ठाकुर पिता स्व. श्री रामचीज ठाकुर निवासी म.नं. 1057 इंदिरा गांधी वार्ड आनंदकुंज के पास एसबीआई कालोनी के पीछे गढ़ा पुरवा जबलपुर .........आवेदक

विरुद्ध

श्री कृष्ण कुमार पटेल पिता कुंवरलाल पटेल निवासी न्यू शास्त्री जेडीए कालोनी नगर गढ़ा जबलपुर .....अनावेदक

**सूचना एवं प्रकाशन**

एतद द्वारा प्रतिअपीलार्थीगणों एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री रामायण प्रसाद ठाकुर पिता स्व. श्री रामचीज ठाकुर निवासी म.नं. 1057 इंदिरा गांधी वार्ड आनंदकुंज के पास एस.बी.आई. कालोनी के पीछे गढ़ा पुरवा जबलपुर द्वारा न्यायालय तहसीलदार अधारताल के रा.प्र.क्र. 1539/अ-6/2025-26 में पारित आदेश दिनांक 22.07.25 से परिवेदित होकर अपील म.प्र.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 के तहत प्रस्तुत की है। प्रतिअपीलार्थीगणों एवं वादग्रस्त भूमि मौजा रैगवा तहसील अधारताल पटवारी हल्का रैगवा स्थित खसरा नं. 173/1 रकबा 0.5140 हे. भूमि पर हित रखने वालों को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 26.09.2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष एवं दावे आपत्तियां लिखित में पेश करें। नियत तिथि के उपरांत कोई भी दावा एवं आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा प्रकरण में अंतिम कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। आज दिनांक 11.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग अधारताल
जिला जबलपुर